# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, शनिवार 10 जनवरी 2026


प्रदूषण को लेकर सरकार ने उठाया बड़ा कदम

## ब्रिटेन के बाद अब भारत में स्थापित हुई लैबोरेटरी

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अभी तक विदेशों पर निर्भर रहा देश अब प्रदूषण मापने के यंत्रों और उपकरणों का उत्पादन खुद करेगा और इन्हें सर्टिफाई भी करेगा। इससे पर्यावरण को बेहतर तरीके से संभालने के साथ ही विदेशी सर्टिफिकेशन सिस्टम पर निर्भरता भी खत्म हो जाएगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर



अमेरिका के झूठ पर बड़ा खुलासा

◆ *अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भारत का करारा जवाब*

पीएम मोदी ने 2025 में एकाध बार नहीं, कुल 8 बार की है राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत

# भारत की ऊर्जा नीति किसी के दबाव में नहीं बदलेगी, बाजारों पर हमारी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी वाणिज्य सचिव की टिप्पणियों पर भारत ने बड़ा बयान दिया है। भारत ने कहा कि हमने ये टिप्पणियां देखी हैं। भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी को ही अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है। कई मौकों पर हम समझौते के बेहद करीब पहुंचे। खबरों में इन चर्चाओं का जो वर्णन किया गया है, वह सटीक नहीं है।

हम दो पूरक अर्थव्यवस्थाओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते में रुचि रखते हैं और इसे पूरा करने के लिए तत्पर हैं। संयोगवश, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2025 के दौरान 8 बार फोन पर भी बात की है, जिसमें हमारी व्यापक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने व्यापार समझौते के लिए फिलहाल ट्रंप को फोन नहीं किया था। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग- ▶▶ शेष पेज 4 पर

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है

**अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार समझौता इसलिए नहीं हो पाया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

» **कई मौकों पर हम समझौते के बेहद करीब पहुंचे**

» **एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर**

### नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच बातचीत जारी


*इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका से सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया बातचीत के दौरान कहा था कि नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच में बातचीत जारी है। दोनों सरकारें संतुलित, अच्छे और आपसी फायदेमंद व्यापार समझौते के नजरिए से बातचीत कर रही है। वहीं, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भी पहले कहा था कि भारत आपसी टैरिफ कम करने के उद्देश्य से अमेरिका के साथ एक शुरुआती फ्रेमवर्क डील को अंतिम रूप देने के बहुत करीब है।*

### बिल का नाम सैंक्शनिंग ऑफ रशिया एक्ट 2025

*अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल को हरी झंडी दे दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर रूसी तेल खरीदने पर रोक लगेगी। इस बिल का नाम सैंक्शनिंग ऑफ रशिया एक्ट 2025 है। इसके कई प्रावधानों में से एक यह भी है कि जो देश जानबूझकर रूस से यूरेनियम और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं, उनपर अमेरिका में 500% टैरिफ लगाया जा सकता है।*

ट्रंप की टैरिफ धमकी से 5 दिन में सेंसेक्स 2200 अंक गिरा

## निवेशकों के 13 लाख करोड़ डूबे



सोमवार से लेकर शुक्रवार तक पूरा सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए बुरा वक्त रहा। पिछले 5 दिनों के दौरान सेंसेक्स में करीब 2200 अंकों की गिरावट आई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 604 अंक टूटकर 83,576 और निफ्टी 193 अंक गिरकर 25683 लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक में भी 435 अंकों की गिरावट आई। पिछले पांच कारोबारी दिनों के दौरान सेंसेक्स में 2186 अंकों की बड़ी गिरावट आई है। वहीं एनएसई निफ्टी में 2.5 फीसदी की गिरावट रही। बीएसई के मार्केट कैप के आधार पर मापी गई निवेशक संपत्ति पिछले सत्र के 472.25 लाख करोड़ रुपए से घटकर 467.87 लाख करोड़ रुपए रह गई, जिसमें 4.38 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई है। इस तरह से पिछले 5 सत्रों में यह आंकड़ा 13.37 लाख करोड़ रुपए कम हुआ है।

# हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा, वह विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर रही है?

> *विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'*

सार्थक संवाद



### यह भी बोले सिंघार

- *हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया*
- *भाजपा धर्म के नाम पर चुनाव जीत रही है न कि विकास के नाम पर*
- *इंदौर में महापौर ने ढाई साल तक शुद्ध जल की क्यों फाइल रोककर रखी?*
- *सिर्फ लाड़ली बहनाओं को पैसे देने से हर योजना नहीं चल सकती*
- *मैं और जीतू पटवारी की जोड़ी जय-वीरू की जोड़ी है। इस जोड़ी में जय मैं हूं। मरना मुझे है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि हर तीन चार माह में स्वयं का मूल्यांकन करता हूं। बतौर नेता प्रतिपक्ष हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा है। सरकार विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर रही है? विधानसभा की बैठकें कम हो रही हैं। जनता के हजार सवाल हैं लेकिन सरकार निरुत्तर रहती है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था से सरकार को दो साल की बधाई। जनता के सवालों के जवाब नहीं दे पाने पर यह सरकार बधाई की पात्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है जो सरकार को जगाकर बताती है कि आपके यह काम अच्छे हैं या ये अच्छे नहीं हैं। हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। उनसे 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद।

### उनसे पूरी बातचीत

**प्रश्नः वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्व होने पर आप क्या सरकार को बधाई देंगे?**

**उत्तरः** संवैधानिक व्यवस्था से सरकार को दो साल की बधाई। जनता के सवालों के जवाब नहीं दे पाने पर यह सरकार बधाई की पात्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है जो सरकार को जगाकर बताती है कि आपके यह काम अच्छे हैं या ये अच्छे नहीं हैं। हम सरकार को सुझाव भी देते हैं लेकिन सरकार ने इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त कर दिया है।

**प्रश्नः सरकार के दो साल के कार्यकाल पर आपका क्या आंकलन है?**

**उत्तरः** भाजपा पूरे देश में संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करने में जुटी हुई है। लोकायुक्त में बिना विपक्ष के नियुक्ति करना। मानवाधिकार आयोग में सरकार अपने लोगों को बैठाना चाहती है। निरंकुश और लोकतंत्र से दूर जाकर भाजपा इस तरह का काम कर रही है। नई व्यवस्था बनाई जा रही है। सदन में हमने कई मुद्दे उठाए पानी को लेकर, खेती किसानी को लेकर लेकिन सरकार झूठे आंकड़े प्रस्तुत करती है। कृषि मंत्री विधानसभा में कहते हैं सबको खाद मिल रही है किसान से पूछो तो वह बताता है उसे खाद नहीं मिल रही। किसानों को 10-12 घंटे बिजली नहीं मिल रही। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। सरकार के पोर्टल पर 22 लाख युवा बेरोजगार हैं।

**प्रश्नः भाजपा सरकार खराब तो उसे वोट इतने क्यों मिल रहे?**

**उत्तरः** पूरे देश में धर्म का नशा चढ़ा हुआ है। भाजपा धर्म के नाम पर चुनाव जीत रही है न कि विकास के नाम पर। विकास के नाम पर यदि चुनाव हो जाएं तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भाजपा विपक्ष में बैठी रहेगी।

**प्रश्नः 2003 के चुनाव में जब दिग्विजय सिंह सत्ता से हटे थे तो वह चुनाव क्या धर्म के नाम पर था?**

**उत्तरः** वक्त के साथ बहुत सी चीजें बदलती हैं। लेकिन भागीरथपुरा सहित इंदौर में कई जगहों पर दूषित पानी का वितरण हो रहा है। वाटर ऑडिट नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा।

**प्रश्नः आप भागीरथपुरा की घटना के 10 दिन बाद वहां क्यों पहुंचे?**

**उत्तरः** ऐसा नहीं है, मेरे जाने से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से लेकर कांग्रेस के पार्षद और कार्यकर्ता वहां पहुंचे। हमें वहां पहुंचने से रोका गया। पीड़ितों की आवाज बनने से रोका गया। एक घंटा मुझे भी लोगों से मिलने नहीं दिया गया। हमें भी बहस करनी पड़ी। सरकार आंकड़ें क्यों छिपा रही है? इंदौरवासियों को सुविधाएं मिले इस पर बात होनी चाहिए।

**प्रश्नः कांग्रेस ने संवेदना देने के अलावा क्या रोडमैप दिया?**

**उत्तरः** तत्काल हमने कमेटी बनाई। उसने दौरा किया। संवेदनाओं के साथ हम जो हुआ उस अन्याय की बात कर रहे हैं। लोगों के संवैधानिक अधिकारों की बात कर रहे हैं। महापौर ने ढाई साल तक शुद्ध जल की क्यों फाइल रोककर रखी?

**प्रश्नः आप किसे जिम्मेदार समझ रहे हैं?**

**उत्तरः** मामला कोर्ट में है इसलिए अब कोर्ट तय करेगा। महापौर, कमिश्नर पर जवाबदारी बनती है। सरकार ने पुलिस ने अभी तक केस क्यों नहीं दर्ज किया? इसलिए हमको कोर्ट जाना पड़ा।

**प्रश्नः नेता प्रतिपक्ष के दायित्व को 2 साल बाद कैसे देखते हैं?**

**उत्तरः** हर तीन चार माह में स्वयं का मूल्यांकन करता हूं। बतौर नेता प्रतिपक्ष हमने हर मुद्दे पर सरकार को घेरा है। सरकार विधानसभा की कार्यवाही को लाइव दिखाने से क्यों डर ▶▶ शेष पेज 4 पर






इंदौर में ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार

# पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी सहित 3 लोगों की मौत, 1 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के तेजाजी नगर में शुक्रवार सुबह सवा 5 बजे एक तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर सहित तीन की मौत हो गई। कार सवार एक युवती घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तेजाजी नगर के रालामंडल में दुर्घटना उस समय हुई जब कार ▶▶ शेष पेज 4 पर

- तेजाजी नगर के रालामंडल क्षेत्र में हुआ हादसा

*युवक-युवतियां पार्टी मनाकर कार से लौट रहे थे*



मानसंधु



प्रखर



प्रेरणा



हादसे के बाद कार क्षतिग्रस्त हालत में



बाला बच्चन अस्पताल के बाहर

### प्रखर चला रहा था कार

प्रखर का जन्मदिन था। सभी कोको फार्म में बर्थडे पार्टी मनाकर इंदौर लौट रहे थे। कार प्रखर चला रहा था। नशे में होने के कारण कार अनकंट्रोल होकर ट्रक में जा घुसी।

### सीएम बोले- दुख की घड़ी में बाला बच्चन के साथ हूं

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे विधानसभा के साथी की बेटी का निधन हुआ है। इसका मुझे बेहद दुख है। बेटी हमारे बीच रही है। इस मुश्किल घड़ी में मैं उनके साथ हूं।

ग्वालियर, दतिया और सतना में घना कोहरा, खजुराहो में शीतलहर

छतरपुर, निवाड़ी, पन्ना टीकमगढ़ में आज भी रहेगी कड़ाके की सर्दी

# खजुराहो में रात का पारा 3.2 सात शहरों में दिन भी रहे ठंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात छतरपुर जिले का खजुराहो प्रदेश में सबसे ठंडा दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। दतिया में पारा 3.9 डिग्री, शिवपुरी में 4 डिग्री और राजगढ़ में 5 डिग्री रिकॉर्ड किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

» *दतिया में पारा 3.9 डिग्री, शिवपुरी में 4 डिग्री और राजगढ़ में 5 डिग्री*



रीवा में ठंड से बचने अलाव का सहारा

### पहाड़ी इलाकों से बर्फीली हवाएं आ रहीं

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पहाड़ी इलाकों से बर्फीली हवाएं आ रही हैं, जिसकी वजह से प्रदेश में पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कड़ाके की सर्दी का असर बना हुआ है। बीती रात पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री, मंडला में 5.9 डिग्री, रीवा में 6 डिग्री, उमरिया में 6.4 डिग्री, सीधी व टीकमगढ़ में 6.8 और भोपाल में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंची थीं आयुक्त, सभी विभागों की बैठक व्यवस्था तय करने के निर्देश

# नए भवन में पहली बैठक, निगम आयुक्त ने नए मुख्यालय भवन में अपर आयुक्तों, विभागाध्यक्षों सहित अधिकारियों की बैठक ली

नए मुख्यालय भवन का अभी औपचारिक रूप से उद्घाटन नहीं हुआ है

विभागों की बैठक व्यवस्था समुचित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के नए मुख्यालय भवन का अभी भले ही उद्घाटन न हुआ हो, लेकिन शुक्रवार को मीटिंग हाल में निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मीटिंग हाल में पहली बैठक कर तैयारियों को लेकर चर्चा की। दरअसल वे भवन में चल रहे फर्नीचर, कंप्यूटर व्यवस्था, पार्किंग, आगंतुकों के लिए व्यवस्था आदि का निरीक्षण करने पहुंची थीं। उन्होंने नए भवन में बैठक व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक मंजिल पर विभागों की बैठक व्यवस्था समुचित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर आयुक्तों एवं विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग से संबंधित बैठक व्यवस्था को कार्य संचालन की दृष्टि से बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आम लोगों की सुविधा के दृष्टिगत मुख्यालय भवन के भूतल पर लोकसेवा केन्द्र तथा नागरिकों से जुड़ी सेवाओं के बेहतर संचालन हेतु बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


नए भवन में निगम आयुक्त ने विभागाध्यक्षों और अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने अपर आयुक्तों एवं विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यालयीन स्टॉफ के अनुसार बैठक व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से करने तथा बेहतर कार्य संचालन के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ट शर्मा, वरुण अवस्थी, हर्षित तिवारी, गुणवंत सेवतकर, उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, दिनेश सिंह, चंचलेश गिरहारे, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग एवं विभागाध्यक्ष सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सोलर ऑवर में मिल रहा 20 प्रतिशत छूट का लाभ

# भोपाल ग्रामीण के 12,785 उपभोक्ताओं को दिसंबर माह में 15 लाख 76 हजार की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 04 लाख 29 हजार 935 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए दिसंबर 2025 में कुल 2 करोड़ 71 लाख 72 हजार की रियायत प्रदान की गई है, जिसमें भोपाल ग्रामीण वृत्त के 12 हजार 785 उपभोक्ताओं को 15 लाख 76 हजार रुपए की दिन के टैरिफ में छूट मिली है। कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह दिसंबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है। दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है।

कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है।

**स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करें उपभोक्ता**

कंपनी ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें और स्मार्ट मीटर लगवाने से न घबराएं। स्मार्ट मीटर उनके लिए हर तरह से फायदेमंद है और स्मार्ट मीटर की सटीक रीडिंग और बिलिंग के साथ ही कार्यप्रणाली में भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है।

## खबर संक्षेप

### स्कूली और उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करें आयुर्वेदः डॉ. पांडेय

**भोपाल।** आयुष मंत्रालय से मध्य प्रदेश समेत देशभर में संचालित स्कूल व उच्चशिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रम में आयुर्वेद को शामिल करने की मांग आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय ने की। डॉ. पांडेय ने आयुष मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश , उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही कुछ हद तक भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षीय ढ़ांचे में शामिल करने के प्रयास में सफल रहे हैं, परंतु केंद्र सरकार पूरी तरह से शीघ्र ही कदम उठावे ताकि पूरे देशभर में एकसमान आयुर्वेद का पाठ्यक्रम शामिल हो सके। आयुर्वेद पाठ्यक्रम जुड़ने से नवीन पीढ़ी को भारतीय चिकित्सा ज्ञान परंपरा का ज्ञान हो सकेगा।

### नरेला के मतदान केंद्र से गायब बीएलओ को किया सस्पेंड

**भोपाल।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत 23 दिसंबर को जारी हुए ड्राफ्ट रोल के साथ ही बीएलओ को अपने मतदान केंद्रों पर बैठकर नए फार्म और संशोधन के आवेदन लेना है। नरेला विधानसभा के पोलिंग बूथ नंबर 337 के बीएलओ सुधीर शर्मा के बूथ से गायब रहने के बाद शुक्रवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने स्थाईकर्मी राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को सस्पेंड कर दिया है। जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विस में 2289 मतदान केंद्रों पर फार्म-6 से नए नाम जोड़ना और फार्म-8 में नाम और पता संशोधन के आवेदन लिए जा रहे हैं। ऐसे में मतदान केंद्र से लगातार गायब रहने पर बीएलओ को सस्पेंड कर दिया गया है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने किया डीएलएड का परिणाम जारी

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डी.एल.एड. प्रथम/द्वितीय वर्ष परीक्षा 2025 (द्वितीय अवसर) के परिणाम घोषित कर दिए है। यह परिणाम शुक्रवार को जारी किए गए हैं। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल में विषय त्रुटि में सुधार का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र ने शिक्षा सत्र 2025-26 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रविष्टि में दर्ज विषयों की त्रुटि सुधार को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। मंडल द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रति विषय 500 रुपए शुल्क के साथ विषय त्रुटि सुधार की ऑनलाइन सुविधा की अंतिम तिथि 21 दिसम्बर 2025 रखी गई थी। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए मंडल ने इस सुविधा को पुनः बढ़ाते हुए अब 10 जनवरी 2026 तक कर दिया है।
माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के पश्चात परीक्षा केन्द्र अथवा मंडल स्तर पर किसी भी प्रकार के विषय संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेष सभी नियम एवं निर्देश पूर्ववत लागू रहेंगे।

### वंदे भारत, शताब्दी और राजधानी एक्सप्रेस पिछले 10 दिनों से लगातार आ रहीं घंटों लेट

# कोहरे के कारण 11 घंटे देरी से आई केरल एक्स. लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें 6 घंटे तक लेट पहुंची


भोपाल रेलवे स्टेशन में यात्रियों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आती नहीं दिखाई दे रही है। शुक्रवार को भी ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला जारी रहा। भोपाल आने वाली अधिकांश लंबी रूट की ट्रेनें 6 घंटे तक की देरी से भोपाल पहुंची। इसमें जहां प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें पिछले दस दिनों से लगातार देरी से आ रही है। शुक्रवार को जहां दक्षिण एक्सप्रेस करीब पौने 11 घंटे की देरी से आई। तो वहीं मालवा एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, कर्नाटक एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें 6 घंटे तक की देरी से पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मौसम साफ होने तक राहत की उम्मीद कम**

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनों की गति सीमित रखनी पड़ रही है। जब तक मौसम साफ नहीं होता, तब तक ट्रेनों की लेटलतीफी जारी रहने की संभावना है। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी गई है।

**यह ट्रेनें देरी से पहुंची भोपाल**

- 12626 केरला एक्सप्रेस 10:45 घंटे
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2. 33 घंटे
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 4:54 घंटे
- 20424 पातालकोट 1.29 घंटे
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 7:07 घंटे
- 20172 वंदे भारत एक्सप्रेस 4:00 मिनट
- 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुंबई सीएसटी राजधानी एक्सप्रेस 7: 09 घंटे
- 22692 बंगलुरू राजधानी एक्सप्रेस 4:17 मिनट लेट
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 5:53 घंटे
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एनार्कुलम एक्सप्रेस 2:55 घंटे
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 6:01 घंटे
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 6:43 घंटे
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 6:38 घंटे
- 12138 पंजाब मेल 4:10 घंटे लेट आई
- 12618 मंगला एक्सप्रेस 2:55 घंटे
- 12622 तमिलनाडू एक्सप्रेस 6.57 घंटे देरी से आई।
- 20806 एपी एक्स. 7.25 घंटे देरी से आई।
- 12191 श्रीधाम एक्स. 6 .37 मिनट

### अधिकारियों को पेट्रोलिंग के करने के दिए निर्देश

## रेल लाइन के किनारे पतंगबाजी करना पड़ेगा भारी, पकड़े जाने पर दो साल की होगी जेल

मकर संक्राति के साथ ही इन दिनों पतंगबाजी का शौक पूरे जोरों पर है। ऐसे में रेलवे की ओर रेललाइन के आसपास पतंगबाजी नहीं करने की सलाह दी है। अगर कोई व्यक्ति पतंगबाजी करते पकड़ाया तो दो साल जेल हो सकती है। दरअसल मप्र के इंदौर सहित अन्य जगहों पर रेल लाइन के आस-पास पतंग उठाते समय हादसे की घटना सामने आई है। इसके बाद भोपाल रेल मंडल ने लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि निशातपुरा, भोपाल व आरकेएमपी रेलवे ट्रैक के ऊपर से जा रहे 25 हजार वोल्ट के बिजली तार में पतंग और चाइनीज मंझे के फंसने से फाल्ट की घटनाएं होने की संभवाना होती है। ऐसे में कई बार फाल्ट के चलते ट्रेन रोकनी पड़ सकती है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने धरपकड़ के लिए अभियान शुरू किया गया है। डीआरएम ने अधिकारियों को लगातार रेलवे ट्रैक पर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं।

### रेल यात्रियों को ऑनलाइन जनरल टिकट पर अब मिलेगी तीन प्रतिशत की छूट, 14 जनवरी से यात्रियों को मिल सकेगी सुविधा

रेलवे की ओर से डिजिटल टिकट बुकिंग को प्रोत्साहित करने को लेकर एक पहल करते हुए रेल यात्रियों को रेलवन मोबाइल एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर अब सीधी आर्थिक छूट का लाभ मिलेगा। यह सुविधा 14 जनवरी से प्रायोगिक रूप से आगामी छह माह की अवधि के लिए लागू की जा रही है। पमरे जोन के रेल अधिकारियों के अनुसार रेल यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत अब रेलवन मोबाइल एप के जरिए अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को तीन प्रतिशत की सीधी छूट का लाभ मिलेगा। यह सुविधा 14 जनवरी 2026 से प्रायोगिक रूप से छह माह की अवधि के लिए लागू की जा रही है। पमरे जोन के कोटा मंडल अभी यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसके बाद भोपाल व जबलपुर रेल मंडल के यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा**

यह छूट आर-वालेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान विकल्पों पर लागू होगी। वहीं, यदि यात्री आर-वालेट के माध्यम से टिकट बुक करते हैं, तो उन्हें पहले की तरह 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा मिलती रहेगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार यह प्रायोगिक योजना 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी।

**डिजिटल टिकटिंग और कैशलेस लेन-देन को भी बढ़ावा**

इस अवधि के बाद सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम द्वारा योजना के परिणामों और यात्रियों की प्रतिक्रिया की समीक्षा की जाएगी, जिसके आधार पर इसे आगे जारी रखने या अन्य मंडलों में लागू करने पर निर्णय लिया जाएगा। रेलवे का मानना है कि इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि डिजिटल टिकटिंग, पारदर्शिता और कैशलेस लेन-देन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्टेशन काउंटरों पर भीड़ कम होगी और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं समय बचाने वाला विकल्प उपलब्ध होगा।

### श्रीमद् भागवत कथा का पूर्ण आहुति के साथ समापन

## श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए तो भगवान श्रीकृष्ण आनंद के ज्ञाता


कथा के समापन पर लोगों को संबोधित करते विधायक शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भगवान श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए और भगवान श्रीकृष्ण आनंद के ज्ञाता रहे। जिनकी भक्ति में आनंद में उत्सव के साथ आनंद आता है। यह प्रवचन पिपलिया जाहिरपीर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर कथावाचक पंडित ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने व्यक्त किए। पंडित ओमप्रकाश ने गोवर्धन पर्वत का प्रसंग सुनाते हुए बाल रूप से भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाया। कथा के समापन पर शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा भी पहुंचे।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), भोपाल
पूर्व सैनिकों की भर्ती
एनसीसी निदेशालय (मध्य प्रदेश एवं छ.ग.), (डीजीएनसीसी / रक्षा मंत्रालय) सेवानिवृत्त जेसीओ एवं एनसीओ से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।
एनसीसी इकाइयों में संविदा प्रशिक्षक स्टाफ
रिक्तियां : 26 जेसीओ और 45 एनसीओ
नियुक्ति दिनांक : 01 अप्रैल 2026
रोजगार स्थल : भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, मंदसौर, जबलपुर, बालाघाट सागर, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, कटनी, छत्तरपुर (म.प्र.) एवं रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर (छग)
अधिक जानकारी के लिए देखें: www.nccindia.gov.in/hiring
आवेदन भेंजे ई-मेल: adpersmpcg-dte@nccindia.nic.in
या
डाक का पता : अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)
: एमपी एंड सीजी एनसीसी निदेशालय (कार्मिक)
पी - 77, सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन्स कैंट भोपाल-462001
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 30 जनवरी 2026




### स्वदेशी जागरण मंच के हरदा स्वदेशी मेले में पहुंचीं मध्य भारत प्रांत की प्रांत प्रमुख

# स्वदेशी की गूंज भारत माता की साधना : सीमा


स्वदेशी अपनाकर हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमी बनाने का संकल्प लेती स्वदेशी जागरण मंच की सदस्य और पदाधिकारी।

मेले में मातृशक्तियों के लिए पंच परिवर्तन पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के हरदा में आयोजित स्वदेशी मेला अपार जनसमूह की सहभागिता के साथ स्वदेशी जागरण का महासंगम बन रहा है। स्वदेशी जागरण मंच, मध्य प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, मध्य भारत प्रांत की प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज, विभाग से सह-प्रमुख संगीता तिवारी, साधना शर्मा एवं हरिओम सेन शुक्रवार को हरदा मेले में पहुंचे और सभी को प्रोत्साहित किया।

मेले में मातृशक्तियों के लिए पंच परिवर्तन पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी योगमाया शर्मा संचालित कर रही हैं। दोपहर सत्र में प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी की गूंज भारत माता की साधना है। उन्होंने बताया कि गृहिणी कैसे "स्व" को पहचानकर पंच परिवर्तन के माध्यम से परिवार, माँ और बच्चों को भारतीय संस्कृति व संस्कारों से पोषित कर सकती है। भाव, भाषा, भूषा, भोजन, भवन, भ्रमण और भजन इन सबमें स्वदेशी अपनाकर हर घर स्वदेशी, हर युवा उद्यमी बनाने का संकल्प सभी से करवाया गया। संगीता तिवारी एवं साधना शर्मा ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रोत्साहित किया पत्रक वितरित किए।

**स्वदेशी संकल्प दौड़ में सभी करें सहभागिताः बुधौलिया**

प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया ने स्वदेशी मेले के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि ऐसे मेले युवाओं व उद्यमियों को बड़ा मंच प्रदान करते हैं, जिससे दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़े, स्व से स्वावलंबन जाग्रत हो और राष्ट्र सशक्त बने। उन्होंने 12 जनवरी, राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित होने वाली स्वदेशी संकल्प दौड़ में सभी की सहभागिता का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद जी को युवा शक्ति का प्रेरणापुंज बताया।

**मेले में लगे 231 स्वदेशी स्टॉल, झूले**


मेला संयोजक नरेंद्र सिंह, बनवारी लाल यादव, रवि पटेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी योगमाया शर्मा, अरुण मालवीय सहित पूरी मेला समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मेले में 231 स्वदेशी स्टॉल, झूले, स्टार्टअप्स तथा प्रतिदिन कुछ नया आकर्षण है। समरसता, समाज सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए शिविर, भोजन एवं मनोरंजन की व्यवस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वदेशी अभिव्यक्ति, महापुरुषों के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक, नाटक, कवि सम्मेलन तथा विद्यार्थियों के लिए विशेष मंच रखा गया है।

भोपाल
शनिवार, 10 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 281
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 सिंधु का धमाल, मलेशिया ओपन...



विचार पेज
06 बंगाल में बढ़ती राजनीतिक....

सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# अभिनेत्री शर्मिला टैगोर से कहा- आप हकीकत से दूर हैं, इन कुत्तों को महिमामंडित करने की कोशिश न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। इस दौरान अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की ओर से पेश किए गए सुझावों पर अदालत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कोर्ट ने कहा कि आप पूरी तरह हकीकत से दूर हैं। अस्पतालों में इन कुत्तों को महिमामंडित करने की कोशिश न करें। शर्मिला टैगोर इस मामले में एक आवेदक हैं और उनके वरिष्ठ वकील ने दलील दी कि सभी कुत्तों को सड़कों से हटाना समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि जवाब विज्ञान और मनोविज्ञान में है, और मौजूदा एबीसी नियमों की समीक्षा जरूरी है। आवारा कुत्तों पर शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने सुझाव दिए कि आक्रामक और सामान्य कुत्तों की पहचान के लिए विशेषज्ञ समिति बने। आक्रामक कुत्तों को मनोवैज्ञानिक उपचार देकर समाज में ▶▶ शेष पेज 4 पर





फाइल फोटो

### कुत्ते रखने वाली महिलाओं पर होती है अभद्र टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट और एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं और उन्हें यह तक कहते हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। महालक्ष्मी पावनी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों के अवैध आयात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिट बुल और हस्की नस्ल के कुत्तों को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह मामला स्ट्रीट डॉग्स (आवारा कुत्तों) के मुद्दे से संबंधित नहीं है। कृपया उन मुद्दों पर ध्यान दें जिनसे हम निपट रहे हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून में उपलब्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिए।

### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

वकील- जिन कुत्तों को सुधारना संभव न हो, उन्हें समिति की पहचान के बाद सुला दिया जाए

कोर्ट : क्या उसे ऑपरेशन थिएटर में भी ले जाया जा रहा ?

वकील - काटने वाले कुत्तों को रंगीन कॉलर लगाकर पहचान हो। जॉर्जिया व आर्मेनिया में ऐसा ही है

कोर्ट : उन देशों की जनसंख्या कितनी है? कृपया प्रैक्टिकली बातें करें

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मंदिर का गेट गिरने से एक की मौत, 3 घायल

**छतरपुर।** नौगांव में धौर्रा मंदिर का गेट गिर गया। मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई जबकि तीन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा शुक्रवार शाम निर्माण कार्य के दौरान हुआ। मृतक की पहचान राम मिलन पिता गोरेलाल (35) के रूप में हुई है। वह छतरपुर के गंज करारा गांव का रहने वाला था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।



### छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों में संघर्ष, एक की हत्या

**खंडवा।** जिले में एक नाबालिग लड़की से हुई छेड़छाड़ के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दोनों पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज कर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की इंदौर में मौत हो गई। इसके बाद मामले में एक पक्ष पर हत्या का मामला भी दर्ज हुआ।



### पुलिसकर्मी पर ब्लैकमेल का आरोप लगाकर दी जान

**मैहर।** अमरपाटन थाना इलाके में पुलिसकर्मी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर अनंतराम पटेल नाम के युवक ने गुरुवार देर रात फांसी लगा ली। शुक्रवार सुबह उसका शव पेड़ पर लटका मिला। उसने चार पन्नों का सुसाइड नोट लिखा है। वीडियो भी बनाया। मृतक ने चार लोगों पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख वसूलने का आरोप लगाया है।







मार्च निकालती सीएम ममता

बड़ा आरोप : कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और भाजपा नेता को भेजा

# ममता बोलीं- मेरे पास एक 'भाजपा नेता' की पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं

**ममता ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराईं**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी ने दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला। इस दौरान ममता बेनर्जी ने दावा किया कि उनके पास एक भाजपा नेता के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

*ईडी की छापेमारी वाली जगह पर अपनी मौजूदगी को जायज ठहराते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि अगर कोई मुझे जान से मारने आए तो क्या मुझे आत्मरक्षा का अधिकार नहीं है?*

### भारी भीड़ और हंगामे से जज नाराज, बेंच छोड़कर बाहर निकलीं

**ममता भी पहुंची हाईकोर्ट, ईडी की याचिका पर सुनवाई टली**

गुरुवार को ईडी की कार्रवाई के दौरान सीएम ममता मौके पर पहुंची और वहां से एक फाइल व लैपटॉप लेकर चली आईं। ईडी ने ममता पर जांच में बाधा डालने व छापेमारी के दौरान दस्तावेज व डिजिटल सुबूतों को छीनने का आरोप लगाया। इसे लेकर ईडी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दूसरी ओर तृणमूल भी ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए हाई कोर्ट पहुंची। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जैसे ही जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**सीएम डॉ. यादव का पलटवार**

### मुख्यमंत्री ऐसी हल्की हरकत करें, ये ठीक नहीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी द्वारा ईडी की कार्रवाई के दौरान दस्तावेज उठाकर ले जाने के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी। सीएम ने कहा कि किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री से यह अपेक्षा होती है कि वह ▶▶ शेष पेज 4 पर



डॉ. मोहन यादव

चूहा कांड के बाद एमवाय अस्पताल में फिर गंभीर लापरवाही

## नर्स की गलती से डेढ़ माह के बच्चे का काटा अंगूठा, जमीन पर गिरा, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

एमवाय अस्पताल एक बार फिर गंभीर लापरवाही को लेकर सुर्खियों में है। चूहा कांड के बाद अब न्यू चेस्ट वार्ड में भर्ती डेढ़ माह के मासूम बच्चे का इंट्राकैथ बदलते समय नर्स की गंभीर लापरवाही से अंगूठा कटकर नीचे गिर गया। घटना के बाद बच्चे को आनन-फानन में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भेजा गया, जहां सर्जरी कर अंगूठे को जोड़ा गया। घटना की जानकारी यूनिट के डॉक्टरों द्वारा अस्पताल अधीक्षक को भी नहीं दी गई। दरअसल, बेटमा से निमोनिया के उपचार के लिए एक बच्चे को चेस्ट वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां मासूम बच्चे के हाथ में लगे टेप को नर्स कैंची से काट रही थी। इसी दौरान लापरवाही वश कैंची बच्चे के अंगूठे पर लग गई, जिससे उसका अंगूठा कट गया। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दूसरे अस्पताल में अंगूठे की कराई गई प्लास्टिक सर्जरी**



एमवाय अस्पताल

पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर जोर

## ईवी वाहन में ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली 'अनिवार्य'

**एक अक्टूबर 2026 से एवीएएस लगाना जरूरी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुरक्षा मानकों को और कड़ा करने के लिए कदम उठाया है। जिसके तहत ज्यादातर ईवी में ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली- एवीएएस (एकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम) को जरूरी कर दिया गया है। इसके तहत नए निजी और वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों में एक अक्टूबर 2026 से एवीएएस लगाना जरूरी ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

नवजात का शव देकर अस्पताल से भगाया

## पिता ने शव रखकर सड़क पर काटी रात और वहीं किया अंतिम संस्कार

**परिजनों का कहना- प्रसव के वक्त नहीं थे डॉक्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले में एक नवजात बच्ची के सड़क पर अंतिम संस्कार किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना सीहोर-भेरुदा मार्ग पर मंगलवार को हुई, जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। बच्ची के पिता ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर ही अपनी बच्ची का अंतिम संस्कार किया।

प्रसूता ममता पत्नी संतोष जाट को 30 दिसंबर को शाम 4:30 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने 2 जनवरी 2026 को रात 2:22 बजे ▶▶ शेष पेज 4 पर



सड़क पर नवजात का अंतिम संस्कार करता पिता

**अस्पताल का दावा**

### प्रसव प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर ने कराया

महिला चिकित्सक ने अपने बयान में बताया है कि उन्होंने महिला की जांच की थी और प्रसव प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर द्वारा लेबर रूम में कराया गया था। सोशल मीडिया पर सड़क पर अंतिम संस्कार का वीडियो वायरल होने के बाद जब संतोष से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें जिला अस्पताल के सामने धरने से हटा दिया गया था। इसके बाद नवजात का शव देकर मुझे अस्पताल से भगा दिया गया और किसी ने मेरी मदद नहीं की। मेरे पर घर जाने के लिए पैसे भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुरातत्व, दस्तावेज प्रबंधन और संग्रहालयों पर केंद्रित प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



### कुम्हार के चाक पर बनाई शिवलिंग की प्रतिकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 19वें डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया। यहां आयोजित प्रदर्शनी में कुम्हार का चाक चलाकर मिट्टी के शिवलिंग की प्रतिकृति बनाई। सीएम ने भारतीय संस्कृति, कला एवं शिल्प परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय का तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 11 जनवरी तक चलेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

धार: आबकारी अमले की टीम वाहन छोड़कर भागी

## अवैध शराब पकड़ने गए आबकारी अमले पर तस्करों ने किया हमला

**एक आईशर वाहन जब्त पथराव में तीन घायल केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग की दबिश टीम पर हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

तिरला ब्लॉक के सुरजपुरा क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने पहाड़ी से पथराव करते हुए गोफन चलाए, जिससे एक शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और दबिश टीम के कुछ सदस्यों को चोटें आईं। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आबकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर



वाहन क्षतिग्रस्त

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई स्टार्टअप्स के प्रमुख अधिकारियों को किया प्रेरित

**पीएम ने कहा-** एआई का मतलब भारत के लिए 'आत्मनिर्भर इंटेलिजेंस'

# जो आम लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सके, ऐसे जिम्मेदार और नैतिक एआई विकास की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद एआई स्टार्टअप्स के प्रमुख अधिकारियों ने कहा कि पीएम ने लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाला एआई बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया है। न्यूरोडक्स के सीईओ डॉ. सिद्धार्थ पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का अनुभव हमारी सोच में बदलाव लाने के लिए काफी जरूरी था। उन्होंने हमें प्रेरित किया है कि हमें केवल वह नहीं बनाना, जो कि पश्चिमी देश बना रहे हैं। हमें ऐसा एआई बनाना है, जो कि देश के आम लोगों की जिंदगी में बदलाव ला सके।

टेक महिंद्रा के सीआईओ निखिल मल्होत्रा ने कहा कि पीएम मोदी ने जिम्मेदार और नैतिक एआई विकास की आवश्यकता समझाई। जेनलूप के सीईओ आयुष गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत में विश्वसनीय, नैतिक और आत्मनिर्भर एआई पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि एआई का मतलब भारत के लिए 'आत्मनिर्भर इंटेलिजेंस' होने वाला है और यह आने वाले समय में विकसित भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर



पीएम मोदी एआई स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों के साथ

### ये एआई स्टार्टअप्स प्रतिनिधि रहे मौजूद

इस बैठक में अवतार, भारत जेन, फ्रैक्टल, गैन, जेनलूप, ज्ञानी, इंटेली हेल्थ, सर्वम, सॉकेट एआई, टेक महिंद्रा और जेंटिक सहित भारतीय एआई स्टार्टअप्स के सीईओ, प्रमुख और प्रतिनिधि शामिल हुए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी बैठक में उपस्थित थे।

### भारत एआई में वैश्विक नेता बने

वहीं, फ्रैक्टल एआई के सह-संस्थापक श्रीकांत वेलमाकन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि भारत दुनिया में एआई में एक लीडर बने। इसके लिए जरूरी है कि हम भारत केंद्रित मॉडल बनाए और हर नागरिक को अपनी भाषा में उपलब्ध कराएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर सुबह भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ बैठक की थी। यह बैठक इंडिया एआई ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बहरी में खुलेगा नया कॉलेज, सिंहावल और देवसर कॉलेज में शुरू होंगे नए संकाय

## सीधी की गोपद नदी पर 500 मीटर नया पुल बनाया जाएगा: सीएम डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सीधी जिले के लिए लगाई घोषणाओं की झड़ी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सीधी जिले की सिहावल विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय बहरी में विभिन्न शासकीय विभागों के हितग्राहियों के प्रशिक्षण सह उनमुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी। इस अवसर पर उन्होंने सीधी जिले के लिए 201 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत वाले कुल 209 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

इसके अतिरिक्त 11 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत 505 कार्यों का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 133 करोड़ 62 लाख रुपए के 30 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 68 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 179 विकास कार्यों का लोकार्पण कर सीधी जिलेवासियों को कई निर्माण कार्यों की सौगातें दीं।

### बहरी से चुरहट तक 64.54 किमी लंबे टू-लेन रोड निर्माण की घोषणा

स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहरी में नया कॉलेज खोलने की घोषणा की। यह कॉलेज अगले सत्र से ही प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम बहरी से चुरहट तक 129 करोड़ की लागत से 64.54 किमी लंबे टू-लेन रोड निर्माण की भी घोषणा इस मौके पर की। उन्होंने सिंहावल और देवसर के महाविद्यालयों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सिंहावल में वर्तमान में संचालित पार्ट टाइम एडिशनल कलेक्टर कोर्ट को अब फुल टाइम संचालित किए जाने की घोषणा की। साथ ही सीधी जिले की गोपद नदी पर 500 मीटर लंबा एक नया पुल तथा महान नदी पर रपटा बनवाने की घोषणा भी की। डॉ. यादव ने सिहावल विधानसभा क्षेत्र के कुछ स्कूलों को हाईस्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रोन्नत करने तथा कुछ गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि बहरी तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जनता का अभिवादन करते हुए।

### 201 करोड़ के 209 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी से 31 मार्च तक प्रदेश में 'संकल्प से समाधान महाअभियान-1' चलाया जाएगा। इसमें नागरिकों को राज्य सरकार की 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान पूरे प्रदेश की हर विधानसभा, ब्लॉक, तहसील, जिले, गांव-गांव और नगरों के वार्डों-मोहल्लों तक भी शासकीय अधिकारी पहुंचेंगे और पात्र हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महाभियान के पहले चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक घर-घर जाकर आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। तीसरे चरण में 16 से 26 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर निराकरण से शेष रहे आवेदनों एवं शिकायतों, नए आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। चौथे चरण में 26 से 31 मार्च तक जिला स्तर पर शिविर लगाकर सभी अनिराकृत शेष आवेदनों एवं शिकायतों, नए आवेदनों का अंतिम निराकरण किया जाएगा।


विकास कार्यों का लोकार्पण करते सीएम डॉ. यादव।

**सीधी की पंजा दरी को दिलाएंगे वैश्विक पहचान:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीधी जिले में सभी प्रकार के उद्योग-धंधे लगाए जाएंगे। पंजा दरी सीधी की पहचान है। सिहावल ब्लॉक के क्लस्टर में पंजा दरी और कालीन बुनाई की विभिन्न इकाइयां हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सीधी की पंजा दरी को जीआई टैग दिलाने के लिए प्रयासरत है, हम पंजा दरी को वैश्विक पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में भारी निवेश आ रहा है। डॉ यादव ने इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष 10 जनवरी को रतलाम प्रवास पर रहेंगे

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 10 जनवरी शनिवार को एक दिवसीय रतलाम प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 10 जनवरी को सुबह 11.30 बजे रतलाम के बड़बड़ रोड स्थित विधायक सभागृह में प्रदेश शासन के मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे सखवाल नगर के डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल के बूथ क्रमांक 55 में बूथ अध्यक्ष अमन वोयत के निवास पहुंचकर भोजन करेंगे। दोपहर 2.15 बजे सैलाना रोड अतिथि गार्डन में वीबी-जी रामजी योजना पर पत्रकार-वार्ता के बाद दोपहर 3 बजे जिला बैठक को संबोधित करेंगे। खण्डेलवाल शाम 4.15 बजे वीबी-जी रामजी योजना की जनजागरण अभियान बैठक में शामिल होंगे। शाम 5.45 बजे छोटी टोली की बैठक एवं शाम 7 बजे मन की बात टोली की बैठक में शामिल होंगे।

### तीन प्रयोगशालाओं को नई टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश ने क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत राज्य की तीन प्रमुख प्रयोगशालाओं आयरएल भोपाल, एमआरटीबी इंदौर और जीआरएमसी ग्वालियर को नई एवं अत्यंत महत्वपूर्ण टीबी दवाओं बेडाक्विलिन और प्रेटोमैनिड के लिए लिक्विड कल्चर ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्टिंग करने का राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन सुप्रा नेशनल रेफरेंस लेबोरेटरी (एसएनआरएल), एनआईआरटी चेन्नई एवं केंद्रीय क्षय प्रभाग द्वारा प्रदान किया गया है।

## कृषि वर्ष कार्यक्रम में 800 बसों से किसान आएंगे, भोपाल-इंदौर बायपास पर निकाली जाएगी विशाल रैली

# 2026 होगा 'कृषि वर्ष', सीएम डॉ. मोहन 1100 ट्रैक्टरों के साथ करेंगे मेगा शो, तीस हजार किसान करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में बड़ा संदेश देने की तैयारी के साथ 11 जनवरी को भोपाल में किसानों के बीच मेगा शो करेंगे। इस आयोजन में भोपाल और आसपास के एक दर्जन जिलों से करीब 1100 ट्रैक्टरों के साथ किसान राजधानी पहुंचेंगे। पहले चरण में भोपाल- इंदौर बायपास पर किसानों की विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं शामिल होंगे।

इसके बाद जम्बूरी मैदान में किसान सम्मेलन आयोजित होगा, जहां मुख्यमंत्री कृषि वर्ष 2026 की औपचारिक घोषणा करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से भोपाल-इंदौर बायपास स्थित एक निजी कॉलेज परिसर में उतरेंगे। यहां से वे सीधे किसानों की रैली में शामिल होंगे और ट्रैक्टर रैली के साथ जम्बूरी मैदान तक पहुंचेंगे। आयोजन स्थल तक मुख्यमंत्री का किसानों के साथ सड़कों पर होना सरकार की किसान केंद्रित नीति का बड़ा राजनीतिक और प्रशासनिक संदेश माना जा रहा है। यह इसलिए भी किया जा रहा है कि इस वर्ष किसानों और कृषि पर सरकार का पूर्व से ज्यादा फोकस होगा। रैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ हिस्सा लेंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

## जंबूरी मैदान में किसान सम्मेलन आयोजित होगा

## आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियां शुरू

» किसानों और कृषि पर सरकार का विशेष ध्यान

» सभी जिलों में कंट्रोल रूम बना कर होगी निगरानी


कृषि सम्मेलन को लेकर जंबूरी मैदान पर विशाल टेंट लगाया जा रहा है।

### खाद-बीज में कालाबाजारी पर मध्य प्रदेश सरकार सख्त

समृद्ध किसान समृद्ध मध्य प्रदेश इस वर्ष को कृषि वर्ष के रूप में मानाने के साथ ही सरकार यह समृद्ध किसान समृद्ध मध्य प्रदेश का नारा देगी। इस रैली के संबंध में मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट बैठक से पहले सभी मंत्रियों को जानकारी दी थी। ऐसा माना जा रहा है कि वर्ष भर किसानों को लेकर संभाग स्तर और जिला स्तर पर कई आयोजन होंगे। साथ ही खाद बीज की कालाबाजारी रोकने को लेकर भी जिला प्रशासन को सख्त रहने के भी निर्देश दिए जाएंगे।

### सीएम बताएंगे कृषि वर्ष 2026 का रोडमैप

जम्बूरी मैदान में होने वाले किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि वर्ष 2026 को लेकर सरकार की रूपरेखा प्रस्तुत कर सकते हैं। सम्मेलन में मुख्यमंत्री सरकार के आगामी तीन वर्षों के कृषि और कृषकों पर आधारित लक्ष्य भी सार्वजनिक कर सकते हैं। सम्मेलन में प्राकृतिक खेती, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल विविधीकरण और मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर भी सरकार की योजनाओं का खाका रखा जा सकता। इस मौके पर मुख्यमंत्री किसानों से सीधा संवाद भी कर सकते हैं।

### डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदारों को सौंपी जिम्मेदारी, ट्रैक्टर के साथ नहीं आएगी ट्रॉली

कृषि वर्ष-2026 कार्यक्रम के लिए जंबूरी मैदान में 11 सौ ट्रैक्टर आएंगे, जिन्हें संभालने की जिम्मेदारी अफसरों को सौंपी गई है। अफसरों से कहा गया है कि कोई भी ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली नहीं होना चाहिए। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इसके लिए डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई है। यह अफसर ट्रैक्टर का इंतजाम देखेंगे। शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने इंतजामों को लेकर बैठक रखी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ट्रैक्टर रैली को लेकर विशेष इंतजाम किए जाएं। बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम में भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम और राजगढ़ से तीस हजार किसान आएंगे। जिन्हें आठ सौ से अधिक बसों में लाया जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि रैली के लिए रूट चार्ट और ट्रैफिक मैनेजमेंट का ध्यान रखा जाए। जिससे ट्रैफिक में बाधा नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम बनाकर कार्यक्रम की निगरानी की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर समय से तैयारियां पूरी करने और कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां टाइम लिमिट में पूरी की जाएं। कमिश्नर ने जिला कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम को कार्यक्रम स्थल पर इंतजामों की मॉनीटरिंग करने की हिदायत दी।


आयोजन पर चर्चा करते अफसर।

### कृषि कल्यान वर्ष कार्यक्रम के चलते कल बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

राजधानी भोपाल में रविवार को कृषि कल्यान वर्ष का शुभांरभ के अवसर पर दो अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा फ्लेगऑफ एवं संबोधन किया जाना प्रस्तावित है। इस मौके पर पहली बारी में जहां आरटीओ ऑफिस तिराहा कोकता बायपास पर 1101 क्रमशः जिला भोपाल से 601, जिला विदिशा से 250 एवं जिला रायसेन से 250 ट्रैक्टर रैली के रूप में सम्मलित होंगे। दूसरे कार्यक्रम कृषि कल्याण वर्ष का शुभांरभ जम्बूरी मैदान में होगा। इसमें भोपाल से 12000, जिला सिहोर व रायसेन से 6000-6000 तथा जिला विदिशा से 4000, राजगढ़ एवं नर्मदापुरम से 1000-1000 कुल 30000 की संख्या में कृषकगण उक्त कार्यक्रम में 800-900 बसों से कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के चलते यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है।

**30 हजार किसान होंगे कार्यक्रम में शामिल**

#### ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- भोपाल के मिसरोद सलैया की ओर से आने वाले ट्रैक्टर 11 मील बायपास रोड से खजूरी कला, पटेल नगर चौराहा होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगे।
- भोपाल के फंदा ब्लॉक, बैरासिया रोड से आने वाले ट्रैक्टर खजूरी सड़क से मुबारकपुर बायपास, लांबाखेड़ा बायपास चौराहा, चोपड़ाकला बायपास चौराहा, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, सीएपीटी के सामने होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगे।
- रातीबड़, नीलबड़ क्षेत्र से आने वाले ट्रैक्टर नीलबड़ से नाथूबरखेड़ा रोड होते हुए खजूरी सड़क से मुबारकपुर बायपास, लांबाखेड़ा बायपास चौराहा, चोपड़ाकला बायपास चौराहा, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, सीएपीटी के सामने होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगे।
- रायसेन का बाडी बरेली, गोहरगंज की ओर से आने वाले ट्रैक्टर 11 मील बायपास रोड से खजूरी कला, पटेल नगर चौराहा होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगें।
- रायसेन के आस पास के ग्राम से आने वाले ट्रैक्टर बिलखिरिया, पटेल नगर चौराहा से लेफ्ट टर्न होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगे।
- विदिशा से आने वाले ट्रैक्टर-चोपड़ाकला बायपास चौराहा, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय सीएपीटी के सामने होकर प्रसटीज कॉलेज के आगे जाकर लाइनअप होंगे।

#### जंबूरी मैदान यह रहेगी व्यवस्था

- सिरोद सलैया की ओर से आने वाली बसें अशिमा मॉल, बागसेवनिया चौराहा, आर.आर.एल. तिराहा, एम्स रोड, बरखेडा पठानी होकर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल में पार्क होगी।
- फंदा ब्लॉक, बैरासिया रोड से आने वाली बसें खजूरी सड़क से मुबारकपुर बायपास, लांबाखेडा बायपास चौराहा, चोपड़ाकला बायपास चौराहा, भानपुर चौराहा से ओवर ब्रिज चढ़कर अयोध्या बायपास, अर्जुन नगर तिराहा से अन्दर होते हुए पिपलानी पेट्रोल पंप, एसओएस बाल ग्राम रोड होकर जंबूरी मैदान में पार्क होगी।
- रातीबड़, नीलबड़ क्षेत्र से आने वाली बसें जवाहर चौक, अटल पथ, लिंक रोड-1, गोंविदपुरा टर्निग, महात्मा गांधी चौराहा से होकर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल में होगी।
- सीहोर, की रोड से आने वाली बसें खजूरी सड़क मुबारकपुर बायपास, अयोध्या बायपास, पिपलानी पेट्रोल पंप, इलाहबाद बैंक तिराहा होकर जंबूरी मैदान में प्रवेश कर पार्क होगी।

## कर्मचारी मंच का अल्टीमेटम, हाईकोर्ट का आदेश नहीं माना तो करेंगे मंत्रालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मप्र हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 में नव नियुक्त कर्मचारियों के वेतन में तीन साल तक की गई कटौती को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर कटी हुई राशि लौटाने के निर्देश दिए हैं।

फैसले से कर्मचारियों में उत्साह है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि वर्ष 2000 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के फैसले से 28 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नौकरी गंवानी पड़ी, जबकि 2019 में कमलनाथ सरकार ने नियमित कर्मचारियों के वेतन में जबरन कटौती का आदेश जारी किया। अब हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पिछले छह वर्षों में वेतन कटौती की पूरी राशि प्रभावित कर्मचारियों को लौटाई जाए। कर्मचारी मंच ने सरकार से आदेश लागू करने, एरियर व इंक्रीमेंट जारी करने की मांग की है। हाईकोर्ट ने आदेश नहीं मानने पर मंत्रालय के घेराव की चेतावनी दी है।

## लोक निर्माण विभाग का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सह प्रशिक्षण आज

# मुख्यमंत्री होंगे शामिल, लोकपथ 2.0 एप का लोकार्पण, नवाचार पुस्तिका का होगा विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लोक निर्माण विभाग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम सह प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम विभागीय नवाचारों, डिजिटल पहल और अभियंताओं के क्षमता निर्माण को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम 10 जनवरी को भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1500 से अधिक अभियंता सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किए गए कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क दस्तावेज का विमोचन किया जाएगा, जो अभियंताओं के निरंतर प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और आधुनिक परियोजना प्रबंधन के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में लोकपथ मोबाइल एप के उन्नत संस्करण लोकपथ 2.0 का लोकार्पण भी किया जाएगा।

### विभाग के नवाचारों पर भी होगी चर्चा: मंत्री सिंह

मंत्री सिंह ने कहा कि इसके साथ ही, विभाग द्वारा विगत 2 वर्षों में किए गए नवाचारों और सुधारात्मक प्रयासों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। इसमें डिजिटल समाधान, गुणवत्ता नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, नई निर्माण तकनीकों और आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों की झलक प्रस्तुत की गई है। मंत्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अभियंताओं को हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे सड़क एवं बायपास प्रोजेक्ट्स के वित्तीय और गुणवत्ता संबंधी पहलुओं की निगरानी कर सकें।

## उज्जैन में आयोजित राज्य सैनिक रैली को डॉ. यादव ने किया वर्चुअली संबोधित

# भारत की सीमाओं के साथ देश के स्वाभिमान की भी रक्षा करते हैं सैनिक : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सैनिक केवल भारत की सीमाओं की ही नहीं, देश के स्वाभिमान की भी रक्षा करते हैं। जो वर्दी पहन कर देश के लिए खड़ा होता है, उसके सामने पूरा राष्ट्र नतमस्तक होता है।

मातृभूमि के प्रति सैनिकों के प्रेम और समर्पण के कारण ही भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। उन्होंने भारत माता की सेवा में सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. यादव उज्जैन में राज्य सैनिक रैली को भोपाल के राजकीय विमानतल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

### सैनिकों के परिवारों के साथ सरकार हर कदम पर खड़ी


कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते सीएम।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन वीर सैनिकों देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए, उनकी कमी तो पूरी नहीं की जी सकती, लेकिन ऐसे वीरों के परिवारों के साथ सरकार हर कदम पर खड़ी है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि शहीद आश्रितों को पेंशन, वित्तीय सहायता, रोजगार और सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और सम्मानपूर्वक प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, इन योजनाओं को और अधिक सशक्त किया जाएगा। राज्य सरकार ने शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली मासिक सहायता राशि अब 10 हजार रूपए प्रतिमाह कर दी है। शहीदों की पुत्रियों और बहनों के विवाह पर 51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। युद्ध एवं सैन्य कार्रवाई में शहीद हुए सेना एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के आश्रितों को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए की गई है।

### मासिक पेंशन राशि बढ़ाकर 15 हजार प्रतिमाह की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवासरत द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों और उनकी पत्नियों की मासिक पेंशन राशि 8 हजार से बढ़ाकर 15 हजार प्रतिमाह की गई है, जो देश मे सर्वाधिक है। विभिन्न शौर्य एवं विशिष्ट सेवा अलंकरणों से नवाजे गए सैनिकों एवं उनके आश्रितों को राज्य शासन द्वारा सर्वाधिक सम्मान राशि दी जाती है। मध्यप्रदेश निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष की गई। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण निदेशालय को रक्षा मंत्री द्वारा 'प्रोगेसिव स्टेट ट्रॉफी' से सम्मानित किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि सैनिक रैली राष्ट्र गौरव और एकता की भावना को और सुदृढ़ करे, यही कामना है। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।*

आठवां पुण्य स्मरण : सजल श्रद्धा सुमन



मॉ कालिका की प्रेरणा से,
जिया जिन्होंने जीवन सारा
जाति, धर्म, सम्प्रदाय से,
ऊपर जिन्हें था भारत प्यारा
जन कल्याण के सकल हित,
न्यौछावर हुआ अखण्ड सूर्य
स्नेही, प्रेरक गुरूचरणों में,
अर्पित है श्रद्धा का सजल अर्ध्य

कालिका संस्थापक पीठाधीश श्री श्री 1008
स्वामी श्री अनन्तानन्द जी महाराज

श्री शिवनारायण सिंह बगवार
ब्रम्हलीन दिनांक 10.01.2018
|| अश्रुपूरित श्रद्धांजलि ||

समस्त न्यासीगण, आचार्य प्रवर, शिष्यमंडल व श्रद्धालुगण
श्री कालिका मंदिर धर्मार्थ न्यास, कालीघाट भोपाल


अमृत योजना में बना ओवर हैड टैंक शोपीस बना हुआ है।

## आदमपुर खंती को लेकर है खासी नाराजगी, कहा- इसी खंती के कारण पानी हुआ जहरीला

# आदमपुर छावनी के हैंडपंप उगलते हैं बदबूदार पानी, कुआ बंद, बोरवेल के लाल पानी से दीवारें-टंकियां भी हुईं लाल

*पानी की 12 टंकियां, फिर भी टैंकर से सप्लाई घरों तक पहुंची लाइन, लेकिन सप्लाई नहीं*

*नल-जल योजना में बना 50 हजार लीटर क्षमता का ओवरहैड टैंक शो-पीस*

*भू-जल स्त्रोत का पानी जहरीला होने की पुष्टि, रहवासी बोले- साफ पानी का इंतजाम हो, हम कब तक भुगतेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा जिन इलाकों में पानी के सैंपल की जांच में 'ई-कोलाई' बैक्टीरिया निकला है उनमें से एक गांव रायसेन रोड स्थित आदमपुर छावनी है। इसी से लगी खंती है जहां रोजाना शहरभर का 800 टन से ज्यादा कचरा पहुंचता है। इसी खंती के चलते यहां रहने वाले सात हजार लोग बीते आठ साल से बदबूदार पानी का उपयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को यहां हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची और लोगों से बातचीत की तो उनकी नाराजगी साफ नजर आ रही थी। उनका कहना था कि खंती यहां आने के पहले तक सभी हैंडपंप, बोरवेल और कुएं का पानी एकदम शुद्ध था। आसपास के गांव के लोग यहां से पानी ले जाते थे। अब वे खुद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।

आदमपुर छावनी में पांच साल पहले नल-जल योजना के तहत 50 हजार लीटर क्षमता का ओवरहैड टैंक तो बना, लेकिन 2018 में गांव की सीमा से सटकर ही भानपुर की कचरा खंती यहां शिफ्ट हो गई, जिसका ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने विरोध भी किया था। खंती के बाद से ही यहां के भू-जल स्त्रोत दूषित होने लगे और बदबूदार पानी आने की शिकायतें सामने आने लगीं। बीते आठ साल से यहां के लोग दूषित पानी का उपयोग रोजमर्रा की जिंदगी में कर तो रहे हैं, लेकिन पीने का पानी दूर-दराज से और अब यहां रखी टंकियों से लाते हैं। कपड़े धोने और अन्य घरेलू उपयोग में अब भी बदबूदार पानी का उपयोग लोग कर रहे हैं। उनका कहना है इस पानी से अक्सर बच्चों को इंफेक्शन जैसे खुजली आदि की शिकायत हो जाती है। गांव में कई बच्चों को अब भी इसकी शिकायत है।


गांव में बने के हुए ये हाल।




हैंडपंप है, पर साफ पानी नहीं है।

### गांव में 8 हैंडपंप और 2 कुए हैं

गांव में 8 हैंडपंप और 2 कुए हैं। हैंडपंप चालू हैं, लेकिन उनका पानी पीने लायक नहीं। कुएं में भी पानी है, लेकिन उसका उपयोग नहीं होता। जालियां से ढंके हैं, लेकिन उपर गंदगी है।

### रत्नागिरी से जाते हैं पानी के टैंकर

आदमपुर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 12 टंकियां रखी गई हैं। इनमें रोजाना नगर निगम टैंकरों से पानी भरता है। इसका उपयोग यहां के रहवासी करते हैं।


गांव में रखी टंकियों को भरते हैं टैंकर।

**लीकेज की कोई समस्या नहीं, फिर भी काट रहे**

### *ब्रज विहार कॉलोनी में सुबह 6 बजे ही नल कनेक्शन काटने पहुंच गया अमला, विरोध के बाद फिर जोड़ा*


अमले का विरोध करते रहवासी।

शहर की गैस पीडित क्षेत्र की ब्रज विहार कॉलोनी में शुक्रवार को नगर निगम का अमला सुबह 6 बजे ही नल कनेक्शन काटने पहुंच गया। जब तक लोग नींद से उठते और समझ पाते तब तक जेसीबी से एक गड्ढा करके पाइप लाइन का टुकडा काटा जा चुका था। लोगों को जब कनेक्शन काटे जाने की जानकारी मिली तो एकत्र होकर विरोध दर्ज करवाया और निगम के अधिकारियों को जानकारी दी गई। तब जाकर दोपहर बाद तक दोबारा कनेक्शन किया गया और अमला वापस लौटा। भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की सदस्या रचना ढींगरा ने बताया कि कॉलोनी में नल नर्मदा जल के कनेक्शन हैं। यहां के भू-जल स्त्रोत दूषित हैं। गैस राहत बस्ती है। लीकेज के नाम पर लोगों के कनेक्शन काटने अमला सुबह 6 बजे पहुंच गया। विरोध के बाद कनेक्शन जोडा और अमला वापस गया। उक्त कॉलोनी यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की वजह से प्रदूषित भू-जल वाले इलाके में शामिल है।

## क्या बोले जनप्रतिनिधि

### *नए सिरे से हो काम*



गांव में पानी सप्लाई के लिए ओवरहैड टैंक बना है, लेकिन खंती के कारण पानी सप्लाई नहीं हो सका। अब तो पूरे क्षेत्र का ही भू-जल दूषित हो चुका है। हमारा प्रयास है कि पूरे गांव में वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को नए सिरे बनाया जाए और साफ पानी उपलब्ध करवाया जाए।

**आकाश इंदौरिया, जनप्रतिनिधि**

### फिर से बने वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क

आदमपुर में नगर निगम के टैंकर आते हैं। यहां पानी की टंकियां रखी हैं। इसका पानी ग्रामीण उपयोग करते हैं। यहां नए सिरे नया वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क स्थापित हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

**रोशनी आकाश इंदौरिया, सरपंच, आदमपुर छावनी**

### स्कूल के बच्चे टंकी से भरते हैं पानी

यहां एक सरकारी स्कूल है। पास ही में एक पानी की टंकी रखी है, जिसमें बोरवेल का पानी आता है, लेकिन पीने योग्य नहीं होने के कारण कुछ दूरी से बच्चे पीने का पानी बोतल में लाते हैं।


बोतल में पानी भरते स्कूली बच्चे।

### हमने 1995 में कुआ खोदा था, अब हम ही पानी नहीं पी सकते



सरकारी स्कूल के पास 1995 में कुआ हमने ही खोदा था। इसका पानी एकदम साफ था। आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग कुए का पानी लेकर जाते थे, लेकिन खंती के आने के बाद से इसका उपयोग बंद हो गया। पानी से बदबू आती है।

**श्यामलाल, रहवासी**

### बोरवेल से लाल और बदबूदार पानी आता है



गांव में दूषित पानी की समस्या तो बहुत पुरानी है। इसका निराकरण नहीं हो रहा है। बोरवेल से गंदा और अक्सर लाल पानी निकलता है। अभी भी लोग इस पानी का उपयोग तो करते हैं, लेकिन खानपान के लिए नहीं। लोग दूर-दराज से यहां पानी लाते हैं।

**लक्ष्मी नारायण, रहवासी**

### भू-जल स्त्रोत जहरीले हो गए



आदमपुर में एक ओवरहैड टैंक बना। घरों में नल कनेक्शन भी हुए, लेकिन खंती के कारण भू-जल स्त्रोत ही जहरीले हो गए। अब यहां रखी पानी की टंकियों से नगर निगम द्वारा पानी दिया जाता है। यहां नया वाटर सप्लाई का नेटवर्क बनना चाहिए।

**हरि नारायण कुशवाहा, रहवासी**

### खंती से जल और वातावरण दोनों हुए प्रदूषित



खंती के कारण न सिर्फ पानी दूषित हुआ है बल्कि वातावरण भी बुरी तरह प्रभावित है। भोजन करते समय अगर हवा की दिशा गांव की तरफ हुई तो बदबू के कारण भोजन करना तक मुश्किल हो जाता है। यह भी स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है।

**सुनीता पांडे, रहवासी**

### सरकार को शीघ्र ही ठोस कदम उठाना चाहिए



कई लोगों ने अपने दूर-दराज बोरवेल करवा रखे हैं वहां से अपने पैसे खर्च करके पाइप लाइन घर तक बिछाई है। पानी गंदा और बदबूदार है। जब से खंती यहां आई है तब से ही दिक्कतें हैं। अब तो सरकार को इस दिशा में ठोक कदम उठाना चाहिए।

**राणा सिंह, रहवासी**

### टैंकर का पानी टंकियों में भरा जा रहा है



जब से गांव में दूषित पानी की समस्या आई है तब से ही नगर निगम के टैंकर यहां आते हैं। वातावरण बुरी तरह से दूषित हो चुका है। टैंकर से यहां रखी टंकियां भरी जाती हैं, उसी पानी का उपयोग खानपान में करते हैं।

**ममता रानी, रहवासी**

---

छह महीने पहले अभियान चलाकर ढाई लाख खसरों को किया था लिंक

# साढ़े तीन लाख प्रॉपर्टी के खसरे आधार से नहीं हुए लिंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजस्व विभाग ने एक बार फिर से खसरों को आधार से लिंक करने का प्लान बनाया है। जिसके तहत राजस्व विभाग में दर्ज खसरों को आधार से लिंक किया जा रहा है, जिससे पता चल जाएगा कि एक व्यक्ति के नाम कितनी प्रॉपर्टी दर्ज हैं। अकेले राजधानी में करीब छह लाख खसरे हैं, जिनको आधार से लिंक किया जाना है, जिसमें से ढाई लाख खसरों को लिंक कर लिया गया है। इसके साथ समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी भी की जा रही है। ईकेवायसी के बाद समग्र के डेटा को भी खसरों से लिंक कर दिया जाएगा। राजधानी में पटवारियों को खसरा लिंक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लोग समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी का काम एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर के कियोस्क और लोक सेवा केन्द्रों से करा सकेंगे। यह प्रक्रिया समग्र पोर्टल पर मेन्यू समग्र से भूमि लिंक करें पर जाकर की जा सकेगी। पटवारी के वेरिफिकेशन के बाद 6 रुपए प्रति खाता एमपीएसईडीसी द्वारा कियोस्क एजेंसी को दिया जाएगा। खसरा लिंक होने के बाद इसकी लिस्ट राजस्व विभाग जिला स्तर पर उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ईकेवायसी और खसरा से आधार लिंक करने पर समस्या होने पर हेल्प डेस्क 0755-2700800 पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि खसरा लिंकिंग का काम चल रहा है। पटवारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।


## 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 7 फरवरी से होंगी

# एस्मा लागू, अब शिक्षक नहीं ले सकेंगे छुट्टी, आंदोलन, प्रदर्शन पर भी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं फरवरी माह से शुरू होंगी। परीक्षाओं को देखते हुए एसेंशियल सर्विसेज मेंटेनेंस एक्ट (एस्मा) लागू कर दिया है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग साढ़े तीन लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। एस्मा के तहत अब शिक्षक न तो छुट्टी ले सकेंगे और न ही किसी तरह का आंदोलन, धरना या प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही परीक्षा संबंधी ड्यूटी से इनकार करना भी कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा। यह व्यवस्था 1 फरवरी से 30 अप्रैल तक लागू रहेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 7 फरवरी से 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं, जिनमें करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। इसी व्यवस्था के तहत माध्यमिकम शिक्षा मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।




## आयुक्त के आदेश का दो दिन दिखा असर, फिर वहीं हालात

जेडओ को खुले आसमान के नीचे सोने वालों को रैन बसेरे तक पहुंचाने की है जिम्मेदारी पर ये क्या...

# सीएम के निरीक्षण के दो दिन बाद ही लापरवाही...अब भी बड़ी संख्या में लोग खुले में रात गुजारने को मजबूर


मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निरीक्षण के अगले दिन पुलिस ने फुटपाथ पर सोने वालों को हटाया, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी इस काम में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त ने बीते माह शहर के सभी जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों को समझाइश देकर रैन बसेरे तक पहुंचाने का बाकायदा आदेश जारी किया था। रात करीब आठ बजे यह आदेश जैसे ही वाटसएप ग्रुपों में वायरल हुआ शहरभर के जेडओ और एएचओ अलर्ट हो गए और देर रात तक जहां लोग मिले, उन्हें रैन बसेरे पहुंचाया। उसके बाद हालात जस के तस हो गए। देर रात अब भी बडी संख्या में लोग खुले आसमान के नीचे ही रात गुजारने को मजबूर हैं।

पुराने शहर के इकबाल मैदान के पास जहां बेरिकेड्स लगे हैं उसकी आढ़ में बीती रात बड़ी संख्या में राहगीर खुले आसमान के नीचे रात गुजारते मिले। इसके अलावा इमामी गेट, सिंधी कॉलोनी रोड, डीआईजी बंगला क्षेत्र में भी लोग सोते मिले, लेकिन इस दौरान निगम के वाहन ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए पेट्रोलिंग करते नजर नहीं आए। जबकि इन इलाकों से आसपास बड़ी संख्या में रैन बसेरे हैं।

**जोन स्तर पर निगरानी के आदेश दिए हैं**


इकबाल मैदान के सुरक्षा दीवार के पास सोते लोग।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि बीते माह जोन स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों को समझाईश देकर रैन बसेरों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर कहीं से कोई शिकायत मिली तो अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।


डीआईजी बंगला के पास कड़कड़ाती सर्दी में सोते लोग।

### व्यवस्था पर पूरी नजर, लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई: महापौर

महापौर मालती राय का कहना है कि ठंड के दिनों में कोई भी राहगीर खुले आसमान के नीचे रात न गुजारे इसके निर्देश पहले दिए जा चुके हैं। वे खुद निरीक्षण कर व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। अगर कहीं कोई लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### बजाज की एनएसडीएल के साथ साझेदारी

**मुंबई।** बजाज ब्रोकिंग ने निवेश के क्षेत्र को और अधिक सुलभ, सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ बेहद महत्वपूर्ण साझेदारी की है। इस साझेदारी में निवेश की सुविधाओं को हर किसी के लिए और अधिक सुलभ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। निवेश शुरू करने की आसान प्रक्रियाओं से लेकर खाता जल्दी खुलने और बजाज ब्रोकिंग साथ मिलकर निवेशकों के लिए कहीं भी और कभी भी निवेश की शुरुआत करना बेहद आसान बना देंगे।

### निप्पॉन पेंट ने पेश की रणनीतिक रूपरेखा

**चेन्नई।** जापान की निप्पॉन पेंट होल्डिंग्स की अनुषंगी निप्सी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने अपने नए प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा के नेतृत्व में भारत केंद्रित वृद्धि रणनीति की घोषणा की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा ने कहाकि भारत निप्पॉन पेंट के लिए, एक प्राथमिकता वाला बाजार है हमारा ध्यान एक अलग, इंडिया फर्स्ट की वृद्धि रणनीति के निर्माण पर है जो विनिर्माण की ताकत, अनुशासित क्रियान्वयन पर आधारित हो।

### कल भोपाल में डॉ. युगल किशोर देंगे परामर्श

**भोपाल।** प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ और सर्जन डॉ. युगल किशोर मिश्रा, चेयरमैन मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ कार्डियक साइंसेज, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल हर महीने के दूसरे रविवार यानि 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भोपाल के मालवीय नगर स्थित एके मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोगियों को परामर्श देते हैं।

### महिंद्रा मनुलाइफ इनोवेशन ऑपर्चुनिटीज फंड लांच

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और मनुलाइफ इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उद्यम, महिंद्रा मनुलाइफ म्यूचुअल फंड ने महिंद्रा मनुलाइफ इनोवेशन अपॉर्चुनिटीज फंड लांच करने की घोषणा की है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) शुक्रवार को खुला और 23 जनवरी 2026 को बंद होगा। यह स्कीम 2 फरवरी 2026 से निरंतर बिक्री और पुनर्खरीद के लिए फिर से खुलेगी।

### हिमालया का 'वॉरी-फ्री केयर' का नया कैंपेन शुरू

**नई दिल्ली।** बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने एक भावनात्मक कैंपेन लांच किया है, जो शिशु की पहली सर्दियों के दौरान एक मां की सहज चिंता को दर्शाता है। सर्दियों की ठंडी और रूखी हवा की पृष्ठभूमि में यह फिल्म माता-पिता और शिशु के बीच स्नेहपूर्ण पल को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है, जहां वे अपने नन्हे बच्चे की कोमल त्वचा और गालों की सुरक्षा करते दिखाई देते हैं।

### एक्सिस ने 'व्यापार बिज़नेस लोन' लांच किया

**मुंबई।** एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने 'एक्सिस फाइनेंस व्यापार बिजनेस लोन' के लांच की घोषणा की। यह बिना किसी गारंटी वाला क्रेडिट समाधान है, जिसे भारत के अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लघु और छोटे व्यवसायों की वित्तीय ज़रूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है। व्यापार बिजनेस लोन का उद्देश्य रिटेल, सर्विस और ट्रेडिंग से जुड़े लघु और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

### अवीवा इंश्योरेंस ने लांच किया स्मार्ट वाइटल

**नई दिल्ली।** अवीवा इंडिया ने अवीवा स्मार्ट वाइटल प्लान लांच करने की घोषणा की है। यह इंडीविजुअल नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग प्योर रिस्क हेल्थ इंश्योरेंस बेनिफिट प्लान है। इसमें क्रिटिकल बीमारियों की स्थिति में प्रोटेक्शन मिलता है। इसमें बेस सम एश्योर्ड 10 लाख रुपए से शुरू होता है।

### टाटा समूह ने 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' के लिए अनन्या को बतौर ब्रांड घोषित किया

# तनिष्क ने पेश किया 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' का नया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरू

टाटा समूह की भारत की सबसे बड़ी ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को ब्रांड का चेहरा घोषित किया है। यह कदम तनिष्क के निरंतर विकसित होते ब्रांड सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अनन्या के साथ यह जुड़ाव आधुनिकता, आत्म-अभिव्यक्ति और प्रासंगिकता पर ब्रांड के बढ़ते फोकस को दर्शाता है। साथ ही, यह आज की आत्मविश्वासी और स्टाइल-फॉरवर्ड महिलाओं से, विभिन्न श्रेणियों और अवसरों में, तनिष्क के ज्वेलरी पोर्टफोलियो के मजबूत जुड़ाव को और सुदृढ़ करता है।



#### ब्रांड का सबसे बड़ा वार्षिक उत्सव

इस घोषणा के साथ ही तनिष्क अपने बहुप्रतीक्षित 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' को एक बार फिर लेकर आया है, जो प्राकृतिक हीरे के आभूषणों का ब्रांड का सबसे बड़ा वार्षिक उत्सव है। वर्षों से यह उत्सव ग्राहकों के लिए तनिष्क की व्यापक डायमंड दुनिया को जानने का एक प्रमुख अवसर रहा है। जिसमें रोजमर्रा के आधुनिक डिजाइनों से लेकर शानदार स्टेटमेंट पीसेज तक शामिल हैं। इस वर्ष यह उत्सव आधुनिक, बहुउपयोगी और डिजाइन-आधारित रोजमर्रा के प्राकृतिक डायमंड ज्वेलरी में तनिष्क की नेतृत्वकारी भूमिका को और मजबूती से स्थापित करता है।

#### तनिष्क के 10,000 से अधिक डायमंड डिजाइन्स

फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स के अंतर्गत तनिष्क 10 हजार से अधिक डायमंड डिजाइन्स प्रस्तुत कर रहा है, जो रोजमर्रा के डायमंड आभूषणों के सबसे व्यापक कलेक्शनों में से एक है। इसमें ईयररिंग्स, ईयरकफ्स, सुई-धागा, ड्रॉप्स, हूप्स, स्टड्स, रिंग्स, नेकवेयर, बैंगल्स, ब्रेसलेट्स और कई अन्य श्रेणियाँ शामिल हैं। 10 हजार से शुरू होने वाले डिजाइंस और डायमंड वैल्यू पर फ्लैट 20 फीसदी की छूट के साथ, यह उत्सव कारीगरी, डिजाइन की शुद्धता और भरोसे से समझौता किए बिना प्राकृतिक हीरों को अधिक सुलभ बनाने के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### सहज खुशी का उत्सव है, जो तनिष्क के प्राकृतिक हीरे जगाते हैं

तनिष्क ने अनन्या पांडे के साथ एक नया फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स अभियान लांच किया है, जो उस बालसुलभ खुशी और भीतर की आजादी को दर्शाता है, जिसे हीरे हर महिला में जागृत करते हैं। अपने भीतर की लड़की को पंख दो पंक्ति पर आधारित यह फिल्म अनन्या के माध्यम से बेफिक्र खुशी और चंचल खोज के पलों को दिखाती है।

### अमिताभ बच्चन बने कैम्पा-श्योर' पैकेज्ड वाटर के ब्रांड एंबेसडर

# रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने किया दिग्गज अभिनेता से करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरू

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरसीपीएल) की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने अपनी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ब्रांड कैंपा श्योर के लिए बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कैंपा ब्रांड की तरह ही अमिताभ बच्चन भी उत्कृष्टता और भरोसे के प्रतीक माने जाते हैं और देश-विदेश में उनके करोड़ों प्रशंसक हैं। यह साझेदारी उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत करेगी। आरसीपीएल ने वर्ष 2022 में कैंपा कोला का अधिग्रहण किया था और 2023 में इसे दोबारा




भारतीय बाजार में उतारा। इसके बाद कंपनी ने कैंपा एनर्जी ड्रिंक्स, रसिक बेवरेजेज, जूस और अब कैंपा श्योर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर के जरिए अपने बेवरेज पोर्टफोलियो का सफलतापूर्वक विस्तार किया है। आज कैंपा भारतीय सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में एक मजबूत ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

#### हर भारतीय तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की पहल

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन मोदी ने कहाकि जिस तरह कैंपा एक भरोसेमंद भारतीय ब्रांड है, उसी तरह अमिताभ बच्चन भी हर भारतीय के दिलों पर राज करते हैं और उनकी लोकप्रियता सीमाओं से परे है। दोनों ही भरोसे, शुद्धता और प्रामाणिकता के प्रतीक हैं। अमिताभ बच्चन ने कहाकि कैंपा श्योर से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। हर भारतीय तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की इस पहल ने मुझे बेहद प्रभावित किया है।

#### कैंपा में हर बूंद में शुद्धता और गुणवत्ता

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अनुसार कैंपा श्योर को सुरक्षित पेयजल को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों पर लांच किया गया है। यह 250 मिली, 500 मिली, 1 लीटर, 2 लीटर, 5 लीटर, 10 लीटर और 20 लीटर जैसे विभिन्न पैक साइज में उपलब्ध है।

# सिंटेक्स ने भोपाल में लांच किया एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वेलस्पन के ब्रांड सिंटेक्स ने छत्तीसगढ़, पंजाब, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और राजस्थान के बाद शुक्रवार को राजधानी भोपाल में पहला एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप लांच किया। इसके साथ ही 50 वर्षों की विश्वसनीय विरासत के साथ सिंटेक्स ने जल भंडारण से जल वितरण की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया है, जो उसके नवाचार और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सिंटेक्स के डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने कहाकि कंपनी ने सीपीवीसी, यूपीवीसी, एसडब्ल्यूआर, रीकलेम, एग्री, अंडरग्राउंड ड्रेनेज और सरफेस ड्रेनेज पाइप्स एवं फिटिंग्स। ये पाइप्स गर्म और ठंडे पानी, ग्रे वाटर और ब्लैक वाटर के सभी प्रबंधन की प्लंबिंग जरूरतों को पूरा करते हैं।


#### गुणवत्ता और नवाचार के साथ जल वितरण की चुनौती को सुलझाने में उठा रहे अहम कदम : डायरेक्टर यशोवर्धन

डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने बताया कि भोपाल में सिंटेक्स पाइप्स के लांच के साथ हम गुणवत्ता और नवाचार के साथ जल वितरण की चुनौती को सुलझाने की दिशा में एक और अहम कदम उठा रहे हैं। विश्व के पहले एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप्स को लांच करना न केवल एक नई श्रेणी में प्रवेश करने के बारे में है - यह हमारी जल यात्रा का विस्तार और एक समग्र, स्वास्थ्य-प्रेरित जल प्रबंधन समाधान प्रदान करने की दिशा में कदम है। यशोवर्धन अग्रवाल ने बताया कि लगभग 7.2 करोड़ की आबादी वाले मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, सतना और जबलपुर जैसे तेजी से बढ़ते शहर शामिल हैं, ये सभी भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के प्रमुख शहर भी हैं। अक्टूबर 2024 में सिंटेक्स ने 85 करोड़ रुपए में वीटेक प्लास्टिक्स का 100 फीसदी अधिग्रहण किया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित वीटेक प्लास्टिक्स की सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 19,000 मीट्रिक टन है।

## बिजनेस न्यूज

### मलाबार ने की माइन डायमंड फेस्टिवल की घोषणा डायमंड वैल्यू पर 30 फीसदी तक की छूट

**मुंबई।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने विशेष ब्रांड, 'माइन डायमंड्स' के प्रमाणित प्राकृतिक हीरा आभूषणों के इन-स्टोर प्रदर्शन 'माइन डायमंड फेस्टिवल' की घोषणा की है। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, ग्राहक प्राकृतिक हीरे के मूल्य पर 30 फीसदी तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे प्रामाणिक प्राकृतिक हीरों को बेहतर मूल्य पर खरीदने का यह एक अनूठा अवसर बन गया है। माइन डायमंड फेस्टिवल 20 दिसंबर 2025 से 26 जनवरी 2026 तक पूरे भारत में चलेगा। माइन डायमंड फेस्टिवल में 'माइन डायमंड्स' का एक विस्तृत संग्रह पेश किया गया है, जिसमें सॉलिटेयर, उत्सवों के लिए तैयार डायमंड ज्वेलरी, हल्के वजन वाले रोजमर्रा के गहने और ब्राइडल (वैवाहिक) संग्रह शामिल हैं। ग्राहक नेकलेस, झुमके, स्टड्स, अंगूठियां, लेयर्ड चेन और कोऑर्डिनेटेड सेट्स देख सकते हैं, जिनके डिजाइन साधारण और न्यूनतम स्टाइल से लेकर भव्य लुक तक उपलब्ध हैं। यह प्रदर्शनी पहली बार हीरा खरीदने वालों और अपने संग्रह को बढ़ाने या अपग्रेड करने की इच्छा रखने वाले ग्राहकों, दोनों की जरूरतों को पूरा करती है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि आज का ग्राहक ऐसे प्राकृतिक हीरे चाहता है जो रोजमर्रा की जिंदगी में सहजता से फिट हो सकें और जिनमें प्रमाणन व मूल्य निर्धारण को लेकर पूर्ण स्पष्टता हो। 'माइन डायमंड्स' इसी भरोसे पर टिका है, जिसे प्रमाणित प्राकृतिक हीरों, पारदर्शी मूल्य विवरण और एक सख्त गुणवत्ता प्रक्रिया के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। माइन डायमंड फेस्टिवल के साथ, हम हीरे के मूल्य पर 30 फीसदी तक की अतिरिक्त छूट दे रहे हैं, जबकि उस विश्वास को बरकरार रख रहे हैं जिसे ग्राहक मलाबार के साथ जोड़ते हैं।



### पीएनबी ने किया नई हॉकी अकादमी का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने शुक्रवार को दिल्ली में अपने हॉकी अकादमी के नवीकृत स्वरूप का उद्घाटन किया। यह कदम देश में हॉकी को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को निखारने के प्रति बैंक की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को फिर से पुष्ट करता है। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने मुखर्जी नगर स्थित इस नई अकादमी का उद्घाटन बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, वरिष्ठ हॉकी टीम के कोच और खिलाड़ियों की उपस्थिति में किया। पीएनबी के दो सम्मानित कार्मिकों और भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख फॉरवर्ड खिलाड़ी अभिषेक और सुखजीत सिंह जो ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, ने हाल ही में एशिया कप 2025 में भारत का मान बढ़ाया है।



### शीला एड मेकर्स के अग्रवाल ने किया भारत भूषण को सम्मानित

**भोपाल।** रीवा जिले के बरौला टोला से 4000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकले भारत भूषण तिवारी भोपाल पहुंचे। भोपाल आगमन पर शीला एड मेकर्स के संचालक अजय अग्रवाल ने उन्हें पुष्पमाला, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। तिवारी ने बताया कि उनकी इस साइकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जन-जागरण करना तथा गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए समाज में चेतना फैलाना है। यह यात्रा मथुरा, वृंदावन, प्रयागराज सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों से होकर गुजर रही है और अंत में रीवा पहुंचकर इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आस्था, संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर लोगों का व्यापक समर्थन मिल रहा है।



### ट्राई ने भोपाल से रतलाम रेल मार्ग में किए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट आयोजित

**भोपाल।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नवंबर 2025 के महीने के दौरान दुर्ग-भिलाई शहर, रायपुर से जगदलपुर राजमार्ग और भोपाल से रतलाम रेल मार्ग में इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट आयोजित किए थे। इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट को विभिन्न उपयोग क्षेत्रों -जैसे शहरी, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्र आदि में वास्तविक दुनिया के मोबाइल प्रदर्शन को आंकने के लिए डिजाइन किया गया है। ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से दुर्ग-भिलाई शहर में 357.4 किलोमीटर सिटी टेस्ट और 4.7 किलोमीटर वॉक टेस्ट 19 से 22 नवंबर 2025 के बीच, रायपुर से जगदलपुर तक 297.8 किलोमीटर का हाईवे टेस्ट 17 नवंबर 2025 को और भोपाल से रतलाम तक 280.7 किलोमीटर का रेल रूट टेस्ट विस्तृत संपन्न किए।

### एक्सिस बैंक ने 995 से अधिक स्कूलों को प्रतियोगिता स्प्लैश से जोड़ा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अपनी वार्षिक कला, क्राफ्ट और साहित्य प्रतियोगिता स्प्लैश 2025 का सफल आयोजन किया। यह इस प्रतियोगिता का 13वां संस्करण था, जिसमें देशभर के 995 से अधिक स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। एक्सिस बैंक की ब्रांड सोच 'दिल से ओपन' से प्रेरित इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय 'ड्रीम' रखा गया। इस विषय के तहत 2.66 लाख से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पना व रचनात्मकता को अभिव्यक्त किया। इसी विषय के अनुरूप एक्सिस बैंक ने 'एआई ड्रीम जेनरेटर' भी लांच किया गया किया। यह एक इंटरैक्टिव डिजिटल टूल है, जो बच्चों को उनके सपनों को साकार रूप देने में मदद करता है।

### लीफोर्ड हेल्थकेयर ने किया 200 करोड़ रुपए का निवेश, टाइगर श्रॉफ को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**लुधियाना।** लीफोर्ड हेल्थकेयर लिमिटेड ने अगले तीन सालों में अपने ऑर्थोपेडिक और मोबिलिटी एड्स डिवीजन को तेजी से बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपए के रणनीतिक निवेश की घोषणा की है। इस विस्तार के हिस्से के रूप में कंपनी ने एक्शन सुपरस्टार और फिटनेस आइकन टाइगर श्रॉफ को अपने ऑर्थोपेडिक और मोबिलिटी एड्स डिवीजन का ब्रांड एंबेसडर बनाया है और अपना राष्ट्रव्यापी कैंपेन, 'फिट रहो, हिट रहो' लांच किया है। कंपनी की डायरेक्टर सुश्री नेहा गुप्ता ने कहाकि भारत का ऑर्थोपेडिक सपोर्ट और मोबिलिटी एड्स बाजार वर्तमान में सालाना 2500 करोड़ रुपए का है।



### एथर एनर्जी के ग्राहक अब 5000 से अधिक टू-व्हीलर फास्ट चार्जर का कर सकेंगे उपयोग

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी के ग्राहकों को अब भारत में एलईसीसीएस (लाइट इलेक्ट्रिक कंबाइंड चार्जिंग सिस्टम) कनेक्टर के साथ 5000 से अधिक पब्लिक फास्ट चार्जर उपलब्ध हो गए हैं। 395 से ज्यादा शहरों में फैले इस नेटवर्क में 3,675 से अधिक फास्ट चार्जर सीधे एथर एनर्जी द्वारा संचालित किए जा रहे हैं तथा 1400 से अधिक चार्जर पार्टनर नेटवर्क द्वारा संभाले जा रहे हैं। ये चार्जर बड़े मेट्रो शहरों, टियर 2 शहरों और टियर 3 शहरों के साथ इंटरसिटी मार्गों पर भी स्थित हैं, जिससे लंबी दूरी की राइड और दैनिक राइड बहुत आसान हो जाती है। बैंगलुरु, पुणे, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में से प्रत्येक में 100 से अधिक एलईसीसीएस चार्जर लगे हैं। अकेले बैंगलुरू में 240 से अधिक एलईसीसीएस चार्जर हैं। सबसे अधिक संख्या में पब्लिक चार्जर कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिल नाडु, केरला और गुजरात आदि राज्यों में है। मेट्रो शहरों के अलावा नासिक, मलप्पुरम और इंदौर जैसे शहरों में से प्रत्येक में 45 से अधिक पब्लिक फास्ट चार्जर हैं, वहीं कोझिकोड और कोयम्बटूर में से प्रत्येक शहर में 65 से अधिक पब्लिक फास्ट चार्जर उपलब्ध हैं।



### एसएस इनोवेशंस ने किया रोबोटिक टेलीसर्जरी मैराथन का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के पहले स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, एसएसआईआई मंत्रा के विकासकर्ता एसएस इनोवेशंस इंटरनेशनल इंक ने 100 रोबोटिक टेलीसर्जरी के सफल समापन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की है। यह मील का पत्थर प्रौद्योगिकी-आधारित स्वास्थ्य सेवा के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो दर्शाता है कि स्वदेशी नवाचार के माध्यम से उन्नत सर्जिकल विशेषज्ञता को दूर-दूर तक विश्वसनीय रूप से कैसे पहुंचाया जा सकता है। यह उपलब्धि 14 लाख लोगों के देश में टेलीसर्जरी की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित करती है, जहां उन्नत शल्य चिकित्सा देखभाल तक पहुंच अभी भी असमान है। विशेषज्ञ सर्जनों को दूरस्थ रूप से ऑपरेशन करने में सक्षम बनाकर, एसएसआईआई मंत्रा स्वास्थ्य सेवा में मौजूद महत्वपूर्ण कमियों को दूर करने, भौगोलिक असमानताओं को कम करने और अधिक समावेशी एवं लचीले स्वास्थ्य सेवा तंत्र के निर्माण में सहयोग प्रदान करता है।



### फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 11 जनवरी शाम 5 बजे तक

# चेंबर चुनावः 200 नामांकन फॉर्म का वितरण, अभी सिर्फ 2 फॉर्म ही जमा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान चुनाव प्रक्रिया (चुनाव वर्ष 2026) के तहत बीत तीन दिनों (6-7-8 तक) में बतौर प्रत्याशी के लिए भागीदारी दर्ज कराने कुल 200 नामांकन फॉर्म का वितरित हुआ। जिसमें से शुक्रवार यानी 9 जनवरी को कार्यकारणी प्रत्याशी के सिर्फ 2 फॉर्म जमा हुए।

पर्यवेक्षक डॉ. पीसी कोठारी ने बताया की गुरुवार को फार्म वितरण का अंतिम दिन रहा। जबकि फार्म जमा करने के तारीख 9 जनवरी यानि शुक्रवार से शुरू हुई। नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 11 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे तक सुनिश्चित है। उन्होंने बताया फॉर्म जमा करने के पहले दिन शुक्रवार को 200 वितरित फॉर्म में से सिर्फ 2 फॉर्म कार्यकारिणी सदस्य प्रत्याशी के लिए जमा हुए हैं। पर्यवेक्षक डॉ.कोठारी ने बताया कि नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार अपना, प्रस्तावक एवं अनुमोदक का पहचान पत्र लगाना होगा और नामांकन पत्र करते समय उम्मीदवार की उपस्थिति आवश्यक रहेगी। प्राप्त नामांकन पत्रों के बाद दो दिन नामांकन की जांच 12 और 13 जनवरी 2026 को की जाएगी। कोठारी के अनुसार मतदान 1 फरवरी 2026 को मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, श्यामला हिल्स, भोपाल में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### न्युवोको कांक्रीटो ट्राई शील्ड लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

न्युवोको कांक्रीटो ट्राई शील्ड के लांच की घोषणा की है। यह एक हाई-परफॉर्मेंस रेडी-मिक्स कॉन्क्रीट है जिसे स्ट्रक्चर की ड्यूरेबिलिटी और लंबी उम्र बढ़ाने के लिए इंजीनियर किया गया है। न्युवोको कांक्रीटो पोर्टफोलियो का हिस्सा, न्युवोको कांक्रीटो ट्राई शील्ड एक थ्री-इन-वन ड्यूरेबिलिटी सॉल्यूशन है जिसे पूरे भारत में स्ट्रक्चर को बढ़ते सख्त पर्यावरणीय प्रभावों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको कांक्रीटो ट्राई शील्ड हमारे इस कमिटमेंट को दिखाता है कि हम ऐसे इनोवेशन के जरिए कस्टमर वैल्यू बनाते हैं जो जमीन पर कंस्ट्रक्शन की असली चुनौतियों का सामना करते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना सं. पूमरे-मुप्रअ-नि-उ-ईटीएन-32-25-26**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर डिवीजन के अंतर्गत सीतामढ़ी-जयनगर-निर्मली वाया सुरसांड नई लाइन परियोजना के संबंध में डीजीपीएस आधारित एकीकृत ड्रोन का उपयोग करके हवाई स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, यातायात अध्ययन, ईआईआरआर और एफआईआरआर की गणना, संशोधित एल-सेक्शन की तैयारी, डीपीआर, ईएसपी, एसआईपी और जीएडी की तैयारी, मृदा अन्वेषण, रिपोर्ट और मात्रा बिल की तैयारी और ईपीसी निविदा दस्तावेज और अन्य सहायक कार्यों के संचालन के लिए सेवाएं प्रदान करना। (2) **कार्य का लगभग मूल्य:** रू. 2,75,38,444.59 (3) **निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा:** रू. 2,87,700.00 (4) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 30.01.2026, चौदह तीस बजे। (5) **बेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि:** उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1591/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25-26/44



**बैंक आफ महाराष्ट्र**
(भारत सरकार का उद्यम)
www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टी.टी. नगर शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
| --- | --- | --- |
| ऋणी : 1. **मेसर्स अविनाश ट्रेडर्स** **प्रोप.-श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा** **2. श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा** पता 1:- प्लॉट नंबर 25 और 15 सरदार वल्लभ भाई, पटेल आवासीय योजना फेज-02, सेक्टर नंबर बी सलैया, भोपाल, म.प्र.-462026 पता 2:- फ्लैट नंबर 403, ब्लॉक- जे-3, मैरीगोल्ड, चौथी मंजिल, कैनाल किंशिप अपार्टमेंट, बीडीए गरोंडा स्कीम के सामने, सलैया, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र.-462026 पता 3:- फ्लैट नंबर ए-3/304, कैनाल किंशिप अपार्टमेंट, सलैया, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल, म.प्र.-462026 | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी फ्लैट नं. जे-3/403 (चतुर्थ तल) मुख्य सड़क से दूर स्थित, जिनका निर्मित क्षेत्रफल 1,047 वर्गफीट (एक हजार सैंतालीस वर्गफीट) अर्थात 97.30 वर्गमीटर, खसरा संख्या 150/2, 177/2, 178, 179 और 180 का भाग, जिसका क्षेत्रफल क्रमशः 1.57 हेक्टेयर, 0.72 हेक्टेयर, 0.40 हेक्टेयर, 0.10 हेक्टेयर और 0.10 हेक्टेयर है, कुल 2.89 हेक्टेयर। यह इकाई बहुमंजिला इमारत 'कैनाल किनशिप' ब्लॉक जे-3 का भाग, ग्राम सलैया, पटवारी हल्का नंबर 30, राजस्व निरीक्षक सर्किल-3, विकास खंड फंदा, तहसील कोलार, जिला भोपाल (म.प्र.) नगर निगम वार्ड क्रमांक 83 के अंतर्गत स्थित है। चर्तुसीमाएं- पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: गलियारा, उत्तर में: फ्लैट नंबर 402, दक्षिण में: फ्लैट नंबर 404 संपत्ति मालिक- श्री अविनाश मेहरा पुत्र श्री के.एस. मेहरा के पास है। Cersai Asset ID -200080056134 | ₹ **88,46,551.91** + दिनांक 13/10/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल खर्च; मांग सूचना दिनांक 13/10/2025; कब्जा दिनांक 09/01/2026 |


दिनांक : 10/01/2026
स्थान: भोपाल

(अमित कुमार)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, टी.टी. नगर शाखा, भोपाल

## चिंतन

# अमेरिका ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतरा

भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर बिलबिला रहा अमेरिका अब ऊल-जलूल बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका लगातार भारत को लेकर गलत बयानबाजी कर रहा है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी बयानबाजियों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। हालांकि भारत लगातार संयमित तरीके से जवाब दे रहा है। अब अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि भारत के साथ ट्रेड डील किसी पॉलिसी विवाद की वजह से नहीं रुकी है, बल्कि इसका कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे फोन न करना है। इस मामले से जुड़े जानकार इसे ट्रम्प के 'ईगो' से जोड़कर देख रहे हैं। वह मान रहे हैं कि ट्रम्प निजी तौर पर कॉल की उम्मीद कर रहे थे, जो भारतीय प्रधानमंत्री ने नहीं की। उधर, भारत ने अमेरिकी मंत्री के बयान को झूठा और गलत बताते हुए इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी और प्रेसिडेंट ट्रम्प 2025 में 8 बार फोन पर बात कर चुके हैं। 'भारत और अमेरिका 13 फरवरी 2025 से बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं। कई राउंड नेगोशिएशन हो चुके हैं और कई बार हम डील के करीब पहुंचे हैं। भारत बेनिफिशियल ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता है। मोदी-ट्रम्प की 8 बार बातचीत से साफ है कि लीडरशिप लेवल पर वार्ता जारी है। ट्रंप ने लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है, लेकिन भारत ने अपने रुख पर कायम रहते हुए अमेरिका को जवाब दिया है। अमेरिका के इस कदम को कई विश्लेषकों ने दबाव की कूटनीति करार दिया है। उनका मानना है कि ट्रंप भारत को रूस और ईरान से दूरी बनाने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ बिल पर भी भारत ने कहा कि 'एनर्जी सोर्सिंग के बड़े सवाल पर हमारा रुख जगजाहिर है। हम ग्लोबल मार्केट के बदलते डायनामिक्स और अपने 1.4 अरब भारतीय लोगों की एनर्जी सिक्योरिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग सोर्स से सस्ती एनर्जी हासिल करने की जरूरत से गाइड होते हैं। भारत की ऊर्जा नीति किसी दबाव में नहीं बदलेगी। हमारा ध्यान इस बात पर है कि भारत के लोगों को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जाए। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए दुनियाभर के बाजारों पर नजर बनाए हुए है। जहां से सस्ती चीजें मिलेंगी, हम उन पर काम करते रहेंगे'। भारत ने साफ कहा कि टैरिफ के मसले पर हम अपने हितों के साथ कतई समझौता नहीं करेंगे। अमेरिका चाहता है कि ट्रेड डील उसकी शर्तों पर हो, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि लुटनिक के बयान को अमेरिका का दबाव बनाने का तरीका माना जा रहा है। अमेरिका भारत को रूस और चीन से दूरी बनाने के लिए मजबूर करना चाहता है। ट्रेड डील का मामला राजनीति में उलझ गया है। अमेरिका अपने हितों को प्राथमिकता देना चाहता है, जबकि भारत अपने हितों को बचाना चाहता है। भारत ने अमेरिका के दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा है कि वह अपने हितों के अनुसार निर्णय लेगा। ट्रेड डील का मामला वैश्विक व्यापार को भी प्रभावित कर सकता है। अगर अमेरिका और भारत के बीच डील नहीं होती है तो इसका असर अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।



# बंगाल में बढ़ती राजनीतिक तकरार

**एसआईआर**

शशिधर खान

> चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाने के कारण बढ़ी है। इसमें मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार और चुनाव आयोग के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव करीब आ रहा है, लगभग सीधी टकराव की नौबत आती जा रही है। इसमें भाजपा भी निशाने पर है क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (दीदी) समेत उनकी पार्टी के सभी नेता चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर पश्चिम बंगाल में मतदाताओं का नाम हटाने का आरोप लगा रहे हैं। बिहार में भी चुनाव आयोग ने वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल और सहयोगी कांग्रेस वाम दलों के एसआईआर विरोध के बीच गत वर्ष कराया। कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया मतदान शुरू होने के समय तक टलती रही। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) और भाजपा गठजोड़ को भारी ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद राजद-कांग्रेस का चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप वहीं सीमित रह गया।

अभी वही स्थिति पश्चिम बंगाल और केरल में पैदा हो गई है। इस वर्ष अप्रैल-मई में पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, जिनमें इन दोनों विधान सभाओं के अलावा असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी भी हैं लेकिन एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा से तनातनी में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है। दूसरे नंबर पर केरल है। इन दोनों राज्यों में भी एसआईआर बिहार की तरह जून, 2025 में शुरू होने के समय से ही विवादित है। केंद्र में तो भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठजोड़ सरकार है ही, पश्चिम बंगाल विधान सभा में भाजपा मुख्य विपक्षी दल है। नए साल की शुरुआत राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच नई खींचातानी मतदाताओं की मसौदा सूची में से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने के कारण बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के काम में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) दोहरी मार झेल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में यह राजनीतिक विवाद अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है कि आए दिन राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस नेता और चुनाव आयोग एक-दूसरे को चुनौती देने वाला बयान आए दिन जारी कर रहे हैं। 3 जनवरी को एसआईआर विवाद उस समय गहरा गया, जब चुनाव आयोग ने पांच चुनाव कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। इन कर्मियों को निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्र वितरण और उसे इकट्ठा करने में कथित अनियमितता का दोषी पाया है। यह तब हुआ जब 31 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की दिल्ली में चुनाव आयोग से मुलाकात हुई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बातचीत का माहौल अच्छा नहीं था। मुलाकात के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बूथ स्तरीय अधिकारी, मतदाता सूची अधिकारी, पर्यवेक्षक समेत एसआईआर के काम में लगे किसी भी कर्मचारी को राजनीतिक प्रतिनिधियों द्वारा डराया/धमकाया जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 04 नवंबर से बंगाल



में एसआईआर प्रक्रिया शुरू हुई और उस महीने भी तृणमूल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। उस वक्त अन्य राज्यों से भी बीएलओ की आत्महत्या, मौतों की खबरें आ रही थी और हर जगह काम का अत्यधिक दबाव कारण बताया गया। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर चुनाव आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण, मसौदा सूची और अंतिम मतदाता सूची की डेडलाइन तारीखें बढ़ाई लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को सीइसी ने नवंबर में बीएलओ पर दबाव का कारण दूसरा बताया। सीइसी के अनुसार पार्टी कार्यकर्ताओं और खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ तथा अन्य एसआईआर कर्मियों को धमकी दी कि मृत मतदाताओं, अन्यत्र चले गए और एक से ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज मतदाताओं का नाम सूची से हटाने की अनुशंसा न भेजें। उस सिलसिले में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्देश दिया था कि बीएलओ लोगों को पार्टी कार्यकर्ताओं से सुरक्षा प्रदान करें। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के लिए बढ़ाए गए मानदेय की राशि तत्काल मुहैया कराने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से आग्रह किया। उसके जवाब में टीएमसी सूत्रों ने चुनाव आयोग से कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री को राज्य का रोका गया 2 लाख करोड़ फंड जारी करने के लिए सीइसी ज्ञानेश कुमार को लिखना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कथित लापरवाही के दोषी पांच बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, उस दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा। चुनाव आयोग को लिखा गया दीदी का यह तीसरा पत्र है। मुख्यमंत्री ने आयोग को लिखा कि या तो मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे झमेले को दूर करें या पश्चिम बंगाल में इसे रोकें। पत्र में दीदी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से एसआईआर प्रक्रिया में लाखों लोगों को पहले वोट डालने के संवैधानिक अधिकार से वंचित किया गया और फिर आपत्तियों/दावे प्रस्तुत करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। सागर दीप में एक जनसभा में दीदी ने चुनाव आयोग को धमकी दी कि मतदाताओं को परेशान करना अगर बंद नहीं हुआ तो वे चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी। शीर्ष कोर्ट में पहले से ही एसआईआर पर सुनवाई चल रही है और चीफ जस्टिस सूर्यकान्त ने नए वर्ष के दिन कहा कि ऐसे संवैधानिक मामले निबटाने में तेजी लाने के लिए ज्यादा पीठों का गठन उनकी प्राथमिकता है। गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग का फोकस बांग्लादेशी घुसपैठिया पर है, जिनमें मुसलमान ज्यादा हैं। जहां तक बांग्लादेशी हिंदू समुदाय की नागरिकता का सवाल है, दीदी ने दोनों को मतुआ समुदाय की हालत की ओर ध्यान दिलाया।

उत्तरी 24 परगना और नादिया जिले के 15 चुनाव क्षेत्रों में मतुआ समुदाय की आबादी है, जो बांग्लादेश से आकर बसे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान इनका भविष्य अधर में लटका है। चुनाव आयोग ने इनकी नागरिकता और मतदाता सूची से नाम हटाने का मामला लटकाकर रखा है। पश्चिम बंगाल में विवाद ज्यादा तूल पकड़ने का असली कारण दो है। पहला, 16 दिसंबर को प्रकाशित एसआईआर मसौदा सूची से कटे 58 लाख नाम में से सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भवानीपुर विधान सभा सीट प्रभावित हुई। दूसरा, काटे गए नाम में से पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, जो दीदी की पार्टी को अन्य की अपेक्षा ज्यादा पसंद करती हैं। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि मुसलमान महिला वोटरों को चुनाव आयोग ने बांग्लादेशी घुसपैठिया करार दिया।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व हिंदी दिवस

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक परिदृश्य में बढ़ता हिंदी का मान

विश्व हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य विदेशो में हिंदी के प्रचार-प्रसार और लोगों में हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करना और हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन विदेशों में भारतीय दूतावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 1975 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया। साल 2006 में पहले विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ के दौरान इस दिन को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी, तब से विश्वभर के कई देशों और खास करके भारतीय दूतावासों में साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व हिंदी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रभाव बढ़ा है। हिंदी आज दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा लोकप्रिय भाषा बन गई है। भारत की आर्थिक वृद्धि और तकनीकी विकास ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर में रह रहे भारतीय समुदाय हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में काम में ले रहे हैं, जिससे हिंदी का वैश्विक दायरा बढ़ा है। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में हिंदी ने अपना वर्चस्व बढ़ाया है। मॉरीशस, सूरीनाम, फ़िजी, इंडोनेशिया, जापान, रूस आदि देशों में हिंदी और हिंदी सिनेमा के प्रभाव से भारतीय संस्कृति अक्षुण्ण बनी हुई है। हिंदी सिनेमा के वैश्विक प्रभाव ने निःसंदेह रूप से भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को विश्व समुदाय के बीच जीवंत किया है। हिंदी अब सिर्फ भारत की भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संवाद का एक माध्यम बन चुकी हैं, जिसने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति एवं विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। हिंदी का प्रवासी देशों में व्यापक प्रभाव बढ़ा है। आज विश्वभर के कई देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है और वहां का पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध है। विदेशी विद्यार्थी हिंदी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह एक भाषा और संस्कृति की व्यापकता को दर्शाता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का विदेशों में जितना प्रचार-प्रसार हिंदी के माध्यम से हुआ, वह अन्य भाषा में संभव नहीं था। यह हिंदी के लिए गौरव का विषय है। मॉरीशस के हिंदी कवि बृजेंद्र कुमार भगत की कविता में हिंदी के प्रति आत्मिक अभिव्यक्ति कुछ इस तरह मुखरित होती हैं-

*"हिंदी गई रसातल में, तो गई हमारी आशा*
*संस्कृति सिसक-सिसक रोएगी, धर्म मरेगा प्यासा*
*हिंदी को कुचलेगी प्यारे गौरांगों की भाषा*
*राम, कृष्ण, गौतम, गांधी की सीख सदा अपनाएं*
*दुनिया के कोने-कोने में हिंदी सुमन खिलाएं*
*जय-जय-जय हिंदी के नारे विश्व सकल गुंजाएं।"*

विदेशों में हिंदी बोलना ही नहीं, बल्कि साहित्य दृष्टि से भी अध्ययन, अनुवाद और अनुसंधान बढ़ा है। विदेशों में कई संस्थान और प्लेटफॉर्म हिंदी सिखा रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वैभव और आध्यात्मिक उन्नति ने विश्व परिदृश्य में हिंदी की प्रासंगिकता को और मजबूत किया है। जब पूरा विश्व भारत के साथ संबंध बनाने को उत्सुक है, ऐसे में भारत सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेशी यात्राओं में लगातार भारतीय समुदाय के साथ हिंदी में संवाद करते रहे हैं। विदेशों में हिंदी की स्थिति को और ज्यादा सुदृढ़ करने से पूर्व देश में हिंदी भाषा की जड़ें गहरे तक जमानी होंगी। हिंदी भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र का गौरव भी है। निःसंदेह रूप से वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की पहचान बनी है, लेकिन उसके प्रयोजनमूलक स्वरूप तथा उसकी स्वीकार्यता के लिए अधिक परिश्रम करना होगा, क्योंकि हिंदी राष्ट्र चेतना का प्रतीक और विश्व समन्वय की भाषा है। एक भाषा दूसरी भाषा को रचती है, लेकिन जो प्रश्न सालों से विश्व हिंदी दिवस के बहाने और उसके आस-पास उठते रहे हैं, उन पर चिंतन करने की भी आवश्यकता है।

हिंदी भाषा जो कभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रही, वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजभाषा बन गई और राजभाषा अधिनियम के बाद मात्र संपर्क भाषा के रूप में पहचानी जाने लगी। आज तक हम इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाए। हिंदी लोकतंत्र की भाषा है, लेकिन अंग्रेज भारत से जाते समय जो व्यवस्था पीछे छोड़ कर गए, हम उसी में उलझ कर रह गए। विश्व हिंदी दिवस के बहाने ही सही, एक साथ हम इस दिशा में आगे बढ़ें और वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ, हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित

**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा




संकलित

**प्रेरणा**

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## सटाका




## आज की पाती

**माइक्रो रोबोट ने लिखी सफलता की गाथा**

नमक के एक दाने से भी छोटे माइक्रो रोबोट का विचार आज विज्ञान कथा नहीं रहा, बल्कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में आकार ले चुकी एक ठोस वास्तविकता बन चुका है, जहां नैनोमीटर स्तर की इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा-संचयन की नई तकनीकें मिलकर ऐसे यंत्र रच रही हैं जो अपनी सूक्ष्म काया के बावजूद निर्णय लेने, प्रतिक्रिया देने और लक्ष्य के अनुसार काम करने की क्षमता रखते हैं। यह माइक्रो रोबोट न केवल आकार में क्रांतिकारी है बल्कि सोच की दिशा में भी एक नया अध्याय खोलता है क्योंकि इसके भीतर समाहित अल्ट्रा-मिनी कंप्यूटर और संवेदनशील सेंसर इसे आसपास के वातावरण को समझने और उसी के अनुरूप व्यवहार करने में सक्षम बनाते हैं। – **विवेक भगत**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### बंगाल में कमल खिलेगा



राजनीतिक अहंकार के कारण किसी भी नागरिक को प्रधानमंत्री-जय योजना के लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल का इंतज़ार लगभग खत्म हो गया है। कमल खिलेगा और प्रधानमंत्री-जय योजना जल्द ही हर घर तक पहुंचेगी।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### प्रवासी भारतीय दिवस



विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पहचान को गौरव के साथ स्थापित करने वाले समस्त प्रवासी भारतीय भाई-बहनों को प्रवासी भारतीय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य से भारत के समावेशी, सतत और सर्वांगीण विकास में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### राजकीय उत्सव



कोनासीमा के लोगों (जिन्होंने पीढ़ियों से इस परंपरा को संरक्षित रखा है) की भक्ति और आस्था का सम्मान करते हुए मंत्रिमंडल ने जगन्ना थोता प्रभाला तीर्थम को राजकीय उत्सव के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है।"

**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश**

### महिला सुरक्षा



मेरठ में दलित माँ की हुई हत्या तथा बेटी के अपहरण की घटना दुखद, शर्मनाक एवं चिन्तनीय। महिलाओं की इज़्ज़त-आबरू से खिलवाड़ और फिर हत्या आदि की घटनाओं को सरकार तत्काल सख्त कार्रवाई करे।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

**अपने विचार**


**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अंतरिक्ष यात्री बीमार, नासा ने मिशन अवधि छोटी की

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जारी अपने मिशन की अवधि को छोटा कर दिया है। नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका-जापान-रूस का चार सदस्यीय दल पूर्वनियोजित समय से पहले ही कुछ दिनों में धरती पर लौट आएगा। एक अंतरिक्ष यात्री की स्वास्थ्य समस्या के कारण नासा ने इस वर्ष का अपना पहला 'स्पेसवॉक' रद्द कर दिया। अंतरिक्ष एजेंसी ने गोपनीयता का हवाला देते हुए अंतरिक्ष यात्री या उसकी स्वास्थ्य समस्या का खुलासा नहीं किया। हालांकि उसने कहा कि अब चालक दल के सदस्य की हालत स्थिर है। नासा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेम्स पोल्क ने कहा कि नासा के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कोई आपातकालीन स्थिति नहीं थी, लेकिन वे ''चालक दल के सदस्य की सुरक्षा के लिए एहतियात बरत रहे हैं।'' पोल्क ने कहा कि यह अंतरिक्ष स्टेशन से नासा का पहला चिकित्सीय निकासी अभियान है। चार सदस्यीय दल अगस्त में 'स्पेसएक्स' के माध्यम से कक्षा की परिक्रमा कर रही प्रयोगशाला में पहुंचा था जिन्हें कम से कम छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था।



## ऑफ बीट

# तैरते हुए सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।

चंचल चौराहे के मेन रोड पर ठेले वालों की कतार के कारण लगता है जाम लोगों को होती है परेशानी

# संत नगर में अतिक्रमण हटाने गए अमले से हाथ ठेले वालों ने की झूमाझटकी, रोकी कार्रवाई, थाने पहुंचे वाहन और निगम कर्मी

60 निगम कर्मचारी और 6 वाहनों के साथ कार्रवाई करने पहुंचा था अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


संत हिरदाराम नगर के चंचल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर निगम के कर्मचारियों से झूमाझटकी करते ठेले वाले।

संत हिरदाराम नगर मेन रोड पर स्थित चंचल चौराहे से शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने गए निगम के अमले को विरोध का सामना करना पडा। इस दौरान हाथ ठेले वालों और निगम कर्मियों के बीच झूमाझटकी हुई। बहस और झूमाझटकी के बीच हालात बिगड़ने से पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी और अपने वाहन तत्काल थाने में लेकर जाकर खड़े कर दिए और निगमकर्मी भी थाने पहुंच गए। अब सोमवार को पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

चचंल चौराहे की मेन रोड से अतिक्रमण हटाने शुक्रवार को सुबह निगम अमला 60 निगम कर्मचारियों और 6 वाहनों के साथ पहुंचा। कार्रवाई शुरू करने के दौरान हाथ ठेले वालों ने विरोध करना शुरू कर दिया। कुछ सामान हटाया गया, लेकिन ठेले वालों ने निगम कर्मियों के साथ झूमाझटकी करना शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देखकर निगम कर्मचारियों न कार्रवाई रोकी और वाहन नजदीकी थाना परिसर में ले जाकर खड़े कर दिए।

### अब पुलिस बल की मौजूदगी में सोमवार को हटेगा अतिक्रमण

अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र भदौरिया ने बताया कि चंचल चौराहे पर अतिक्रमण हटाने गए अमले को विरोध का सामना करना पडा। निगम कर्मियों के साथ झूमाझटकी की गई। इसलिए कार्रवाई रोककर वाहन और कर्मचारी थाने पहुंचे। अब पुलिस बल की मौजूदगी में सोमवार को अतिकमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।



अतिक्रमण हटाते नगर निगम के कर्मचारी।

**गत दिवस सुभाष नगर में भी हुई थी बहसः** गत दिवस सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के पास फर्नीचर की दुकानों से रोड पर रखे सामान को हटाने के दौरान भी कार्रवाई का विरोध होना शुरू हो गया था। यहां भी निगम कर्मियों और लोगों के बीच खासी बहस हुई, लेकिन यहां से निगम के अतिक्रमण अमले ने छह ट्रक सामान जब्त किया।

## खबर संक्षेप



### कथा में शिव-पार्वती विवाह का वर्णन किया

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर शिव मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा में कथा वाचक राजेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को शिव-पार्वती विवाह का वर्णन किया। इस दौरान ढ़ोल बाजों के साथ शिव बारात निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान समिति की अध्यक्ष आरती यादव, अनिता पांडे, निर्मला शर्मा, कुसुम शर्मा, सुनीता सेनी, राजबाई मल्होत्रा यादव, बबली शर्मा, कविता यादव, मंजू सहु, अनीता योगी, प्रियंका गुप्ता, सुनील सेरिया, अरुण भावसार, वचन लोधी, नंदलाल यादव, इंग्लैंश यादव, राकेश यादव, दीपक यादव, धनु चौरसिया आदि शामिल थे।

### हत्या के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के बहुचर्चित शिवम कलम हत्याकांड के आरोपी जतिन खडेतिया उर्फ माही पुत्र अजय खडेतिया आयु 20 वर्ष निवासी निरंजन वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश के जमानत आवेदन को विशेष न्यायाधी राजश्री श्रीवास्तव ने सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए निरस्त कर दिया। अभियोजन के अनुसार थाना गोविंदपुरा अंतर्गत गौतम नगर में 14 मई 2025 को प्रेमिका से एकतरफा प्रेम करने के शक के चलते शांती वार्ड गाडरवारा नरसिंहपुर निवासी शिवा उर्फ शिवप्रताप राजपूत ने अपने मित्र जतिन खड़ेतिया उर्फ माही निवासी निरंजन वार्ड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश के साथ मिलकर नर्मदापुरम निवासी शिवम कलम नामी युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी जतिन खड़ेतिया से पुलिस द्वारा जब्त किए गए चाकू पर मृतक शिवम कलम का डीएनए पाया गया था। शिवा उर्फ शिवप्रताप राजपूत का पंचवटी कालोनी गाडरवारा नरसिंहपुर निवासी मधु पटेल से प्रेम संबंध था।

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विधाता अस्पताल के सामने हुआ हादसा

# बस ने एक्टिवा सवार युवती को मारी टक्कर बंपर में फंसकर दस मीटर तक घिसटी, मौत

निजी स्कूल के एडमिनिस्ट्रेशन में नौकरी करती थी युवती, स्कूल जाते समय मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित विधाता अस्पताल के सामने भानपुर में शुक्रवार सुबह गुरुचरणम ट्रेवल्स की बस ने एक्टिवा सवार युवती को टक्कर मार दी। युवती निजी सकूल के एडमिनिस्ट्रेशन शाखा में नौकरी करती थी और शुक्रवार सुबह वह एक्टिवा से स्कूल जाने के लिए निकली थी, तभी सुबह करीब आठ बजे बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह एक्टिवा सहित बस के बंपर में फंस गई और करीब दस मीटर तक घिसटती चली गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपी ड्राइवर पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार महिमा धीमन पिता योगेश धीमन (27) अयोध्या बायपास पर रहती थी। महिमा निजी स्कूल के एडमिनिस्ट्रेशन शाखा में नौकरी करती थी। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह वह घर से एक्टिवा लेकर स्कूल जाने के लिए निकली थी। भानपुर पर विधाता अस्पताल के पास चौराहा पर पहुंचते ही विदिशा-भोपाल चलने वाली गुरुचरणम ट्रेवल्स की बस ने उसकी एक्टिवा को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिमा एक्टिवा सहित बस के बंपर में फंस गई। रफ्तार में होने के कारण बस ने एक्टिवा सहित महिमा को करीब दस मीटर तक घसीट दिया था। हादसे के बाद बस का चालक बस छोड़कर फरार हो गया। इधर, राहगीरों ने महिमा को भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर महिमा को मृत घोषित कर दिया। बस की चपेट में आने से महिमा को सिर हाथ पैर पीठ में गंभीर चोट थी।

### घर में बड़ी बेटी थी महिमा



हादसे के बाद बस के नीचे फंसी युवती की एक्टिवा।

महिमा के पिता योगेश धीमन जेके रोड पर एक कंपनी में प्राइवेट जॉब करते हैं, जबकि मां गृहणी है। योगेश ने पुलिस को बताया कि उनकी एक छोटी बेटी है, जबकि महिमा उनकी बड़ी बेटी थी वह स्कूल में जॉब के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थी।

### स्कूटर की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील बायापास पर स्कूटर की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले स्कूटर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घायल की मौत के बाद चालक के खिलाफ धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। जानकारी के अनुसार आशीष सिंह सोलंकी (40) पैराडाइस कालोनी, लहारपुर थाना कटारा हिल्स में रहते थे। 5 जनवरी की रात वह बाइक से मंडीदीप से अपने घर लौट रहे थे। उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह सोलंकी भी उनके पीछे अपनी बाइक से चल रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे आशीष सिंह जैसे ही हनुमान मंदिर 11 मील ब्रिज के पास पहुंचे, तभी सामने से रॉग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार स्कूटर के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे आशीष के सिर में गंभीर चोट आई थी। बड़े भाई ने राहगीरों की मदद से आशीष को पहले निजी अस्पताल पहुंचाया और बाद में एम्स अस्पताल में भर्ती कराया था। एम्स में बीती देर रात इलाज के दौरान आशीष सिंह की मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

कोलार थाना क्षेत्र स्थित कोरल मंडल कॉलोनी के पास गंगाधाम मंदिर के सामने अज्ञात वाहन ने पैदल घर जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार विकास लोधी (21) कोरल मंडल कॉलोनी, कोलार रोड पर रहता था और मजदूरी करता था। गुरुवार बजे वह घर से कुछ दूरी पर रहने वाले मामा के घर गया था। वहां से पैदल घर लौट रहा था। कॉलोनी से कुछ दूरी पर गंगाधाम मंदिर के पास पहुंचते ही गुरुवार शाम करीब 7 बजे उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाला कोई बड़ा वाहन है। संभवतः उसे चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

कोलार थाना के डी-मार्ट के पास मिली कार

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, कार में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित डी-मार्ट के पास गुरुवार देर रात एक युवक की लाश कार में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक एक दिन पहले बुधवार रात पत्नी से अनबन होने के बाद वह घर से कार लेकर निकल गए थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। परिजन ने उन्हें कॉल किया, लेकिन कॉल भी रिसीव नहीं किया। शुक्रवार रात परिजन उनकी तलाश करते करते डी-मार्ट के पास पहुंच गए। वहां उनकी कार खड़ी नजर आई। कार में उनका शव था। अनुमान है कि उनकी मौत या तो ठंड से हुई है या फिर उन्हें अटैक आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार दीपक वर्मा (48) राजहर्ष कॉलोनी कोलार में रहते थे। वे एक मॉल में नौकरी करते थे, लेकिन करीब चार महीने पहले उनकी नौकरी छूट गई थी। वह शराब पीने के आदी थे और नौकरी छूटने के बाद कुछ ज्यादा ही शराब पीने लगे थे। बुधवार रात शराब के नशे में उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह रात करीब 11 बजे कार से निकल गए। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं था। पत्नी ने उन्हें कॉल किया, पर वह कॉल भी रिसीव नहीं कर रहे थे।

### चौबीस घंटे बाद मिला कार में युवक का शव

दीपक वर्मा की तलाश करते-करते गुरुवार रात करीब 11 बजे परिजन डी-मार्ट के पास तक पहुंच गए। इस दौरान सड़क किनारे दीपक की कार नजर आई। पास जाकर देखने पर कार में ड्राइवर सीट पर दीपक बेसुध नजर आए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर दीपक को मृत घोषित कर दिया।

### बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित आईएचएम कॉलोनी के सामने मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने 75 साल के बुजुर्ग को टक्कर मार दी। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल प्रजापति (75) मकान नंबर 91, कोलार कॉलोनी के सामने चूनाभट्टी में रहते थे। वे उम्रदराज थे और घर पर ही रहते थे। प्रतिदिन सुबह उठकर वह आईएचएम कॉलोनी के पास सड़क पार कर चाय पीने जाते थे। गुरुवार सुबह भी चाय पीने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजन ने बताया कि पड़ोसियों ने घर आकर सूचना दी थी कि दादा को किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

# नाली में दबी पानी की पाइपलाइन को ऊपर करने का काम नगर परिषद ने किया शुरू

हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

खबर का असर

हरिभूमि की खबर का असर हुआ, हरिभूमि ने नलों से आ रहा गंदा और बदबूदार पानी... शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद खबर को संज्ञान में लेते हुए शुक्रवार को नगर परिषद औबेदुल्लागंज के वार्ड 8 हिरानिया में शासन के दिए गए निर्देश अनुसार पेयजल व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य निरंतर रूप से कार्य किया जा रहा है, जो पाइप लाइन नाली में दबी थी, उन पाइप लाइनों को नीचे से हटाकर ऊपर शिफ्टिंग किया जा रहा है।


नगर परिषद के कर्मचारी नाली में दबी पानी की पाइप लाइन ऊपर करते हुए।


रहवासियों ने स्वच्छता एंबेसडर शर्मा से की शिकायत
नलों से आ रहा गंदा, बदबूदार पानी नप के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

फाइल फोटो

सीएमओ किरण राहंगडाले ,उपयंत्री मुकेश जैन, जल प्रभारी प्रमोद तिवारी एवं जलप्रदाय की टीम द्वारा कार्य को निरंतर रूप से किया जा रहा हैं। इस कार्य की रहवासियों ने प्रशंसा करते हुए विशेष रूप सहयोग प्रदान किया।

# औबेदुल्लागंज में वैश्य समाज ने किया कैलेंडर का विमोचन



वैश्य समाज का कैलेंडर विमोचन करते हुए।

**औबेदुल्लागंज।** नगर में वैश्य समाज द्वारा कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वैश्य समाज के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी बंसल ने कहा कि पूरे भारत में वैश्य समाज का संगठन बढ़ता जा रहा है। इस अवसर महिला मंडल की जिला अध्यक्ष विद्या अग्रवाल ने कहा कि औबेदुल्लागंज में महिलाएं बड़ी सक्रिय हैं और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रही हैं।

जिला अध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल नपा की उपाध्यक्ष भी हैं ने कहा कि रायसेन जिले में वैश्य समाज प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन ने वैश्य समाज के संगठन पर प्रकाश डाला। वैश्य समाज के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव जैन, वैश्य समाज की मंडल अध्यक्ष हेमलता चौरसिया ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर ओपी बंसल अपनी धर्मपत्नी के साथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रॉबिन अग्रवाल, मानसी मित्तल, सपना अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रानू मित्तल, सोनी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, वैभव जैन सहित वैश्य समाज अन्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता घर-घर दे रहे पीले चावल महिलाएं निकाल रहीं प्रभात फेरी

विशाल हिंदू सम्मेलन कल, जोरों पर चल रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे नारी शक्ति द्वारा प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में महिलाओं ने भजन गाकर लोगों को सम्मेलन और कलश यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कलश यात्रा रविवार को प्रातः 11:30 बजे निकाली जाएगी।

वहीं सम्मेलन के कार्यकर्ताओं ने वार्ड 15 में घर-घर जाकर पीले चावल देकर लोगों को सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इसके साथ ही सपरिवार भंडारे में शामिल होने के लिए कहा। हिंदू समाज के सभी लोग हिंदू सम्मेलन कि तैयारी में लगे हैं। हिंदू सम्मेलन को विशाल रूप देने के लिए वार्डों में ढोल बाजों के साथ रैली निकाली जा रही है। कई लोग सोशल मीडिया पर भी हिंदू सम्मेलन का प्रचार कर रहे हैं।


पीले चावल देकर आमंत्रित करते डॉ. नागर व अन्य।


प्रभात फेरी निकाल कर सम्मेलन की जानकारी देते हुए।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1672 | | |
| दिन: | 145 | 04 | 770 |
| रात: | 370 | 08 | 477 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 367 | 66 | 790 |
| रात: | 240 | 69 | 270 |

विकास कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की लोगों ने की थी कलेक्टर से शिकायत

# मंडीदीप नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित होगी टीम

डूडा अधिकारी ने कहा- पांच सदस्यीय टीम बारीकी से जांच करेगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

खबर का असर

रायसेन जिले के मंडीदीप नगर पालिका में विभिन्न विभागों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय निवासियों की शिकायत पर बड़ा विकास हुआ है। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से मिलकर आवास योजना, तहबाजारी में गोलमाल, अमृत-2 योजना में अनियमितताएं, सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी, कायाकल्प योजना में खामियां तथा घर बैठे वेतन लेने वाले कर्मचारियों के आरोप लगाए थे।


हरिभूमि
चार अध्यक्ष के बीते कार्यकाल, फिर भी नगर पालिका बदहाल, चार बड़े प्रोजेक्ट को पूरा होने में जनता को करना पड़ेगा 2 साल और इंतजार

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने चार अध्यक्ष के बीते कार्यकाल, फिर भी नगर पालिका बदहाल... शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर के प्रकाशन के बाद अधिकारियों ने संज्ञान लिया।

इस शिकायत पर कलेक्टर ने डूडा (डीयूडीए) की अधिकारी सुरेखा जाटव को जांच के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को सुरेखा जाटव मंडीदीप नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं, लेकिन आरोपों की गंभीरता और जांच के विस्तृत दायरे को देखते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही किसी सक्षम अधिकारी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित की जाएगी, जो सभी आरोपों की बारीकी से जांच करेगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

### जांच की भनक लगते ही कर्मचारियों में हड़कंप

इधर, रायसेन से जांच दल के आने की सूचना मिलते ही नगर पालिका कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई की। नगर पालिका कार्यालय के सामने लगने वाली फुटकर दुकानों (तहबाजारी) को अचानक हटा दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगल बाजार में करीब 200 दुकानें लगती थीं, जिनसे नगर पालिका द्वारा नियमित वसूली की जाती थी। यह कदम जांच से बचने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, ताकि तहबाजारी में कथित अनियमितताएं पकड़ में न आएं।

### स्थानीय लोगों की नाराजगी और मांग

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से नगर पालिका में अनियमितताएं चल रही हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। वे जांच टीम से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।

### नौकरी नहीं मिलने से दुखी युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित वनट्री हिल्स में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में पता चला कि नौकरी नहीं मिलने के कारण वह डिप्रेशन में था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दिलीप कुमार फुलवानी (46) वनट्री हिल्स बैरागढ़ में रहते थे। दिलीप ने यूएसए से पायलट की ट्रेनिंग ली थी, लेकिन भारत लौटने के बाद उन्हें अपेक्षित नौकरी नहीं मिल पाई। इसी कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगे थे। गुरुवार को दिलीप की पत्नी और बेटा स्कूल गए थे, जबकि माता-पिता अस्पताल चले गए थे। इसी दौरान दिलीप ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# दो दिवसीय प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए आकर्षक मॉडल




**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में लगी दो दिवसीय प्रदर्शनी का 10 जनवरी प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक लोग आनंद ले सकते है। लाइफ लाइन स्कूल में लगी दो दिवसीय प्रदर्शनी में पहले दिन शुक्रवार को बच्चों द्वारा लाईटिंग, विण्ड मिल, सोलर कुकर, डी.जे आदि मॉडल बनाए। की कला का प्रदर्शन दिखा कर सबको अचंभित कर दिया है। स्कूल प्राचार्या श्रीमती किरण वाधवानी ने बताया कि हर वर्ष प्रदर्शनी लगाई जाती है एवं बच्चों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जाता है। बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी एवं सचिव राजकुमार धानुक द्वारा प्रदर्शनी में आकर्षक रुप दिखाने के लिए बधाई दी एवं भूरि भूरि प्रशंसा की।

## भारत ही नहीं, यूरोप और अमेरिका के शैल चित्रों की खोज में रहा डॉ. वाकणकर का योगदान

# पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर के परिश्रम और प्रयासों से कालगणना के केंद्र डोंगला की हुई खोजः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर का भारतीय पुरातत्व के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने पुरातत्व को जन आंदोलन बना दिया था। यह उनके व्यक्तित्व और संप्रेषण का ही प्रभाव था कि उज्जैन का जन-जन अपने परिवेश को पुरातत्व की दृष्टि से देखने लगा था। पुरातत्व को लोक रुचि का विषय बनाने का डॉ. वाकणकर का प्रयास अद्भुत और अनुकरणीय था। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने सितार वादन, मूर्ति कला, चित्रकला, काव्य लेखन एवं संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया। डॉ. वाकणकर के परिश्रम और प्रयासों से काल गणना के केंद्र डोंगला की खोज हुई। पृथ्वी की दीर्घकालीन घूर्णन धुरी में परिवर्तन के कारण उज्जैन में होने वाला शून्य देशांतर-रेखा और कर्क रेखा का मिलन उत्तर की ओर खिसक कर डोंगला में हुआ। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने उज्जैन क्षेत्र में गहन सर्वेक्षण किया था। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने शिलाओं और गुफाओं में छिपे प्रमाणों के माध्यम से भारतीय सभ्यता की उस कहानी को दुनिया के सामने रखा, जो लिखित इतिहास से भी पहले की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, उज्जैन में 14 जनवरी से प्रारंभ होगा महाकाल महोत्सव, राष्ट्रीय सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया शुभारंभ





### 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव की शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन में 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव की शुरूआत करने जा रही है। राज्य सरकार उज्जैन में पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर की स्मृतियों और उनके द्वारा एकत्रित पुरातत्व ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं का संरक्षण करते हुए संग्रहालय को भी वर्तमान तकनीकी व्यवस्थाओं से लैस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पुरातत्वविद डॉ. मठपाल को राष्ट्रीय सम्मान, पुरातत्व एवं शैल चित्र अध्ययन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### 4 हजार से अधिक शैलचित्रों की खोज

पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने वर्ष 1957 में भीमबेटका के शैलचित्रों का उत्खनन और गहन अध्ययन कर न केवल इन प्राचीन स्थलों पर प्रकाश डाला, बल्कि भारत को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। आज भीमबेटका केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है।



पुरातत्वविद डॉ. यशोधर मठपाल को सम्मानित करते सीएम।

### सीएम को पुस्तक भेंट...

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शुक्रवार को सेवानिवृत आईएएस अधिकारी सुरेश जैन की जैन तीर्थ नैनागिरी जिला छतरपुर पर लिखी पुस्तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भेंट की।



## वरिष्ठ साहित्यकार मृदुला गर्ग और अलका सरावगी को दिया जाएगा राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मान

24–26 फरवरी को भोपाल में तीन दिवसीय वनमाली कथा सम्मान समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कथाकार, शिक्षाविद् विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली जी' की रचनात्मक स्मृति को समर्पित संस्थान वनमाली सृजन पीठ द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वनमाली कथा सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष आठ अलग-अलग श्रेणियों में वरिष्ठ एवं युवा रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा। वनमाली सृजन पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि-कथाकार श्री संतोष चौबे ने जानकारी दी कि वनमाली कथाशीर्ष सम्मान' से वरिष्ठ साहित्यकार मृदुला गर्ग, वनमाली राष्ट्रीय कथा सम्मान' से वरिष्ठ कथाकार अलका सरावगीको सम्मानित किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश, युवा, आलोचना और कथेतर श्रेणियों में भी सम्मान

वनमाली कथा मध्यप्रदेश में उर्मिला शिरीष को वनमाली युवा कथा सम्मान', कुणाल सिंह को वनमाली कथा आलोचना सम्मान' महेश दर्पण को वनमाली कथेतर सम्मान', यतीन्द्र मिश्र को कथा अनुवाद सम्मान दिया जाएगा।

### डिजिटल साहित्य को पहली बार मिली मान्यता

पहला 'वनमाली कथा अनुवाद सम्मान' जितेन्द्र भाटिया को, 'वनमाली डिजिटल साहित्य अवदान सम्मान' अंजूम शर्मा को दिया जाएगा। विश्व रंग' के अंतर्गत वनमाली सृजन पीठ, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन के संयुक्त नेतृत्व में 24, 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

#### पृथ्वी से दूरी घटेगी और चमक बढ़ेगी

## पृथ्वी का आज गुरु ग्रह से होगा सामनाः सारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष की शुरुआत की शनिवार को महत्वपूर्ण खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसमें सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह जुपिटर या गुरु पृथ्वी और सूर्य तीनों एक सरल रेखा मे आ रहे हैं, जिससे जुपिटर या बृहस्पति हमसे नजदीक होने के कारण सबसे तेज चमक के साथ अपेक्षाकृत बड़ा दिखने जा रहा है। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज दोपहर 2.04 बजे पर जुपिटर ,पृथ्वी और सूर्य एक सीध में होंगे, इस समय जुपिटर की पृथ्वी से दूरी लगभग 63 करोड़ 30 लाख 76 हजार किमी होगी। दूरी कम



खगोलीय घटना के बारे में बतातीं घारू

होने के कारण यह अधिक चमकीला, बड़ा देख पाएंगे । सारिका ने बताया कि आप बिना किसी टेलिस्कोप शाम को चमकते हुए पूर्व दिशा में देख सकते हैं ,लेकिन अगरटेलिस्कोप से देखेंगे तो इसकी डिस्क तथा इसके चार गैलिलियन मून को भी देख पाएंगे । इस घटना के समय जुपिटर माईनस 2.68 के मैग्नीटयूड से चमक रहा होगा ।

#### कर्मचारी हित में काम करने वालों का सम्मान

## स्व. सत्यनारायण तिवारी सम्मान से सम्मानित हुए संजय दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को राजधानी में कर्मचारी नेता रहे स्वर्गीय सत्यनारायण तिवारी स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पत्रकारों के अलावा ट्रेड यूनियन नेताओं एवं समाज के अनेक क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर परसाई द्वारा एक निजी होटल में वरिष्ठ कर्मचारी नेता एवं लिपिकों के हितों में निरंतर संघर्ष करने वाले संजय दुबे को भी सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान मिलने पर विधायक रामेश्वर शर्मा, मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय



संजय दुबे को सम्मानित करते अतिथि।

कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चतुवेर्दी, संरक्षक एमपी द्विवेदी, शास. प्राथ. पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव हरीश मारण, डॉ. राजेश मिश्रा, महेंद्र शर्मा, एलएन कैलाशिया, अशोक बेन, सतीश सोम कुवर, रुद्र प्रताप तिवारी, संजय अवस्थी सहित लोक शिक्षण संचालनालय परिवार सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# प्रकृति कला और संगीत का अदभुत तालमेल

### जगराह नृत्य समूह ने करमा, बिहाव, रीना, ददरिया एवं नगाड़ा नृत्य किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सौरभ ग्रामीण विकास शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के तत्वाधान में नूतन कला निकेतन बालाघाट में 4 दिवसीय आदिवासी लोक नृत्य समारोह की अंतिम प्रस्तुति संपन्न हुई जिसमें जगराह नृत्य समूह द्वारा करमा, बिहाव, रीना, ददरिया एवं नगाड़ा नृत्य हुए।

**नूतन कला निकेतन बालाघाट में लोक नृत्य समारोह का आयोजन**




मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करते आदिवासी समूह।

### चार अलग अलग नृत्य दलों ने दी प्रस्तुति

संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 4 से 7 जनवरी तक आदिवासी करमा लोक नृत्य समारोह में 4 अलग अलग दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। सभी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, दर्शकों ने अपने आसपास के इलाकों की लोक परंपराओं एवं लोक संस्कृति को देखकर भाव विभोर हो गए। जहां एक ओर हमारी धरोहर ओर हमारी संस्कृति थी, वहीं दूसरी ओर हमने शहरी परिवेश में रहते हुए सरलता और प्रकृति के प्रति उनका प्रेम देखा। सच ही कहा गया है कि आदिवासी आरगोंड बैगा प्राकृत के पुत्र हैं।

# महापौर मालती राय ने किया स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने सौन चिरैया हाकर्स कार्नर में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी (स्वदेशी मेला) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्षद शिखा मोनू गोहल, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं स्वसहायता समूह की बहनें उपस्थित थीं। महापौर मालती शुक्रवार को नूतन कॉलेज के सामने शिवाजी नगर स्थित सौन चिरैया हाकर्स कार्नर में लघु उद्योग भारती की स्वयं सिद्धा प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। महापौर राय ने प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और स्वसहायता समूह की बहनों का उत्साह वर्धन किया।



प्रदर्शनी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करतीं महापौर।



मेले में वस्त्र पसंद करती महापौर राय।

#### छतनारा आर्ट होम में तीस से अधिक कवि, लेखक और गायक हुए शामिल

# 54वीं संगत में कविता और गीतों की जुगलबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार शाम चुनाभट्टी स्थित छतनारा आर्ट होम में छतनारा समूह द्वारा 54वीं संगत का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कवि, लेखक, गायक और कला प्रेमी एक मंच पर एकत्र हुए। कार्यक्रम में होस्ट, कवि निशान्त उपाध्याय ने निभाई, उन्होंने संगत की परिकल्पना, उद्देश्य और सार्थक कला की परिभाषा पर विचार साझा किए, साथ ही शायर अनुपम शर्मा ने अपनी नज़्म और शेर प्रस्तुत किए। प्रद्युम्न ने हिंदी कविताएं सुनाईं, जबकि फौजिया खान ने अंग्रेज़ी कविता का पाठ किया। सुहास मिश्रा ने हिंदी कविता पर विचार रखते हुए अपनी दो कविताएं प्रस्तुत कीं।

पत्रकार खुशी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को भावुक किया। विवेक तिवारी ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। राघव सिंह ने व्यंग्य से माहौल को हल्का-फुल्का बना दिया। इसी क्रम में प्रियांशी, मोहिनी शर्मा ने अपनी कविताओं के साथ कविता की रचना प्रक्रिया पर भी संवाद किया। इसके बाद संगीत राही और शुभम ने संगीतबद्ध कविताओं को गाकर प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी कलाकारों ने मिलकर जैमिंग की, जिसने माहौल को जीवंत बना दिया।

### लाइब्रेरी में साहित्यिक विमर्श

कार्यक्रम के अंतिम चरण में कलाकारों ने छतनारा लाइब्रेरी में पुस्तकों और एक-दूसरे की रचनाओं पर विस्तृत बातचीत की। अंत में मोहिनी शर्मा ने सभी कलाकारों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए छतनारा आर्ट होम में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

#### संस्कृति, प्रगति और मूल्यों का मंचन

## टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह आरंभ



वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते स्कूल के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेक्नो इंडिया ग्रुप पब्लिक स्कूल, भोपाल ने अपने वार्षिक समारोह 'आरंभ – द न्यू बिगनिंग' का भव्य आयोजन किया, जिसमें भोपाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रगति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भारत की विविध संस्कृति, भोपाल गैस त्रासदी, महिला सशक्तिकरण और टेक्नो इंडिया ग्रुप की प्रेरणादायक यात्रा जैसे विषयों को दर्शाया गया।

### नन्हे कलाकारों ने जीता दिल

कार्यक्रम की शुरुआत प्री-प्राइमरी छात्रों की रंग-बिरंगी और प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों की मासूम अदाओं और उत्साहपूर्ण नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर माउंटेनर मेघा परमार, मध्य प्रदेश की पहली महिला जिन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह किया, ने अपने प्रेरक वक्तव्य से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

**उस्ताद रजब अली अमानत अली खां स्मरण संगीत समारोह**

# गायन और वादन की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को दी विरल, सुखद अनुभूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर निगम, देवास के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय प्रतिष्ठित 'उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां' स्मरण संगीत समारोह के दूसरे एवं अंतिम दिन 9 जनवरी को तीन संगीत सभाएं सजीं। जिनमें वर्षा बंसीवाल, इंदौर का गायन, संगीत गुरु भरत नायक, ग्वालियर का सितार वादन एवं आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ एवं अभिजीत का सरोद, सेक्सोफोन, वायलिन एवं तबला वाद्यवृंद सम्मिलित थीं।




### दूसरे दिन की पहली संगीत सभा गायन के नाम रही

दूसरे दिवस की पहली संगीत सभा गायन के नाम रही। इंदौर की गायिका वर्षा बंसीवाल ने अपनी साधवा और परम्परा का परिचय अपने सुमधुर गायन के साथ दिया। उन्होंने प्रस्तुति की प्रारंभ राग पूरिया धनाश्री से किया। कोमल सायंकालीन राग में उन्होंने पद्मभूषण कुमार गंधर्व की रचनाओं को प्रस्तुत किया। विलंबित रचना एक ताल में निबद्ध थी, जिसके बोल 'बल गई जोत सांझ भईल...' थे। इसके बाद द्रुत की रचना तीन ताल में निबद्ध थी, जिसके बोल 'कहां चला होरे मुख फेरी लो....' थे। अंत में उन्होंने कबीरदास का भजन जिसे धुनबद्ध कुमार गंधर्व द्वारा किया गया था 'युगन युगन हम योगी....' प्रस्तुत कर विराम दिया। उनके साथ तबले पर विवेक सिरसागर और हारमोनियम पर दीपक खसरावल ने सधी हुई संगत दी।

### भरत ने सितार वादन में सुनाई राग चारुकेशी की रचना

अगली प्रस्तुति सितार वादन की रही, जिसे ग्वालियर के सुविख्यात संगीत गुरु भरत नायक ने प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वादन के लिए राग चारूकेशी का चयन किया। प्रस्तुति का आरंभ विलंबित लय में तीनताल में निबद्ध रचना द्वारा हुआ, जिसमें राग का सधे हुए विस्तार और स्वरों की गंभीरता का सुंदर चित्रण हुआ। इसके पश्चात मध्य लय में तीन ताल की रचना प्रस्तुत की गई और इसके बाद द्रुत लय में प्रभावशाली झाला ने श्रोताओं को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। अंत में उन्होंने एक पारम्परिक धुन के साथ अपने वादन का समापन किया। उनके साथ तबले पर गांधार राजहंस, इंदौर ने संगत दी।

### वाद्यवृंद से सजी दूसरे दिन की सायंकालीन सभा

दूसरे दिवस की सायंकालीन संध्या की अंतिम प्रस्तुति वाद्य संगीत से सजी रही। मंच पर सरोद, सैक्सोफोन, वायलिन एवं तबले का सुसंयोजित वाद्यवृंद उपस्थित हुआ, जिसे आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ तथा अभिजीत ने अपनी सधी हुई संगति से साकार किया। विविध वाद्यों का यह समन्वय संगीतप्रेमियों के लिए एक विरल अनुभूति बन गया। प्रस्तुति के लिए मधुरता से परिपूर्ण राग जोग का चयन किया गया। आलाप, जोड़ और झाला के क्रमबद्ध विस्तार के साथ राग का स्वरूप अत्यंत सौम्यता से उभरता गया। कर्णप्रिय स्वरों ने संपूर्ण वातावरण को संगीत के जादुई आलोक से भर दिया। इसके पश्चात विलंबित रचना रूपक ताल में, मध्यलय तीन ताल में तथा द्रुत तीन ताल में प्रभावशाली झाले की तिहाई के साथ प्रस्तुति का सुंदर और सशक्त समापन हुआ।

#### लेखिका संघ की नववर्ष गोष्ठी आयोजित

## चिरागों की तरह जलना पड़ता है, मुट्ठी बांधने से इंकलाब नहीं आते



ऑनलाइन गोष्ठी में हिस्सा लेती लेखिका संघ की सदस्याएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लेखिका संघ द्वारा राज्यस्तरीय देशभक्ति एवं नववर्ष ऑनलाइन साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जबलपुर इकाई अध्यक्ष डॉ. कामना कौस्तुभ ने कहा कि तिरंगे का सम्मान देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। रचना-लेखन केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि भावों और संवेदनाओं की साधना हैं। उन्होंने राष्ट्रगान में खड़े होकर सम्मान प्रकट करने की आवश्यकता पर कहा कि निरंतर प्रेरित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा चिरागों की तरह सबको जलना पड़ता है, मुट्ठी बांधने से इंकलाब नहीं आते। देशभक्ति और नववर्ष मंगल कामना से जुड़ी रचनाओं की उन्होंने मुक्तकंठ से सराहना की। तिथि डॉ. मालती बसंत ने सभी रचनाकारों की प्रशंसा करते हुए अपनी रचना भी प्रस्तुत की। प्रांताध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने मंडला, दमोह, कटनी, जबलपुर, विदिशा, सागर, शाजापुर एवं शुजालपुर इकाइयों से जुड़ी 27 बहनों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में 70 साहित्यकार बहनें ऑनलाइन उपस्थित रहीं।

काव्यपाठ करने वालों में मंडला की अर्चना जैन ने 'हे मातृभूमि तेरी अर्चना अक्षत पुष्प से चाहूं, कटनी की मीरा भार्गव, विदिशा की रेखा दुबे ने मेरे विकसित भारत की यह पहचान, दमोह की प्रेमलता नीलम ने 'प्यारा सबका हिंदुस्तान, हम सब भारत की संतान विदिशा की निशा सक्सेना ने 'किसी की चूड़ियों को चहकता छोड़ आया हूं।



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में धार्मिक आयोजन

# 500 से अधिक साधु- संतों ने डाक डमरू बजाकर निकाली शौर्य यात्रा, 'हर-हर महादेव' के नारों से गूंजा सारा परिसर

गिरनार तीर्थ स्थल से पहुंचे साधु-संत

एजेंसी ▶▶ सोमनाथ

गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' चल रहा है। 11 जनवरी तक चलने वाले पर्व में अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार को 500 से अधिक साधु संतों ने डाक डमरू बजाकर शौर्य यात्रा निकाली। 'हर-हर महादेव' के नारों ने सोमनाथ मंदिर में भक्तिमय माहौल बना दिया। गिरनार तीर्थस्थल से शुक्रवार को बड़ी संख्या में साधु-संत भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। सोमनाथ के शंख चौक से मंदिर तक साधु-संत की शौर्य यात्रा में डमरू की ध्वनि गूंज रही थी। इसी बीच, राज्य के सामाजिक और न्याय अधिकारिता मंत्री प्रद्युम्न वाजा और सांसद राजेश चुडासमा समेत कई लोग संतों की शौर्य रैली में शामिल हुए।

शंख चौक से मंदिर तक निकाली रैली मंत्री और सांसद भी रहे शामिल



डमरू बजाकर 'हर हर महादेव' के नारे लगाते साधु-संत

### 11 तक होगा 'ओंकार' जाप और भजनः गढ़वी

इस मौके पर साधु पियुदान गढ़वी ने कहा कि यह गुजरात का बेहद अनोखा पर्व है, जो इस समय सोमनाथ में मनाया जा रहा है। यहां शौर्य यात्रा निकाली गई थी। 11 जनवरी तक यहां भजन और 'ओंकार' जाप के साथ सभी को आस्था से जोड़ने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि शौर्य गाथा का गायन होगा।

### कल राजकोट में पीएम मोदी देंगे कई सौगातें

**नई दिल्ली।** वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस 11 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जो कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्रों के 12 जिलों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसका उद्देश्य पश्चिमी गुजरात में निवेश और औद्योगिक विकास के लिए नई गति प्रदान करना है। पीएम मोदी कई क्षेत्रों में सौगातें देंगे।

सोमनाथ मंदिर बना नारी सशक्तिकरण का केंद्र

## 363 महिलाओं को 9 करोड़ का सालाना रोजगार

भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक चेतना के जीवंत प्रतीक सोमनाथ मंदिर को दुनिया श्रद्धा और आस्था के केंद्र के रूप में जानती है। आज यह महिला सशक्तिकरण का सशक्त और प्रेरणादायी केंद्र बनकर उभरा है। यहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा मिली है।

### पवित्र बिल्व वन का संचालन 16 महिलाएं कर रहीं

मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बिल्व वन पूरी तरह से महिलाओं के द्वारा संभाला जाता है। यहां 16 महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, हरित संवर्धन और स्वच्छता के साथ मंदिर की पवित्रता को बनाए रखती हैं। यह व्यवस्था महिलाओं के कुशल संचालन से हो रही है।

### 30 महिलाएं भोजन सेवा और 65 प्रसाद वितरण कर रहीं

मंदिर के भोजनालय में 30 महिलाओं द्वारा निष्ठापूर्वक सेवा दी जा रही है। ये मंदिर की मानव सेवा परंपरा को जीवंत रखती हैं। प्रसाद वितरण जैसे पवित्र और विश्वास से भरे कार्य में 65 महिलाओं की भागीदारी उनके अनुशासन, समर्पण और विश्वसनीयता है।

## खबर संक्षेप

### अंकिता केस की होगी सीबीआई जांचः धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंकिता भंडारी केस में सीबीआई जांच की सिफारिश की है। धामी ने कहा यह पूरे केस में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने शुरू से लेकर अंत तक



निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### यूपी के मंत्री दयाशंकर समेत 14 लोग आरोपमुक्त

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया की एक अदालत ने राज्य सरकार द्वारा मामला वापस लेने के फैसले को स्वीकार करते हुये प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और 13 अन्य आरोपियों को 10 साल पुराने एक



मामले में आरोपमुक्त कर दिया है। सिंह के खिलाफ यह मामला निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में था। यह मामला नौ सितंबर 2015 का है।

### परिवार में तनाव खत्म एक होंगे 'पवार'

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार का कहना है कि एनसीपी के दोनों गुट के कार्यकर्ता एक होना चाहते हैं और पवार परिवार के अंदर सभी तनाव खत्म हो गए हैं। दोनों एनसीपी अब



साथ हैं। हमारे परिवार में सभी तनाव खत्म हो गए हैं। 2 साल पहले शरद की एनसीपी से अजीतने बगावत कर दी थी और महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा बने थे।

### मोबाइल की टॉर्च में कराया प्रसव, महिला की मौत

**गुरदासपुर।** पंजाब में बेहतरीन स्वस्थ्य सेवाओं का दावा करने वाली आप सरकार के दावों की पोल खुल गई है। गुरदासपुर जिले के काला कालावाली गांव की महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई।



रुपिंदर कौर को 1 जनवरी को कस्बा कादियां के सरकारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि मोबाइल की रोशनी में आपरेशन किया था।

### 32 भाजपा कार्यकर्ता पार्टी से निलंबित

**नागपुर।** महानगरपालिका के चुनाव में संगठनात्मक अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी कार्य किए जाने के मामले में भाजपा ने 32 कार्यकर्ताओं को 6 साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। इनमें कुछ



भूतपूर्व नगर सेवक और उन्हें समर्थन देने वाले भाजपा के कार्यकर्ता है। शहर अध्यक्ष दयाशंकर तिवारी ने बताई। 100 कार्यकर्ताओं ने विद्रोह किया था।

## दिल्ली में शाह के घर के पास टीएमसी सांसदों ने किया प्रदर्शन

दिल्ली तक गरमाया बंगाल का मामला, वार पलटवार शुरू

# प्रदर्शनकारी सांसदों को सुरक्षा बलों ने घसीटकर हटाया, कई को किया गिरफ्तार और फिर छोड़ा

## मामला-कोलकाता में आई-पैक के ऑफिस और मालिक के घर पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता में आई-पैक के ऑफिस और उसके मालिक के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद बंगाल की राजनीति गरमा गई है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के घर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को सुरक्षा बलों ने जबरन वहां से हटा दिया। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगरमी नजर आने लगी है। अब इसकी सुगबुगाहट दिल्ली तक में सुनाई देने लगी। गुरुवार को हुई पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई के बाद से टीएमसी का विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसे में शुक्रवार को टीएमसी के सांसद गृह मंत्री शाह के दिल्ली स्थित ऑफिस यानी गृह मंत्रालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस ने वहां से सभी को हटाया। टीएमसी के दो सांसद महुआ मोइत्रा और डेरेक ओ ब्रायन को हिरासत में ले लिया गया है। ममता बेनर्जी ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है।

सांसदों को सुरक्षा बलों ने वहां से जबरन हटाया







टीएमसी सांसद ओ ब्रायन और महुआ मोइत्रा को ले जाते सुरक्षाकर्मी

### पुलिस ने सांसदों को किया गिरफ्तार

शुक्रवार को टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन, शताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद और अन्य लोगों ने गृह मंत्रालय के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए। इसी बीच पुलिस ने आकर प्रदर्शन कर रहे सांसदों समेत अन्य को गिरफ्तार कर लिया. गिराफ्तार किए गए सांसदों में डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा समेत अन्य प्रदर्शनकारी शामिल हैं। पुलिस उन्हें वैन में ले गई।

### दस्तावेज छीने, घटिया काम कियाः ब्रायन

टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि आप देख रहे हैं कि यहां सांसदों के साथ क्या हो रहा है? सांसद प्रतिमा मंडल ने कहा कि अमित शाह ने ईडी के अधिकारियों का इस्तेमाल किया और वे हमारे राजनीतिक दस्तावेज छीनने के लिए वहां गए। वे ऐसा घटिया काम कर रहे हैं।

### हम भाजपा को हराएंगे : मोइत्रा

महुआ मोइत्रा ने कहा कि हम भाजपा को हराएंगे। देश देख रहा है कि दिल्ली पुलिस एक चुने हुए सांसद के साथ कैसा बर्ताव कर रही है।

### भाजपा उल्टा चोर कोतवाल के डांटेः आजाद

टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने आरोप लगाए कि जिस कोयला घोटाले का मुद्दा उठाया जा रहा है, उसके टेंडर खुद भाजपा ने निकाले थे। उन्हीं लोगों के जरिए लूट मचाई गई। आजाद ने कहा कि भाजपा 'उल्टा चोर कोतवाल के डांटे' जैसा व्यवहार कर रही है।

ममता ने केंद्र पर लगाए आरोप

## भारत एक लोकतंत्र, भाजपा की जागीर नहीं

टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने कहा कि नई दिल्ली में पार्टी सांसदों के साथ हुए दुर्व्यवहार की वह कड़ी निंदा करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध कर रहे निर्वाचित सांसदों को सड़कों पर घसीटना कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सत्ता के नशे में वर्दीधारियों के अहंकार की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जागीर नहीं।

### भाजपा के लोकतंत्र में आज्ञाकारिता स्वीकार, असहमति नहीं

ममता ने कहा कि लोकतंत्र सत्ता में बैठे लोगों की सुविधा या आराम से नहीं चलता। जब भाजपा नेता प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए रेड कारपेट और विशेष सुविधाएं होती हैं।

### गृह मंत्री तय नहीं करेंगे कि लोकतंत्र में किसे गरिमा मिलेगी?

ममता ने कहा कि सम्मान आपसी होता है। अगर आप हमें सम्मान देंगे, तो हम भी सम्मान देंगे। हम अधिकार से नागरिक हैं, सत्ता के पद की दया पर नहीं। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार, पार्टी और कोई भी गृह मंत्री यह तय नहीं कर सकता?

भाजपा ने टीएमसी को घेरा, पूछा

## क्यों घबरा रहीं ममता? जांच से क्यों डर रहीं

अब टीएमसी के प्रदर्शन पर भाजपा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने ममता और उनकी पार्टी को घेरा है। प्रसाद ने कहा कि बंगाल में जो हुआ, वह आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुआ। ममता का पूरा काम न सिर्फ अनैतिक, गैर-जिम्मेदाराना और असंवैधानिक है। वे जांच से क्यों घबरा रही हैं।

### मुख्यमंत्री कुछ छिपा रहीं



रविशंकर ने कहा कि ईडी के द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग की कार्रवाई चल रही है, वहां जाती हैं और धमकाती हैं। पेपर छीनकर करके चली जाती। ईडी की रेड एक निजी कंपनी पर थी, जो कि कोयला घोटाले से जुड़ी थी। वे कुछ छिपा रहीं।

कोर्ट से लालू परिवार को बड़ा झटका

## जमीन के बदले नौकरी में आरोप तय, 52 बरी

41 लोगों के खिलाफ आरोप का दिया आदेश



राउज एवेन्यू कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जमीन के बदले नौकरी से जुड़े कथित घोटाले के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि लालू ने अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। यादव परिवार ने रेल अधिकारियों और अपने करीबी सहयोगियों की मिलीभगत से जमीनें हासिल की। अदालत ने 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए और 52 लोगों को बरी कर दिया, जिनमें रेल अधिकारी भी शामिल थे।

### 103 थे नामित, 5 की मौत हो चुकी

सीबीआई की चार्जशीट में नामित 103 आरोपियों में से 5की मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ता अजाज अहमद ने कहा कि सीबीआई अदालत ने लालू प्रसाद यादव, मीसा भारती, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और हेमा यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 120बी और 13 के तहत आरोप तय किए हैं। आरोप 29 जनवरी को तय किए जाएंगे।

### आरोपियों के नाम

इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। जांच एजेंसी का आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे। उस दौरान भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र (जबलपुर) में ग्रुप-डी पदों पर नियुक्तियां नियमों को दरकिनार कर की गईं।

दिल्ली के तुर्कमान गेट हिंसा मामले में पुलिस की सख्ती

## 12 उत्पाती गिरफ्तार, 10 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी अब पुलिस के रडार पर

### भड़काऊ पोस्ट से माहौल बिगाड़ने वालों की सूची तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में पुलिस टीम पर हुए पथराव मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है। इस मामले की जांच के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है। दिल्ली पुलिस की एक टीम इस मामले में सोशल मीडिया को भी खंगाल रही है। पुलिस ये पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि आखिर घटना वाले दिन वे कौन लोग थे जिन्होंने सोशल मीडिया की मदद से



जामा मस्जिद में सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे

माहौल बिगाड़ने का काम किया था। पुलिस ने ऐसे 10 सोशल मीडिया इंफ्लून्सर की लिस्ट भी तैयार की है। इंफ्लून्सर्स ने घटना के समय अपने भड़काऊ पोस्ट से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी।

### नेताओं की भूमिका की भी जांच हो रही

पुलिस के अनुसार जिन सोशल मीडिया इन्फ्लूयंसर का नाम सामने आया है उनमें खालिद मलिक, सईद उमैर अली, आमे रिजवी और सलमान खान मुख्य रूप से शामिल हैं। पुलिस सभी को जल्द से जल्द पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है। रिजवी जामिया इलाके में रहती है। पुलिस ने 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

शिमला से कुपवी जा रही थी निजी बस

# हिमाचल में बस खाई में गिरी 12 की मौत और 33 अन्य घायल

## हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में दर्दनाक हादसा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शिमला से कुपवी जा रही निजी बस 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 33 घायल हो गए। 1 बच्ची समेत 4 की हालत नाजुक है। सुबह साढ़े सात बजे बस 45 यात्रियों को लेकर शिमला से कुपवी के लिए निकली थी। करीब 3 बजे सिरमौर के हरिपुरधार बाजार से करीब 100 पहले बस अनियंत्रित होकर करीब पांच सौ फीट गहरी खाई में जा गिरी।



हादसे में गिरी बस

### घायलों को कराया भर्ती

सिरमौर उपायुक्त प्रियंका ने बताया कि 12 लोगों की मौत हुई है। 33 घायल हैं, जिन्हें संगड़ाह और ददाहू अस्पतालों में ले जाया गया है। 1 बच्ची को नाहन, जबकि 3 अन्य को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला रेफर किया गया है।

### घना कोहरा बताया जा रहा कारण

कोहरे और पाले के कारण हादसे की आशंका अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की सही वजह अभी साफ नहीं है, लोगों ने बताया है कि जिस जगह हादसा हुआ वहां घना कोहरा था। सड़क पर पाला भी गिरा हुआ था।

### मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को हरसंभव सहायता और घायलों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करें।

## आईआईटी दिल्ली में डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन का आयोजन

# चैलेंज में छात्रों ने मॉडल-प्रोटोटाइप से दिखाई प्रतिभा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली में भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज में छात्रों ने काम को मॉडल व प्रोटोटाइप के रूप में दिखाया। आईआईटी दिल्ली में एक राष्ट्रीय चैलेंज के अंतर्गत डिजाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज 2026 प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। 50 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, इनमें से 19 टीमों का चयन किया गया।

**50** प्रविष्टियां प्राप्त हुई

**19** टीमों का चयन किया गया 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया

### दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा



आईआईटी दिल्ली डिजाइन फॉर भारत प्रतियोगिता के लिए दिल्ली राज्य का नोडल संस्थान रहा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा डिजाइन फॉर भारत की शुरुआत हुई।

### वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन किया

प्रतियोगिता में 18 से 29 वर्ष के युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें उन्हें भारत की वास्तविकताओं पर आधारित समाधान डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसका मकसद टीम वर्क, एवं आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हुए नवाचारों को बढ़ावा देना रहा। डिजाइन क्षेत्र में कार्यरत संकाय सदस्यों,डिजाइनर की जूरी ने 19 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया।

### समझौता पत्र पर हुए हस्ताक्षर

इस समझौता पत्र पर 8 जनवरी को टीईसी के उप महानिदेशक (मोबाइल टेक्नोलॉजीज) अमित कुमार श्रीवास्तव तथा आईआईटीके के डीन प्रो. तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए, जिनके समक्ष आईआईटी के के निदेशक प्रो. मैनिंद्र अग्रवाल, आईआईटी के प्रो. रोहित बुधिराजा, तथा टीईसी के डीडीजी शशि मोहन उपस्थित थे। यह साझेदारी अगली पीढ़ी की टेलीकॉम, मानकीकरण गतिविधियों पर टीईसी औपचारिक ढांचा तैयार करती है।

2 चरणों में होंगी बैठकें दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होगा

## 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा बजट सत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने बताया है कि संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा



में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक सर्वेक्षण और आम बजट पेश करेंगी। एक फरवरी को बजट दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है।रिजिजू ने कहा, भारत सरकार की अनुशंसा पर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के लिए मंजूरी दे दी है।

### 13 फरवरी को समाप्त होगा पहला चरण

रिजिजू ने कहा कि यह सत्र 28 जनवरी 2026 को शुरू होगा और 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और 9 मार्च से संसद की बैठक दूसरे चरण के लिए फिर शुरू होगी। संसद के शीतकालीन सत्र की तरह बजट सत्र में भी कई विधेयक पेश किए जाने या उन पर चर्चा होने की संभावना है। इसी बीच, भारत फरवरी में दिल्ली में इस साल के एआई इंपैक्ट समिट की मेजबानी भी करेगा। इस समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

## ईरान में तनावपूर्ण हालात के लिए खामनेई ने ट्रंप को ठहराया जिम्मेदार

# बोले- घमंडी का होगा पतन, साजिशों के आगे झुकेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

*खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते*

ईरान में इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। देशभर में सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का एक भाषण सरकारी टीवी पर दिखाया गया, जिसमें उन्होंने देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर बात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी तीखा हमला बोला।


ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई

### ट्रंप दूसरे देशों के मामले में दखल दे रहे

इस दौरान तेहरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए खामेनेई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे ट्रंप को खुश करना चाहते हैं। अगर ट्रंप को किसी देश को चलाना आता, तो पहले अपने देश को ठीक से चलाते। खामेनेई ने यह भी कहा कि अमेरिका के अंदर खुद कई गंभीर समस्याएं हैं, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरे देशों के मामलों में दखल देता है।


### भाड़े के लोग बर्दाश्त नहीं

*खामेनेई ने ट्रंप को घमंडी बताते हुए कहा कि एक दिन उनका भी पतन होगा। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरान हजारों शहीदों के बलिदान से बना है और यह देश कभी भी साजिश रचने वालों के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार विरोधी ताकतें चाहे जितनी कोशिश कर लें, ईरान अपने रास्ते से पीछे नहीं हटेगा। ईरान विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनों के पीछे विदशी एजेंट हैं जो देश में हिंसा भड़का रहे हैं। ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने आरोप लगाया कि हिंसा फैलाने के पीछे अमेरिका और इजराइल से जुड़े आतंकी एजेंट हैं। सरकारी मीडिया के अनुसार, इन्हीं लोगों ने आगजनी की और हालात को बिगाड़ा।*

### अब तक 62 की मौत

ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है। अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 62 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### ट्रंप का दावा- ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा कि दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है।

### इंटरनेट बंद, दुबई से कई उड़ानें रद्द

ईरान में इंटरनेट और बाहरी दुनिया से फोन संपर्क बंद कर दिया है, ताकि लोग आपस में और विदेशों से संपर्क न कर सकें। बता दें कि गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार सुबह तक ईरान के कई शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन ईरान के पूर्व शहजादे (क्राउन प्रिंस) के आह्वान के बाद शुरू हुए, जो इस समय देश से बाहर निर्वासन में रह रहे हैं। लोगों ने नारे लगाए और सरकार के खिलाफ मार्च किया। वहीं दूसरी ओर इस प्रदर्शन का असरअब हवाई सेवाओं पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को दुबई और ईरान के कई शहरों के बीच चलने वाली कम से कम छह उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## खबर संक्षेप

### तीर्थयात्रियों की कार ट्रक से टकराई, 4 की मौत




**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु के बाहरी इलाके में शुक्रवार सुबह एक कार सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई जिससे कार सवार चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और अन्य सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना तड़के बेलावी के पास हुई। मृतकों में से तीन की पहचान कोप्पल जिले के कुकनूर निवासी वेंकटेश (30), मरुतप्पा (44) और सात वर्षीय बच्ची साक्षी के रूप में हुई है।

### 12 जनवरी को करेगा नए सैटेलाइट का लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी 2026 को अपना पहला अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रहा है। इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-एन1 (अन्वेषा) को अंतरिक्ष में स्थापित करेगा। इसरो ने बताया कि रॉकेट और उपग्रह का इंटीग्रेशन पूरा हो चुका है और प्री-लॉन्च जांच जारी है। यह मिशन 12 जनवरी को सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

## शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के एनआईडीएमएस का उद्घाटन किया

# आतंकी गतिविधियों की जांच और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अब और होगी आसानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नेशनल आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम (एनआईडीएमएस) का उद्घाटन किया। अमित शाह ने कहा कि गत 6 वर्षों में अनेक प्रकार का डेटा जनरेट कर उसे व्यवस्थित तरीके से एकत्रित करने का महत्वपूर्ण काम हुआ है। एनआईडीएमएस आगामी दिनों में देश में होने वाली सभी प्रकार की आतंकवादी घटनाओं की जांच और उनके विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

साथ ही, एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने विगत वर्षों में विभिन्न प्रकार के डेटा सृजित किए हैं, लेकिन अब तक वे अलग-अलग थे। अब हम इन सभी डेटा स्रोतों को एक-दूसरे से जोड़ने और उनके विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक उन्नत सॉफ्टवेयर विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस की आज की यह शुरुआत इस प्रक्रिया को गति प्रदान करेगी और देश को आतंकवाद से सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।

एनआईडीएमएस आतंकवाद के विरुद्ध नेक्स्ट जेनरेशन सुरक्षा कवच बनेगा

आतंकी घटनाओं के विश्लेषण में अहम साबित होगा

### *दो तरफा एकीकृत ऑनलाइन डेटा उपलब्ध*


एनआईडीएमएस का उद्घाटन करते गृह मंत्री शाह

अमित शाह ने आगे कहा कि एनआईडीएमएस से एनआईए, देशभर की एटीएस, राज्यों की पुलिस और सभी सीएपीएफ को एक वृहद, एकीकृत और ऑनलाइन डेटा प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा, जो दो-तरफा होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर हुए विस्फोट या आईईडी संबंधी घटना का डेटा इस सिस्टम में शामिल किया जा सकेगा। इस डेटा का उपयोग करके हर राज्य में जांच के दौरान आवश्यक गाइडेंस प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनआईडीएमएस आतंकी गतिविधियों की जांच, विस्फोटों के ट्रेंड समझने और उनके खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अमित शाह ने कहा कि एनआईडीएमएस एक सुरक्षित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से देशभर की बम विस्फोट संबंधी घटनाओं का संगठित रूप से सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा।

### *पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा*

गृह मंत्री ने कहा कि 'वन नेशन, वन डेटा रिपोजिटरी' के माध्यम से अलग-अलग विभागों में बिखरा डेटा अब एक राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में हर पुलिस इकाई को उपलब्ध होगा। इससे अभियोजन की गति और गुणवत्ता दोनों में बहुत अच्छा और सकारात्मक बदलाव आएगा और हम पैटर्न को भी आसानी से समझ पाएंगे। उन्होंने कहा कि पैटर्न को समझने से वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित अभियोजन संभव होगा। साथ ही, एजेंसियों के बीच समन्वय भी बेहतर तरीके से स्थापित होगा। शाह ने आगे कहा कि यह सही सूचना को सही समय और सही जगह पर पहुंचाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

### एनएसजी सुरक्षा का मजबूत स्तंभ

*अमित शाह ने कहा कि एनएसजी हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ है। एनएसजी के जवानों की वीरता, अद्वितीय कौशल और अटूट समर्पण के कारण हमारे नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। कहीं भी हमला हो, उसका सटीक और त्वरित जवाब देना हो, एंटी-हाइजैक ऑपरेशन के लिए निरंतर तैयारी बनाए रखनी हो, बम डिस्पोजल के ऑपरेशन हों एनएसजी ने हर बार सफल परिणाम भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद निरोधक गतिविधियाँ, विमान हाइजैक विरोधी अभियान, बम को निष्क्रिय करने की उन्नत प्रणाली और अब इसका डेटा सभी एजेंसियों के साथ साझा करने का प्लेटफॉर्म तैयार करना-ये सभी महत्वपूर्ण कार्य एनएसजी कर रही है।*

## फ्रांस के राष्ट्रपति से मिले जयशंकर

# रणनीतिक साझेदारी को और 'मजबूत' करने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ-साथ दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक बदलाव के दौर में वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और बदलते वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की, जिसमें बदलते शक्ति संतुलन, क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताएं और समान सोच वाले पार्टनर्स के बीच करीबी रणनीतिक तालमेल की जरूरत शामिल है। विदेश मंत्री 'एक्स' पर लिखा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलकर और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं देकर बहुत खुशी हुई। समकालीन वैश्विक घटनाक्रमों पर उनके विचारों और हमारी रणनीतिक साझेदारी के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं की मैं बहुत सराहना करता हूं।


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करते जयशंकर

### राजदूतों को किया संबोधित

पेरिस में, एस. जयशंकर ने फ्रांस के राजदूतों के सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को नया आकार देने वाले परिवर्तनों पर बात की। उन्होंने बताया कि व्यापार, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, एनर्जी, संसाधन और कनेक्टिविटी आज की दुनिया में बदलावों को आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि बदलावों का सामना करने में देशों की सोच में बदलाव एक निर्णायक फैक्टर बन गया है। उन्होंने बहुध्रुवीयता और रणनीतिक स्वायत्तता को बढ़ावा देने में भारत-फ्रांस साझेदारी को एक अहम स्तंभ बताया।

### फ्रांस अहम रणनीतिक साझेदार

जयशंकर ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, अंतरिक्ष, सिविल न्यूक्लियर सहयोग, क्लीन एनर्जी और इंडो-पैसिफिक जैसे क्षेत्रों में एक लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है। फ्रांस हमारे सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है। हमारी लगातार बातचीत उस रिश्ते को बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दोनों देशों ने इस रिश्ते को लगातार बदलती दुनिया में एक स्थिरता प्रदान करने वाला कारक बताया है, जिसमें पेरिस और नई दिल्ली रणनीतिक स्वायत्तता और नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय सहभागिता की वकालत करते रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से एनवीडिया के अधिकारी मिले

# भारत में जीपीयू, सेंसर, कैमरे व राउटर के निर्माण को लेकर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुनिया की अग्रणी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया की टीम से मुलाकात की। इस दौरान भारत में ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) विकसित करने और डीजीएक्स स्पार्क जैसे एडवांस एज डिवाइस के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ऐसे एज डिवाइस बनाने पर जोर दिया गया, जो डेटा उत्पन्न होने वाले स्थान के पास ही इंस्टॉल किए जाते हैं। इनमें सेंसर, कैमरे और राउटर जैसे हार्डवेयर उपकरण शामिल होते हैं, जो डेटा को वहीं प्रोसेस कर जरूरत पड़ने पर क्लाउड या डेटा सेंटर तक भेजते हैं।

### *बिना इंटरनेट के चलेंगी नई डिवाइस*


एनवीडिया टीम से मिलते अश्विनी वैष्णव

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत में विकसित किए जाने वाले ये उपकरण बेहद तेज गति से काम करने में सक्षम होंगे। ये डिवाइस 200 अरब पैरामीटर तक के बड़े मॉडल पर सुरक्षित रूप से काम कर सकते हैं और इन्हें इंटरनेट कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं होगी। ये छोटे लेकिन शक्तिशाली जीपीयू रेलवे, शिपिंग, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और दूरदराज के इलाकों में तकनीकी बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### डीप-टेक सेक्टर को एनवीडिया का समर्थन

एनवीडिया ने पहले ही भारतीय और अमेरिकी निवेशकों के साथ मिलकर भारत के डीप-टेक सेक्टर को समर्थन देने की घोषणा की है। इसके तहत इंडिया डीप टेक एलायंस ने 850 मिलियन डॉलर से अधिक की नई पूंजी जुटाने की जानकारी दी है। यह एलायंस सितंबर में 1 अरब डॉलर के शुरुआती फंड के साथ लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देना है।

## बोले राजनाथ, क्रूज मिसाइल विकास के लिए ठोस आधार

# डीआरडीओ ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल से जुड़ा एक बड़ा परीक्षण, क्षमता में वृद्धि दर्ज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़े हुए एक बेहद महत्वपूर्ण परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया है। रक्षा मंत्रालय ने इसे हाइपरसोनिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लॉन्ग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन के ग्राउंड परीक्षण का नाम दिया है। यह उपलब्धि पिछले साल 25 अप्रैल 2025 को दीर्घावधि सबस्केल परीक्षण पर आधारित है। जो हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है। कंबस्टर और टेस्ट केंद्र को डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला डीआरडीएल ने डिजाइन के साथ



विकसित किया है। साथ ही उद्योग भागीदारों ने इसे साकार किया है। इस सफल परीक्षण से भारत ने उन्नत एयरोस्पेस क्षमताओं में अग्रणी स्थान हासिल कर लिया है।

**रक्षा मंत्री ने दी बधाई:** परीक्षण की सफलता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ की टीम और उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों की बधाई दी है। फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लॉन्ग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन के सफल ग्राउंड परीक्षण की यह उपलब्धि देश के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए ठोस आधार है।

## *अनंतनाग में भारी बर्फबारी से जमी नदी*



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में शीतलहर जारी है, बर्फबारी के चलते नदियां बर्फ की चादर से ढकी नजर आ रही हैं। अनंतनाग में नदियां जमी दिखीं। अनंतनाग जिले में भारी पाले और बर्फबारी के बीच जमी नदी और एक स्ट्रक्चर से लटकती बर्फ की चट्टानों के पास से एक आदमी गुज़र रहा है। ताज़ा बर्फबारी और फिसलन भरी स्थितियों के कारण सड़क बंद है, और 31 दिसंबर से शोपियां और पुंछ के बीच और पुंछ से शोपियां होते हुए कश्मीर तक ट्रैफिक बंद है। पुंछ में भारी बर्फबारी के बाद सामरिक रूप से बेहद अहम मुगल रोड पर बर्फ हटाने का अभियान जारी है। सीमा सड़क संगठन के जवान बेहद मुश्किल हालात में 24 घंटे काम कर रहे हैं। वहीं घाटी में सबसे ठंडे इलाके सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम रहे।

## राष्ट्रपति पुतिन के आवास पर हमले के बाद रूस का पलटवार

# यूक्रेन पर 242 ड्रोन और ओरेशनिक मिसाइल से किया हमला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं। हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।

जेलेंस्की बोले- हमले में 4 की मौत दर्जनों नागरिक घायल हुए

यूक्रेन के कई इलाकों में बिजली और हीटिंग आपूर्ति बाधित

### रूस ने भी 'ओरेशनिक' से हमले की पुष्टि की


यूक्रेन के क्रिवी रिह में रूसी हमले के बाद एक रिहायशी इमारत जल गई

रूस ने दावा किया है कि उसने राष्ट्रपति पुतिन के आवास पर कीव की ओर से किए गए ड्रोन हमले का जवाब ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल के जरिए दे दिया है। इंटरमीडिएट-रेंज ओरेशनिक एक ऐसी मिसाइल है जिसके बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया है कि इसे इंटरसेप्ट करना नामुमकिन है क्योंकि इसकी कथित वेलोसिटी आवाज की स्पीड से 10 गुना अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि हमले में यूक्रेन में जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया था। रूस ने अटैक ड्रोन और लंबी दूरी के जमीन और समुद्र से मार करने वाले हथियारों का भी इस्तेमाल किया था।

### हमले का वीडियो जारी

रूसी मंत्रालय के बयान के अनुसार गुरुवार देर रात टारगेट हिट किए गए। कथित तौर पर ये टारगेट वो ड्रोन फैसिलिटी थी जहां के बने ड्रोन ने पुतिन के आवास को निशाना बनाया था। स्थानीय मीडिया ने भी टारगेट अटैक की जानकारी दी है। हमले का वीडियो जारी किया गया, जिसमें कथित तौर पर वह पल दिखाया गया है जब ओरेशनिक ने पश्चिमी यूक्रेन में अपने टारगेट पर हमला किया। बर्फ से ढके लैंडस्केप पर फिल्माए गए इस वीडियो में, ऐसा लग रहा था कि छह फ्लैश जमीन पर गिर रहे थे, जिसके बाद एक जोरदार धमाका हुआ।



### 'ओरेशनिक' लंबी दूरी स्ट्राइक प्रणाली

रूसी सैन्य शब्दावली में ओरेशनिक का अर्थ 'हेजल ट्री' से जुड़ा माना जाता है, लेकिन हथियारों के नाम अक्सर प्रतीकात्मक होते हैं। ओरेशनिक को ऐसे प्लेटफॉर्म के रूप में देखा जा रहा है जो तेज गति, लंबी रेंज और सटीकता को एक साथ जोड़ता है। इस तरह ओरेशनिक रूस की नई पीढ़ी की लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता से जुड़ा सिस्टम माना जा रहा है, जिसे दुश्मन की गहरी सैन्य संरचनाओं को निशाना बनाने के लिए विकसित किया है।

## इजराइल की पाक को दो टूक

# गाजा में पाकिस्तानी सेना तैनात नहीं होगी, भरोसे वालों के साथ काम करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल ने गाजा के लिए प्रस्तावित इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स (आईएसएफ) में पाकिस्तानी सेना की तैनाती से साफ इनकार कर दिया है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि गाजा को लेकर किसी भी व्यवस्था में इजराइल सिर्फ उन्हीं देशों के साथ काम करेगा, जिन पर उसे भरोसा है। अजार ने कहा कि गाजा में आगे बढ़ने की किसी भी प्रक्रिया की बुनियादी शर्त हमास का पूरी तरह से खत्म होना है।

राजदूत ने बताया कि अमेरिका की ओर से कुछ देशों से गाजा के लिए प्रस्तावित फोर्स में योगदान को लेकर बातचीत हुई है, लेकिन इजराइल पाकिस्तान सेना की भागीदारी को लेकर सहज नहीं है। इसकी वजह हमास और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के बीच बढ़ते संपर्क बताए गए। अजार के मुताबिक, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास ने अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमास के वरिष्ठ नेता लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं और पाकिस्तान आधारित संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से संपर्क में हैं।



# सिंधु का धमाल, मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू का धमाल जारी है। सिंधू ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची जब पहले गेम में 21-11 से हार गईं थी तो इंजरी के चलते उन्होंने मैच को छोड़ दिया। इस तरह सिंधू ने साल 2026 के अपने पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कदम रख दिया है।

**खास बातें**

- सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट
- यामागुची ने इंजरी के कारण छोड़ा क्वार्टरफाइनल
- सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 15-12 पहुंचा



### यामागूची के खिलाफ की बेहतरीन शुरुआत


मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में सिंधू का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची से हुआ। यामागूची के खिलाफ सिंधू ने बेहतरीन शुरुआत की और पहले गेम को 21-11 से अपने नाम कर लिया था। लेकिन दूसरे गेम की शुरुआत से पहले यामगूची ने इंजरी के चलते मैच से हटने का फैसला किया और काफी लंबे समय बाद वापसी करने वाली सिंधू ने सेमीफाइनल में कदम रख लिया है।

### इंडिया ओपन खेलेंगी सिंधू

वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर 18 पर काबिज दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंजरी के बाद वापसी कर रही हैं। उन्होंने यामागूची के खिलाफ जीत के रिकॉर्ड को 15-12 कर लिया है। अब सिंधू का सामना सेमीफाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी और इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा। इस टूर्नामेंट के बाद सिंधू भारत में 13 जनवरी से होने वाले इंडिया ओपन में भी खेलती हुईं नजर आएंगी।.

ब्रिसबेन इंटरनेशनल

## सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, कीज को हराया



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

आर्यना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिसबेन इंटरनेशनल में मैडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। इस दौरान सबालेंका ने लगातार पांच गेम में सर्विस तोड़ी। ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट है। अब ब्रिसबेन इंटरनेशनल की गत चैंपियन सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा, जिन्होंने एलीना रायबाकिना को 6-2, 2-6, 6-4 से हराया।

**खबर संक्षेप**



### खिलाड़ी बनना किस्मत में लिखा था: वैष्णवी

**नई दिल्ली।** वैष्णवी शर्मा ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में भारत के लिए पदार्पण किया था और ग्वालियर की 20 साल की बाएं हाथ की स्पिनर का कहना है कि उनके ज्योतिषी पिता नरेंद्र शर्मा ने उनके भविष्य के बारे में बता दिया था कि वह क्रिकेटर बनेंगी। उनका कहना है कि खिलाड़ी बनना उनकी किस्मत में लिखा था। वैष्णवी ने कहा, 'जब मैं चार साल की थी तो खेलों में मेरा सफर शुरू हुआ। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मेरे पिता एक ज्योतिषी हैं। उन्होंने मेरी कुंडली देखी और कहा कि मुझे या तो खेलों में जाना चाहिए या चिकित्सा के क्षेत्र में।' उन्होंने कहा, 'उसके बाद, यह सवाल था कि मेरी दिलचस्पी किसमें है। कुछ समय बाद, उन्हें समझ आया कि मेरी दिलचस्पी खेलों में है।

### मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे 60 हजार से ज्यादा धावक

**मुंबई।** टाटा मुंबई मैराथन (टीएमएम) के 21वें सत्र का आयोजन 18 जनवरी को होगा, जिसमें भाग लेने के लिए 60 हजार से अधिक धावकों ने पंजीकरण कराया है। आयोजकों के अनुसार,



विश्व एथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रिकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से और 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में भाग लेंगे। पहली बार रिकॉर्ड 14,059 धावक पूर्ण मैराथन में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हाफ मैराथन और ओपन 10 किमी दौड़ में भी भागीदारी में भारी वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, 'पिछले दो दशकों में टाटा मुंबई मैराथन ने लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य और शहर की आर्थिक स्थिति दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

### भविष्य को ध्यान में रखकर फैसला लें: इकबाल

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला लोगों की भावनाओं से प्रभावित नहीं हों



क्योंकि ऐसे किसी भी निर्णय का असर अगले 10 साल तक पड़ सकता है। तमीम इकबाल ने कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है और अभी अचानक कोई बयान देना मुश्किल है। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि अगर सब मिलकर काम करें तो कई समस्याएं संवाद के माध्यम से हल हो सकती हैं।' इकबाल ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि बांग्लादेश विश्व क्रिकेट में कहां खड़ा है और बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर निर्णय लेना चाहिए।'

कल से भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज

# टीम इंडिया के खिलाफ उतरेंगे न्यूजीलैंड के 5 नए चेहरे, वनडे में तीन खिलाड़ी करेंगे डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 11 जनवरी से तीन वनडे की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए कीवी टीम में पांच ऐसे खिलाड़ी चुने गए हैं, जिनके पास खेलने का बहुत कम अनुभव है।

इनमें से तीन तो ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक वनडे इंटरनेशनल मैच नहीं खेले हैं। वे भारत दौरे से डेब्यू कर सकते हैं। वहीं बाकी दो ऐसे हैं, जिन्होंने नाम मात्र के मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं। इन पांच नए चेहरों में से एक का भारतीय कनेक्शन है।

### आदित्य अशोक

23 साल का यह खिलाड़ी लेग स्पिन बॉलिंग करता है। उन्हें ईश सोढ़ी के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा। आदित्य अशोक ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो वनडे मुकाबले खेले हैं और ये दिसंबर 2023 में आए थे। इनमें उन्होंने एक विकेट लिया था। आदित्य ने हालिया समय में न्यूजीलैंड ए के लिए चार दिवसीय मैचों और लिस्ट ए क्रिकेट में कमाल की बॉलिंग की। बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के दौरों पर वे विकेट निकालने वाले प्रमुख गेंदबाज बने थे। वे कुछ समय पहले चेन्नई में सुपर किंग्स एकेडमी में भी स्पिन बॉलिंग करते दिखे थे। उनके परिवार का तमिलनाडु से कनेक्शन है। जब वह चार साल के थे तब परिवार ऑकलैंड शिफ्ट कर गया था।











### निक कैली

इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे मैच न्यूजीलैंड के लिए खेले हैं। अब उनके पास इस संख्या को आगे बढ़ाने का मौका है। निक कैली की पैदाइश ऑस्ट्रेलिया की है। 32 साल के इस खिलाड़ी ने अभी तक तीन वनडे इंटरनेशनल में 49 रन बनाए हैं। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने वेलिंग्टन के लिए लगातार रन बनाए हैं। वे इस टीम के कप्तान भी हैं। वे कैरेबियन प्रीमियर लीग में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए खेल चुके हैं। समझा जाता है कि भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें टॉप ऑर्डर में खिलाया जा सकता है।

### माइकल रे

30 साल के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक न्यूजीलैंड के लिए दो टेस्ट खेले हैं। इनमें आठ विकेट लिए हैं। वे सिर पर हेडबैंड लगाकर खेलते हैं। माइकल रे नई गेंद से स्विंग हासिल कर सकते हैं। साथ ही गेंद के पुराने होने पर उससे बाउंस हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने हाल ही में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया था।

### जायडन लेनॉक्स

बाएं हाथ का यह फिरकी गेंदबाज पहली बार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा बना है। उन्हें मिचेल सैंटनर के रिप्लेसमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। जायडन लेनॉक्स 31 साल के हैं और पिछले कुछ सीजन में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वे सेलेक्शन में दायरे में आए। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने उनकी तारीफ की है। पिछले सीजन जब सेंट्रल स्टैग्स की टीम जब फाइनल तक पहुंची थी तब लेनॉक्स ने छाप छोड़ी थी। उन्होंने ग्लोबल सुपर लीग में भी हिस्सा लिया था। यहां तीन पारियों में 5.07 की इकॉनमी से चार विकेट लिए थे।

### क्रिस्टियन क्लार्क

यह खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों में लगातार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा रहा लेकिन खेलने का मौका नहीं मिला। अब भारत में क्रिस्टियन क्लार्क को पहला मैच खेलने को मिल सकता है। वे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। साथ ही निचले क्रम में उपयोगी रन जुटाने की क्षमता भी रखते हैं। 24 साल के क्लार्क को न्यूजीलैंड क्रिकेट के भविष्य के तौर पर देखा जा रहा है। वे अभी तक 34 लिस्ट ए मैच में 52 विकेट लेने के साथ ही 373 रन बना चुके हैं।

ऑकलैंड डब्ल्यूटीए

## स्वितोलिना की सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मेलबर्न में 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अब स्वितोलिना की भिड़ंत शनिवार को अमेरिका की इवा जोविच से होगी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना तीसरे सेट में 5-3 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 6-4, 6-7 (2), 7-6 (5) से जीत दर्ज की।



11वां भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

## पार्थ, देवेंद्र, अमिताभ, ओम सोनी अगले दौर में पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पार्थ, देवेंद्र, अमिताभ, ओम सोनी ने शुक्रवार से प्रारम्भ हुई 11 वीं भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट अपने पहले दौर के मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता का आयोजन लाल परेड ग्राउंड स्पोरता क्लब द्वारा पुलिस जिम्नेज़ियम हॉल, जहांगीराबाद में किया जा रहा है.।प्रतियोगिता का उद्घाटन रिटायर्ड डीजी डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने रिटायर्ड डीजी पवन जैन की अध्यक्षता में किया। समारोह में स्पेशल डीजी एमके झा, रिटायर्ड डीजीपी झारखण्ड केएन चौबे, रिटायर्ड एडीजी विपिन माहेश्वरी, डीआईजी पंकज श्रीवास्तव, एसपी क्राइम शैलेन्द्र चौहान, मदन विशेष अथिति के रूप में उपस्थित थे। पूर्व में अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव गोपाल धाकड़, मोहित वरवंड़कर, गिरीश मनचंदा, मनोज गुप्ता, रामवीर सिंह, पवन भदौरिया, डॉ. राजीव सक्सेना और विकास सिंह ने किया।

## भोपाल डिवीज़न की जीत निश्चित, उज्जैन को दिया 70 रन का लक्ष्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज



इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे भोपाल के ओएफसीए मैदान पर भोपाल डिवीजन और उज्जैन डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन उज्जैन डिवीज़न नें अपनी दूसरी पारी में फॉलोआन खेलते हुए तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 89.5 ओवर में 256 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उज्जैन से आरुष अग्रवाल नें 56, अक्षज शर्मा नें 50 रन, राजदित्य सिंह नें 31 और धन्यजय परमार नें 27 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से रुद्र प्रताप सिंह ने 4 विकेट, अंजेश पाल ने 2 विकेट लिए। इस तरह उज्जैन डिवीज़न ने भोपाल डिवीजन को जीत के लिए 70 रनों का लक्ष्य दिया। कल चौथे व अंतिम दिन का मैच खेला जाएगा।

अंडर-14 प्रसून कैलाश सारंग स्मृति डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## विश्वास सारंग अकादमी ने 9 विकेट से जीता खिताबी मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

अंडर 14 प्रसून कैलाश सारंग स्मृति डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा किया गया, जिसका फाइनल संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वंश बॉथम की घातक गेंदबाजी के आगे संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वंश के अलावा समर मकवाना और प्रियांशु लोधी ने दो-दो विकेट और एक विकेट प्रवेश बामने को मिला। संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के कप्तान अर्णव भंडारी ने 27 और सुखराम ने 34 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के सलामी बल्लेबाज समर ने 39 और विनम्र ने 41 रन का योगदान दिया। मेधान उइके ने 22 रन का सहयोग दिया। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 9 विकेट से जीत लिया।

31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

## नवदुनिया 47 रनों से जीता, एलीट वॉरियर्स और महाबली की भी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले जा रहे 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में नव दुनिया ने 18 ओवर के खेल में 6 विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में दैनिक जागरण टीम 9 विकेट पर 124 रन बना ही बना सकी। पुरस्कार वितरण भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांति कुमार जैन ने किया।

दूसरे मैच में ब्लेजिंग यार्कर ने चार विकेट पर 126 रन बनाए। जवाब में एलीट वॉरियर्स ने आठ विकेट पर जरूरी रन बना लिए। इधर, बाबे आली मैदान पर खेले गए




मैच में सुपर हीटर्स ने 19.1 ओवर में 140 रन बनाए। जवाब में महाबली वॉरियर्स ने 15.5 ओवर में 5 विकेट पर जरूरी रन बना लिए।

**आज के मैच** - पीपुल्स समाचार बनाम अटल न्यूज सुबह 9.00 बजे से ओल्ड कैंपियन मैदान।

खेल मंत्री सारंग, अभिनेत्री पायल रोहतगी, ओलंपियन गरिमा चौधरी समेत अनेक लोग होंगे शामिल

## मैनिट में 11 को होने वाले फिट इंडिया, संडे ऑन साइकिल में हिस्सा लेंगे 1200 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल 11 जनवरी को मौलाना आज़ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (मैनिट) में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 56वें एडिशन की मेज़बानी करने जा रहा है। इसमें एथलीट, सेलिब्रिटी, फिटनेस इन्फ्लुएंसर और जीवन के सभी क्षेत्रों से आम लोगों सहित 1200 से ज़्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे। युवा नेता फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के इस एडिशन के लिए विशेष पार्टनर हैं।

यह जानकारी शुक्रवार को पीआईबी में साई भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान एवं साई भोपाल की सहायक निदेशक अंशिका जैन ने दी। इस अवसर पर पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम भी उपस्थित रहे। सहायक निदेशक श्रीमती जैन ने बताया कि इस संडे होने वाले इस आयोजन में युवा मामले और खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, अभिनेत्री पायल रोहतगी, जूडो खिलाड़ी और ओलंपियन गरिमा चौधरी, क्रिकेटर अनिकेत वर्मा, उमाशंकर वर्मा, हॉकी खिलाड़ी अब्दुल अहद, कैनो स्प्रिंट एथलीट हर्षवर्धन सिंह, जूडो खिलाड़ी श्रद्धा कडुबल चोपड़े, यश गंगहास और योगिता मांडवी, साथ ही कयाकिंग एथलीट जसप्रीत सिंह भी इसमें शामिल होंगे। इसके साथ ही राजधानी के कॉलेजों, स्कूलों, युवा संगठनों और सामुदायिक संगठनों के युवा इस सामूहिक साइकिल रैली में इन खास मेहमानों के साथ साइकिल चलाएंगे।




### साइकिल के अलावा होंगी दूसरी एक्टिविटी भी

साइकिल चलाने के साथ-साथ योग, ज़ुम्बा, रस्साकशी, रस्सी कूद और दूसरी फिटनेस एक्टिविटी भी साथ-साथ होंगी।

### 2019 में पीएम ने लॉन्च किया था फिट इंडिया मूवमेंट

फिट इंडिया मूवमेंट 29 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया गया था, जिसका मकसद फिटनेस को हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा बनाना है। इस मूवमेंट का मिशन व्यवहार में बदलाव लाना और ज़्यादा फिजिकली एक्टिव लाइफस्टाइल की ओर बढ़ना है। गौरतलब है कि युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने दिसंबर 2024 में इस अभियान को शुरू किया था, जो आज एक जन आंदोलन बन गया है।




## खबर संक्षेप

### एक्सीलेंस कॉलेज और पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के बीच एमओयू

**भोपाल।** राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान और पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय के बीच शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए है। इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य, आयुर्वेद और आधुनिक/मूलभूत विज्ञान के समन्वय के माध्यम से, भारतीय समृद्ध ज्ञान परम्परा को और अधिक सशक्त करना है। एमओयू हस्ताक्षर के अवसर पर उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल अपनी टीम के साथ पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश शुक्ला सहित चिकित्सकों एवं प्राध्यापकों की टीम ने उनका स्वागत किया और अकादमिक सहयोग पर विस्तृत चर्चा कर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

### भोपाल घोषणा पत्र की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर होगा विरोध-प्रदर्शन

**भोपाल।** भोपाल घोषणा पत्र (2002) की 24वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर 11 जनवरी को शहर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्र-नेताओं द्वारा रविवार को सायंकाल पांच बजे बोर्ड ऑफिस के सामने इंडियन काफ़ी हाउस प्रांगण से एक शांतिपूर्ण रैली निकाली जाएगी और राज्यपाल मंगुभाई पटेल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हृदयेश किरार एवं प्रवक्ता कमलेश खातरकर ने बताया कि रैली बोर्ड ऑफिस स्थित इंडियन काफ़ी हाउस प्रांगण से शुरू होकर व्यापंम चौराहा होते हुए बोर्ड आफिस स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा तक पहुंचेगी, जिसमें लगभग सौ से अधिक बुद्धिजीवियों सहित समाज के छात्र लोग शामिल होंगे। ज्ञात हो कि भोपाल घोषणा पत्र 12-13 जनवरी 2002 को एक राष्ट्रीय सम्मेलन में तैयार किया गया था। इसे मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्वीकार किया था और 2003 में इसकी पहली वर्षगांठ पर इसे राज्य की नीति में शामिल करने का निर्णय लिया गया था।

# अवैध शराब पर सख्ती, 18 हजार करोड़ राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शुक्रवार को नई आबकारी नीति वर्ष 2026-27 पर चर्चा के लिए इफको भवन में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक में आबकारी राजस्व बढ़ाने, अवैध शराब पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभागीय कार्य प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि नई नीति के लिए सभी जिला अधिकारी अपने सुझाव लिखित में भी दे सकते हैं। बैठक में वाणिज्यिक कर के प्रमुख सचिव अमित राठौर, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि वर्ष 1915 में बना आबकारी अधिनियम की कंडिका अगर अव्यावहारिक है तो उसमें संशोधन किया जाएगा, जो समय के अनुकूल हो। इस वित्तीय वर्ष में आबकारी राजस्व का लक्ष्य 18 हजार करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है, जिसे मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है। उन्होंने एक हजार करोड़ रुपए की आबकारी बकाया राशि की वसूली के निर्देश दिए। जिन मामलों में प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं, वहां विशेष प्रयास कर संपूर्ण राशि की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- आबकारी नीति 2026-27 पर मंथन
- आबकारी अधिनियम प्रावधान में होगा संशोधन
- संभागीय,जिला आबकारी अधिकारियों ने भी सुझाव दिए

## ग्रामीण क्षेत्रों अवैध शराब के विक्रय पर रखें कड़ी निगरानी: उप मुख्यमंत्री देवड़ा



उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब के विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। संबंधित जिलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध शराब का कारोबार नहीं होना चाहिए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। हाल ही में भोपाल, धार, ग्वालियर एवं रायसेन में की गई शराब जब्ती की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए बिना परमिट शराब के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी तय लक्ष्य को पूरा करें।

### शराब की दुकानों की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा शराब की दुकानों से संबंधित जो शिकायत प्राप्त होती है उसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिम्मेदारी, इच्छाशक्ति एवं मजबूती से कार्य करें। वहीं उन्होंने जहरीली शराब की घटनाओं पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी जिले में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो। यदि ऐसी कोई घटना सामने आती है तो संबंधित जिला आबकारी अधिकारी पूर्णतः जिम्मेदार होंगे। विभाग में लंबित विभागीय जांचों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता एवं संभागीय उड़नदस्तों को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए।

#### कोलार में 70 साल के बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट किया, अकाउंट में सिर्फ 18 हजार छोड़े

## खुद को सीबीआई का सब इंस्पेक्टर बताकर एमपीईबी से रिटायर्ड कर्मचारी से ठग लिए तीन लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सीरडीपुरम में एमपीईबी से रिटायर्ड कर्मचारी को साइबर जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। जालसाजों ने खुद को सीबीआई का सब इंस्पेक्टर बताया और कहा आपके मोबाइल नंबर से फ्रॉड हुआ है। जल्द ही सीबीआई आपको गिरफ्तार करने पहुंच जाएगी। आप सीबीआई की नजर पर है। वे डर गए और गिरफ्तारी से बचने का उपाय पूछने लगे। साइबर जालसाजों ने उन्हें तीन लाख रुपए देकर प्रकरण से मुक्त होने का कहा था। इसके बाद तीन लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से खाते में डलवा लिए। रुपए देने के बाद जब उन्हें लगा कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है तो वह बेटे के साथ थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**खास बातें**

- साइबर जालसाज ने कहा-आपके मोबाइल नंबर से फ्रॉड हुआ है
- बुजुर्ग डर गए और आरोपियों से गिरफ्तारी से बचने का उपाय पूछने लगे
- ठगों ने तीन लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से अपने खाते में डलवा लिए

### बुजुर्ग ने परिचितों को घटना की जानकारी दी



पुलिस के अनुसार जगन्नाथ राठौर (70) सीरडीपुरम में रहते हैं और एमपीईबी से रिटायर्ड हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 7 जनवरी की सुबह उनके पास वाट्सएप कॉल आया। कॉलर ने उन्हें मैं सीबीआई का सब इंस्पेक्टर बोल रहा हूं। आपके मोबाइल नंबर का धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया गया है। गंभीर प्रकरण होने के कारण आपकी गिरफ्तारी की जाएगी। जगन्नाथ डर गए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनके मोबाइल नंबर से क्या हुआ है। कॉलर ने उनसे पूछा था कि खाते में कितने रुपए है। उन्होंने बताया कि तीन लाख 18 हजार रुपए खाते हैं। कॉलर ने कहा कि यदि गिरफ्तारी से बचना है तो तीन लाख रुपए बताए गए अकाउंट नंबर आरटीजीएस करा दो। बाकि के 18 हजार रुपए अपने खर्च के लिए रख लो। जगन्नाथ ने डर के कारण तीन लाख रुपए आरटीजीएस करा दिए। बाद में उन्होंने अपने परिचितों को घटना की जानकारी दी। परिचितों ने उन्हें बताया कि आजकल सायबर फ्रॉड इसी तरह से हो रहा है। तब जाकर जगन्नाथ राठौर को पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है।

### टेलीग्राम पर लिंक भेजकर दो युवतियों से पांच लाख रुपए की ठगी

पिपलानी और बैरागढ़ में टेली ग्राम पर लिंक भेजकर ऑनलाइन जॉब के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर जालसाज ने ऑनलाइन लिंक भेजी थी और कहा था कि गूगल रेटिंग का काम करना है। इसके बाद उनके खाते से रकम हड़प ली। पिपलानी पुलिस ने बताया कि शिखा मायाराणा भट्ट (27) अवधपुरी एक्सटेंशन में रहती है और कॉलेज में पढ़ाई करती है। उनके पिता की पिपलानी इलाके में डेयरी है। वह डेयरी पर लेनदेन का काम खुद करती है। मायाराणा ने पुलिस को बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर किसी ने ग्रुप पर जोड़ा था और आनलाइन जॉब में अच्छी इनकम कमाने का कहा। इसके बाद लिंक भेजी। उन्हें गूगल रेटिंग काम दिया गया। बाद में निवेश के नाम पर डेढ़ लाख रुपए ले लिए गए। मायानारायण ने अपनी रुपए वापस मांगे तो जालसाज ने कहा कि एक लाख रुपए खाते में जमा करवा दो तो पूरा पैमेंट आपके अकाउंट में पहुंच जाएगा। विश्वास में आकर मायानारायण भट्ट ने जालसाज के बताए खाते में एक लाख रुपए अतिरिक्त चेक के माध्यम से जमा कर दिए। बाद में उन्हें पता चला कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है तो साइबर क्राइम की हेल्पलाइन पर शिकायत की। इसी तरह की एक अन्य घटना बैरागढ़ में रहने वाली कृतिका के साथ हुई। उन्हें भी टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा गया और वर्कफ्रॉम होम का कहकर गूगल रेटिंग का काम देकर ढाई लाख रुपए की रकम उनके खाते से उड़ा दी।

### रिजर्व बैंक कर्मचारी को लिंक भेजकर ठगी

साइबर जालसाज ने रिजर्व बैंक के कर्मचारी ई-चालान की लिंक भेजकर 2 लाख 65 हजार रुपए की चपत लगा दी। जानकारी के अनुसार गौरव त्रिपाठी (33) बावड़ियां कलां में रहते हैं और रिजर्व बैंक में नौकरी करते हैं। गत 6 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक लिंक आई। लिंक ई चालान की थी। उन्होंने लिंक ओपन की और कुछ डिटेल डाली। डिटेल डालते ही उनके खाते से दो बार में 2 लाख 65 हजार रुपए कट गए। उन्होंने घटना की शिकायत साइबर क्राइम की हेल्पलाइन पर की थी। वहां एफआईआर होने के बाद एमपी नगर थाने ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### नगर निगम के विरुद्ध प्रस्तुत अपील खारिज

**भोपाल।** मकान को तोड़ने के संबंध में दिए गए नोटिस को अवैध एवं शून्य बताते हुए नगर निगम को कार्रवाई करने से रोके जाने को लेकर प्रस्तुत अपील को नवम जिला न्यायाधीश आशुतोष शुक्ला ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। छोटी बी के उत्तराधिकारी अलमास एवं दानिश द्वारा का पुरानी अदालत के सामने बारामहल शाहजहांनाबाद में 3400 वर्गफिट का मकान है। नगर निगम द्वारा उन्हें 25 मई 2008 एवं जून 2008 को मकान को तोड़ने के संबंध में नोटिस दिया गया है। उन्होंने नगर निगम को कार्रवाई करने से रोके जाने की प्रार्थना की थी। नगर निगम के विधि सलाहकार संजय गुप्ता ने न्यायाधीश को बताया गया कि उपरोक्त मकान खसरा क्रं 64 पर दर्ज है। खसरा क्रं 64 म्युनिसिपल बोर्ड की संपत्ति है। उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए हैं एवं जो उनके पास जयपत्र है,उसमें निगम पक्षकार नहीं है। इस कारण वह बंधनकारी नहीं है। प्रकरण की सुनवाई के बाद नवम जिला न्यायाधीश ने अपील को निरस्त कर दिया।

#### सड़क से गुजर रहा युवक चपेट में आया

## छोला मंदिर भानपुर पुलिस चौकी के पास ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर चौकी के सामने शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक अत्यधिक नशे में था और सड़क से गुजर रहा था। एकाएक वह ट्रक के दोनों टायर के बीच गिर गया। चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 29 साल का अमन साहू, लाल कोठी छोला मंदिर में रहता था। अमन साहू प्राइवेट काम करता था और शराब पीने का आदी था। शुक्रवार सुबह से ही वह नशे में इलाके में घूम रहा था।

शाम करीब 8:30 बजे भानपुर पुलिस चौकी के पास वहां से सीमेंट से भरा ट्रक काफी कम रफ्तार में गुजर रहा था। इसी ट्रक के दोनों टायर के बीच अमन साहू गिर गया। हादसे की जानकारी मिलते ही सामने चौकी से पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक हटवाते हुए अमन को बाहर निकाला। उसकी सांसे चल रही थी। लिहाजा उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अमन साहू को घोषित कर दिया।

### चौकी के पास महिला का हंगामा

हादसे के बाद भानपुर चौकी से कुछ दूरी पर एक महिला ने कुछ लोगों के साथ मिलकर हंगामा शुरू कर दिया। महिला का कहना था कि पुलिस यहां रोज चेकिंग पॉइंट लगाती है, जिससे लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। इधर पुलिस का कहना है कि चेकिंग पॉइंट लगने से गाड़ियां काम रफ्तार से निकलती है। इसे हादसों पर विराम लगा है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार रात जो हादसा हुआ उसमें अमन साहू पैदल था और पैदल आने जाने वालों को पुलिस नहीं रोकती। केवल बिना हेलमेट और तीन सवारी सहित पुराने वाहनों को पुलिस रोक कर रूटीन चेकिंग करती है।

## सोहागपुर में लोकायुक्त ने की कार्रवाई: बैंक शाखा प्रबंधक 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकारी समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी से जुड़े भुगतान के बदले रिश्वत मांगने वाले जिला सहकारी बैंक मर्यादित सोहागपुर के शाखा प्रबंधक को लोकायुक्त पुलिस ने रंगेहाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त भोपाल की टीम ने गुरुवार को बैंक परिसर में ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता कैलाश कुशवाह की आदिम जाति सहकारी समिति मर्यादित सोहागपुर के माध्यम से शासकीय समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी होती है। समिति और कर्मचारियों के वेतन तथा धान खरीदी की हम्माली राशि के भुगतान के लिए बैंक में चेक लगाए गए थे। आरोप है कि शाखा प्रबंधक प्रत्येक एक लाख रुपए के भुगतान पर 10 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहा था। फिलहाल करीब दो लाख रुपए के हम्माली भुगतान का चेक लंबित था, जिसके एवज में आरोपी ने 20 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। मामले की शिकायत लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल को की गई। गुरुवार को लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को बैंक परिसर में ही रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ लिया।

## सीएस अनुराग जैन ने प्रस्ताव लौटा कर पूछा सवाल रिटायर्ड जेडी को संविदा पर लाने की क्या जरूरत है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में ज्वॉइंट डायरेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुई सुनीता सिंह को संविदा नियुक्ति दिए जाने का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन को भेजी गई फाइल सीएस ने यह कहते हुए वापस लौटा दी है कि पहले बताएं कि इस संविदा नियुक्ति की जरुरत क्या है। टीएंडसीपी में ज्वॉइंट डायरेक्टर पर पर काम कर रही सुनीता सिंह पिछले महीने सेवानिवृत्त हो चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने उन्हें इस पद पर संविदा नियुक्ति देने के लिए प्रस्ताव तैयार किया था। विभाग ने इसे प्रशासनिक जरूरत बताते हुए प्रस्ताव तैयार किया था। विभाग की दलील थी कि भोपाल मास्टर प्लान का प्रकाशन बेहद अहम चरण में है और इस काम के लिए सुनीता सिंह का बना रहना जरूरी है। मास्टर प्लान का ड्राफ्ट सुनीता सिंह ने ही तैयार किया है और वही इसे अंतिम रूप देकर डायरेक्टर को सौंपेंगी।

### यह बना आधार

मुख्य सचिव अनुराग जैन के पास जैसे ही गोपनीय रिपोर्ट और अन्य यह प्रस्ताव पहुंचा। सीएस ने यह कहते हुए कि विभाग में और भी अफसर संविदा नियुक्ति के मामले हैं, जो मास्टर प्लान पर काम कर सकते हैं। ऐसे में ऐसे में संविदा नियुक्ति देने की जरूरत क्यों पहले से तैयारी करना जरूरी होता है।

## थैले में लेकर जा रहे करोड़ों रुपए के दुर्लभ सांप रेड सैंड बौआ को तस्करों के साथ वन विभाग ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंदसौर में वन विभाग ने दुर्लभ प्रजाति के रेड सैंड बोआ स्नेक की तस्करी के मामले में मध्यप्रदेश के तीन जिलों के तस्करों को पकड़ा है। इस दौरान एक आरोपी फरार हो गया है। वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से दुर्लभ रेड सैंड बोआ स्नेक की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। वन मंडलाधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि सूचना के आधार पर बताए गए हुलिए के अनुसार व्यक्तियों को हवाई पट्टी भालोट रोड़ के पास खेत में पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 1 रेड सैंड बोआ स्नेक मिला। मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। आरोपियों के नाम बद्रीलाल निवासी जेठाना तहसील पिपलौदा जिला रतलाम, नवीन जैन निवासी खानपुरा जिला मंदसौर और कौसर बेग निवासी रिसाला मस्जिद नीमच हैं।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3 करोड़ से ज्यादा कीमत

अंतरराष्ट्रीय बाजार में रेड सैंड बोआ स्नेक की कीमत 3 करोड़ रुपए से भी ज्यादा आंकी जाती है। कुछ देशों में इसे लकी स्नैक या गुड लक चार्म के रूप में देखा जाता है। इस सांप से जुड़ा एक अंधविश्वास भी है कि इससे धन-संपत्ति या सौभाग्य प्राप्त होता है। इसके साथ ही इसका इस्तेमाल सेक्स पावर बढ़ाने के लिए बनाई जाने वाली दवाओं में होना बताया जाता है।




## नई एसओआर पॉलिसी लागू न करने पर भड़के एमपीआरडीसी एमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग के जिलों और डिवीजन में पदस्थ अभियंताओं द्वारा छह माह पहले लागू की गई नई एसओआर (शेड्यूल ऑफ रेट) पॉलिसी को नजरअंदाज कर पुराने एसओआर के आधार पर काम कराए जाने पर सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की जानकारी मिलते ही एमपीआरडीसी के एमडी ने ऐसे अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि अब किसी भी हालत में पुराने एसओआर पर काम नहीं होना चाहिए। एमडी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की शिकायतें सामने नहीं आनी चाहिए।

### अनुमति मांगने पर नाराज हुए एमडी

बैठक के दौरान जब कुछ जिलों और डिवीजन के इंजीनियरों ने पुराने एसओआर के आधार पर काम कराने की अनुमति मांगी, तो एमडी यादव ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब नई एसओआर पॉलिसी छह माह पहले ही लागू हो चुकी है, तो पुराने दरों पर काम कराने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि सभी कार्य नई एसओआर के अनुसार ही कराए।

#### पंजीयन अफसर कर रहे प्रस्ताव तैयार

### नई कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्ताव में शामिल होंगी नई लोकेशन

## अयोध्या बायपास, बैरसिया और इंदौर रोड बने नए प्रॉपर्टी हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में दिसंबर में हुई अच्छी रजिस्ट्री की तादाद को देखते हुए पंजीयन विभाग इस बार भी प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत शहर में अयोध्या बाइपास, बैरसिया रोड, इंदौर रोड पर लगातार हायर रेट में रजिस्ट्रियां की जा रही हैं।

इन क्षेत्रों में कई प्रोजेक्ट, कॉलोनियों काटी गईं हैं। जिसमें अच्छी रजिस्ट्री हो रही हैं। जिससे इन जगहों को मौजूदा कलेक्टर गाइडलाइन के प्रस्ताव में शामिल किया है। उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। वर्तमान में एक हजार से ज्यादा लोकेशन पर अच्छी दरों पर रजिस्ट्री हुई हैं, जिसमें से लोकेशनों को छांटा गया है। पिछले एक साल में हुई रजिस्ट्रियों की पड़ताल करने पर



पता चला कि भोपाल इंदौर रोड पर काटी कई कॉलोनी और हाल में बसे बाजार में अच्छी रजिस्ट्री हो रही हैं। अयोध्या बायपास रोड पर सिक्स लेन बनाने की घोषणा हुई है, जिससे इस क्षेत्र में काफी खरीद फरोख्त बढ़ी है। भोपाल बैरसिया रोड के लांबाखेड़ा से बैरसिया तक प्रॉपर्टी में अच्छा बूम देखने को मिल रहा है। इसी तरह नीलबड़ में ग्रोथ देखने को मिली है, शहर में हाल में बनी नई सर्विस रोड से बावड़िया कलां, बाग सेवनिया, कटारा, कोलार क्षेत्र में भी काफी नए प्रॉजेक्ट और प्लॉटों की रजिस्ट्री हुई हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930